# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 27 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-131 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### जहानाबाद में STF जवान की मौत

**जहानाबाद।** एसटीएफ जवान की गोली लगने से मौते हो जाने की घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। घटना घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चीरी गांव में देर शाम हुई। ड्यूटी पर तैनात जवान के साथ यह दुखद हादसा हो गया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.मृतक की जवान की पहचान 30 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है। वे नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव के निवासी थे. एसटीएफ में तैनात धीरज कुमार घोसी-हुलासगंज मार्ग के ग्रामीण इलाकों में ड्यूटी पर थे, जब यह घटना घटी. घायल अवस्था में उन्हें तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया।

### मप्र में आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के बैहर और गढ़ी थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम बदलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। अलग-अलग गांवों में हुई इस घटना में आठ अन्य लोग घायल हुए है। घायलों में से दो की हालत बेहद गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली बड़ी घटना बालाघाट जिले के बैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरवा हवाई पट्टी के पास भमोड़ी वन विभाग कैंप में हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।

### महेश दीक्षित नए आईबी चीफ तपन डेका की जगह लेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित को देश की आंतरिक खुफिया एजेंसी का नया चीफ नियुक्त किया है। वे 30 जून को कार्यकाल पूरा कर रहे तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने महेश को दो साल के लिए आईबी डायरेक्टर नियुक्त किया है।महेश दीक्षित 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल आईबी में स्पेशल डायरेक्टर और एजेंसी के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे।इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सब्सिडियरी इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख रह चुके हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के 6 जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3डी वॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में 16 गोल ग्रेनाइट की दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं।

# चंपत राय और अनिल मिश्रा ने दिया इस्तीफा

## राम मंदिर चढ़ावा विवाद : दान चोरी विवाद के बीच छोड़ा राम मंदिर ट्रस्ट




**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर के दान चोरी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े 2 पदाधिकारियों के इस्तीफे की जानकारी सामने आई है। सूत्रों की माने तो राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट से जुड़े अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है. वहीं, गोपाल राय ने भी खुद को इससे अलग कर लिया है. हालांकि, वह राम मंदिर के ट्रस्ट में किसी पद पर नहीं हैं।

गौरतलब है, राम मंदिर चढ़ावा चोरी

**मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से किया गया बाहर**

मामले की जांच के दायरे को विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने बढ़ाए जाने की मांग की थी. उन्होंने कहा कि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ भी जांच हों, ये लोग जांच से बाहर नहीं हैं।

वहीं विपक्ष भी लगातार सवाल कर रहा था कि आखिर चंपत राय पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है. उनसे इस्तीफा क्यों नहीं मांगा जा रहा है. इस बीच, चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे की खबर सामने आना बहुत बड़ी बात है.बताया जा रहा है कि वीएचपी और आरएसएस के दवाब में चंपत राय ने इस्तीफा दिया है. हालांकि, ट्रस्ट की एक बैठक नृत्य गोपालदास के घर पर हुई थी. इस दौरान चंपत राय और अनिल मिश्रा से इस्तीफा मांगा गया. इस पर दोनों ने इस्तीफा दे दिया. इससे पहले, राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव और मनीष यादव पर नामजद ऋ्रक्रदर्ज कराई गई. इन सभी पर चोरी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड़यंत्र समेत विभिन्न आरोपों के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, सभी 8 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों से पूछताछ चल रही है।

### एसआईटी ने 23 जून को रिपोर्ट सौंपी, 2 दिन बाद गिरफ्तारी

गौरतलब है कि चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, मैंने 19 जून को अयोध्या के दौरे पर कहा था, जन आस्था के साथ खिलवाड़ न हो। अयोध्या हम सबकी आस्था की प्रतीक है। अयोध्या पर आक्षेप मत करो, श्रीराम की मयार्दा का पालन करना सीखो।

# सद्गुरु का बिहार दौरा : पटना के बापू सभागार में आज करेंगे जनसंवाद

**पटना (एनएसबी)।** सद्गुरु जगी वासुदेव, ईशा फाउंडेशन के संस्थापक, शुक्रवार को पहली बार बिहार दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। उनका यह तीन दिवसीय दौरा 28 जून तक चलेगा। इस दौरान वे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और कृषि, पर्यावरण, शिक्षा, युवा विकास व आध्यात्मिकता जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

27 जून को दोपहर में गांधी मैदान के समीप बापू सभागार में विशाल जनसंवाद का आयोजन होगा। सद्गुरु हजारों लोगों को संबोधित करेंगे और जनता के प्रश्नों का सीधा जवाब देंगे। यह कार्यक्रम आम जनता के लिए खुला रहेगा। वहीं 28 जून को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सद्गुरु तमिलनाडु के लिए



**कृषि, पर्यावरण, शिक्षा, युवा विकास व आध्यात्मिकता जैसे विभिन्न विषयों पर करेंगे चर्चा**

रवाना हो जाएंगे। यह सद्गुरु का बिहार का पहला आधिकारिक दौरा है। ईशा फाउंडेशन पहले से ही बिहार में कई सामाजिक व पर्यावरणीय परियोजनाओं में सक्रिय है। सद्गुरु की यात्रा के दौरान राज्य सरकार के साथ सहयोग बढ़ाने और बिहार के युवाओं को आध्यात्मिक व पर्यावरणीय जागरूकता से जोड़ने पर विशेष जोर रहने की उम्मीद है।अपने बिहार प्रवास के दौरान सद्गुरु बांसघाट स्थित आधुनिक शवदाह गृह का भी निरीक्षण कर सकते हैं। इस परियोजना को ईशा फाउंडेशन के सहयोग से विकसित किया गया है। फाउंडेशन ने यहां अंतिम संस्कार की व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से कई नई सुविधाएं उपलब्ध कराई है।बांसघाट को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां लगभग आठ फीट ऊंची काल भैरव की प्रतिमा स्थापित की जा रही है तथा काल भैरव मंडप का भी निर्माण कराया जाना है।

# नीतीश के विकास मॉडल को देश के अनेक राज्यों ने अपनाया : बिजेंद्र यादव

## जनसुनवाई में उपमुख्यमंत्री ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**पटना (एनएसबी)।** जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने पीएमसीएच के प्राचार्य के निलंबन के संबंध में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आगे भी एक्शन जारी रहेगी। वहीं भोजपुर की घटना पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। सरकार इस पूरे मामले को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है तथा जांच प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत उसके निष्कर्षों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन का एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसे देश के अनेक राज्यों ने अपनाया है। एनडीए सरकार न्याय के साथ विकास की अपनी प्रतिबद्धता पर निरंतर कार्य कर रही है।

# शिमला में पिकअप गहरी खाई में गिरी, छह की मौत

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के तहत तकलेच चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि उरमण के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अधिक ऊंचाई से गिरने की वजह से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद सभी शवों को खाई से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामला



दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पिकअप वाहन उरमण के पास अचानक नियंत्रण खो बैठा और गहरी खाई में गिर गया। फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान अभिषेक सनी (23), पुत्र नरसिंह सनी, निवासी गांव शरनाल, डाकघर काशापाट, तहसील रामपुर, जिला शिमला; लायक राम (56), पुत्र मागु राम, निवासी गांव पाठ, डाकघर काशापाट, तहसील रामपुर, जिला

### दरभंगा में सब-इंस्पेक्टर पर अपराधी ने चलाई गोली

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले जिले के ओझौल गांव में हुई हिंसक घटना में एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया और एक कथित अपराधी की भीड़ द्वारा हमले में मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। घायल

**आरोपी को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला**

पुलिसकर्मी की पहचान मोहम्मद मोबिन के रूप में हुई है। मोबिन पटना सिविल कोर्ट में तैनात थे और दो दिन पहले छुट्टी पर अपने गांव लौटे थे।उन्हें गोली लगी और दरभंगा के अल्लापत्ती इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुनील साहनी कथित तौर पर शुक्रवार तड़के लगभग 4:30 बजे अपने कुछ साथियों के साथ गांव लौटा। गांव वालों का आरोप है कि उसने मुहर्रम के उत्सव से पहले इमामबाड़े के पास लगाई गई सजावटी बत्तियों को तोड़ दिया।

# नशे से मुक्ती के लिए रूथलेस अप्रोच के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में अगले तीन साल बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार ने नशा मुक्त भारत के लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। अगले तीन सालों के लिए हमें नशे से मुक्ती के लिए रूथलेस अप्रोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

शाह ने राज्यों के पुलिस प्रमुखों और सचिवों के साथ बैठक में सामूहिक और संगठित प्रतिक्रिया तथा आधुनिक खुफिया सूचना आधारित कार्रवाई, प्रौद्योगिकी आधारित रणनीति तथा पूरे नेटवर्क को लक्ष्य बनाकर अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हाइब्रिड मोड में 44 केन्द्रीय मंत्रालयों



और विभागों के प्रमुख हितधारकों के साथ-साथ राज्य सरकारों और ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान गृह मंत्री ने ह्यमादक पदार्थ नियंत्रण पर विजन डॉक्यूमेंट (2026-2029) जारी किया। साथ ही शाह ने एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट - 2025 जारी की और जम्मू एवं गुवाहाटी में नवनिर्मित एनसीबी आंचलिक कार्यालयों का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थतंत्र सुरक्षा और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के कारोबार पर संपूर्ण विजय जरुरी है। भारत नशे के कारोबार से जुड़े डेथ ट्रायंगल (म्यांमार, थाईलैंड और लाओस) और डेथ क्रिसन (अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान) के बीच स्थित है। इसके अलावा ड्रोन आधारित ड्रॉप्स, समुद्री मार्गों से कंटेनराइज कारगो, डार्क नेट, क्रिप्टो पेमेंट और ऑर्डर टू डिलीवरी मॉडल पार्सलों का उपयोग जैसे तरीकों से ड्रग के कारोबारियों के खिलाफ हमारी लड़ाई कठिन हो गई है। गृह मंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ हमारी लड़ाई समान्य नहीं होनी चाहिए। नार्को अपराधी आज टेक्नोलॉजी से सक्षम हैं। वह नेटवर्क आधारित बन चुके हैं और मल्टी डोमेन अपराध के रूप में भी आज हमारे सामने खड़े हैं। ये सभी चीजें ये लड़ाई को और कठिन बनाती है। इसी संदर्भ में उन्होंने ह्यरूथलेस अप्रोचह्न की बात कही।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामला

### पुलिसकर्मी आशीष की नौकरी पर गिरी गाज

**आरा (एनएसबी)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर चल रहे तनाव के बीच पुलिस विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। महापंचायत में भावुक भाषण देकर चर्चा में आए बिहार पुलिस के सिपाही आशीष तिवारी की नौकरी अब खतरे में पड़ गई है। पुलिस मुख्यालय ने उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है और बर्खास्तगी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। 24 जून को बिलौटी गांव में आयोजित सर्व समाज महापंचायत में आशीष तिवारी मंच पर पहुंचे और भरत तिवारी के परिवार के प्रति न्याय की मांग को लेकर गरजे। उन्होंने दावा किया कि वे भरत भूषण तिवारी के चचेरे भाई हैं। आशीष ने कहा, अगर एक हफ्ते के अंदर न्याय नहीं मिला तो मैं पुलिस की नौकरी छोड़ दूंगा और बड़ा आंदोलन करूंगा। मैं दूसरा भरत तिवारी बन जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि बिना अनुमति के किसी सिपाही को गोली चलाने की औकात नहीं है।

## उच्च शिक्षा की तैयारी को लेकर राज्यपाल व सीएम में बनी सहमति

# राज्य में बनेगा नया विवि अधिनियम

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए एक नया कानून लाया जाएगा। यह नया कानून दूसरे राज्यों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सबसे बेहतरीन प्रणालियों पर आधारित होगा. पटना के लोक भवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्यपाल सय्यद अता हसनैन की अध्यक्षता में हुई एक हाईलेवल बैठक में इस पर सहमति बनी. लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री संजय टाइगर भी मौजूद रहे. बैठक में यूनिवर्सिटी के पठन-पाठन, एडमिशन, बहाली, वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए कई अहम फैसले लिए गए.

बिहार सरकार उच्च शिक्षा के नियामकीय ढांचे को सरल, आधुनिक और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अन्य राज्यों तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं के आधार पर नया विश्वविद्यालय अधिनियम (यूनिवर्सिटी एक्ट) लागू करने की



### 211 नए कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की संविदा पर बहाली

बैठक में रोजगार और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को लेकर भी बड़ा निर्णय हुआ है. बिहार में खुले 211 नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई को सुचारू रूप से चलाने के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जाएगी. यह नियुक्तियां केंद्रीयकृत तरीके से कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर की जाएंगी. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाई जाए जिससे बिहार के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े।

तैयारी कर रही है। राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, उच्च शिक्षा के नियामकीय ढांचे में सुधार के लिए 15 राज्यों के विश्वविद्यालय अधिनियमों का अध्ययन कर एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने तथा उपयुक्त प्रावधानों को नए विश्वविद्यालय अधिनियम में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

### नालंदा में JDU नेता के पिता की हत्या

**नालंदा (एनएसबी)।** नालंदा निवासी और दिल्ली जदयू के प्रदेश महासचिव नीतीश कुमार के पिता भूषण सिंह की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है. यह वारदात पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत भदौर थाना क्षेत्र में घटित हुई है. वह मूल रूप से नालंदा के गोविंदपुर गांव के निवासी थे और वर्तमान में यहां रहकर खेती करते थे. नीतीश कुमार के अनुसार उनके पिता भूषण सिंह रोजाना की तरह गुरुवार शाम दूध सेंटर पर दूध देने गए थे. रात नौ बजे तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. उनका फोन भी रिसीव नहीं हो रहा था. इसके बाद दिल्ली जा रहे पुत्र नीतीश कुमार ने गांव के कुछ लड़कों को भेजा, जिन्होंने बरूआने गड्ढ़े में भूषण सिंह का शव बरामद किया। पुत्र के मुताबिक भूषण सिंह के शरीर पर गोली के निशान पाए गए हैं और उनके गले में गमछे का फंदा लगा हुआ था. हत्यारों ने हत्या करने के बाद शव को घसीटकर गड्ढे में फेंक दिया था. इस खौफनाक वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है।

# जांच के लिए ईओयू ने गठित की 12 सदस्यीय एसआईटी

## नीट पुनर्परीक्षा मामला

**पटना (एनएसबी)।** नीट पुनर्परीक्षा मामले में लखीसराय में दर्ज तीन मामलों की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) का गठन किया है। 12 सदस्यीय इस एसआईटी का नेतृत्व डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे।सूत्रों के अनुसार जांच दल में एक एसपी, पांच डीएसपी और पांच इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया है। एसआईटी लखीसराय के किऊल और कवैया थाना में दर्ज नीट पुनर्परीक्षा से संबंधित तीनों मामलों को टेकओवर कर उनकी विस्तृत जांच करेगी। जांच शुरू करने से पहले एसआईटी ने लखीसराय में दर्ज एफआईआर और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान जांच से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।ईओयू की टीम मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर यह पता लगाएगी कि पुनर्परीक्षा से जुड़े प्रकरण में किन-किन लोगों की भूमिका रही है और कहीं किसी प्रकार की अनियमितता या साजिश तो नहीं हुई।




### लखीसराय के तीनों केस टेकओवर कर चुकी है ईओयू

21 जून नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा हुई थी। उस दिन लखीसराय जिले में तीन सेंटर पर फजीर्वाड़ा हुआ था। दूसरे कैंडिडेट्स की जगह पर एग्जाम देने पहुंचे 9 सॉल्वर पकड़े गए थे। साथ में अपनी जगह सॉल्वर बैठाने वाला एक मेन कैंडिडेट भी गिरफ्तार हुआ था। इन सब के अलावा एग्जामिनेशन सेंटर पर एनटीए की तरफ से बायोमैट्रिक सिस्टम का ठेका जिस कंपनी को दिया गया था, सॉल्वर के साथ सांठगांठ के आरोप में 18 लोगों को पकड़ा गया था।

## खबरें : एक नजर में

### पटना में 27 जून को होगी सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल चयन प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुनी जाएंगी टीमें

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन पटना द्वारा पटना जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून 2026 को पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में किया जाएगा। चयनित टीमें जुलाई में होने वाली राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबल प्रतियोगिता में पटना जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह जानकारी पटना के जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी विद्यालय टीमों के लिए प्रतियोगिता के पूर्व पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय पहचान पत्र तथा निर्धारित प्रपत्र में योग्यता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। आयु सीमा के अनुसार अंडर-15 वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी 2012 या उसके बाद तथा अंडर-17 वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी 2010 या उसके बाद होनी चाहिए। सभी खिलाड़ी एक ही विद्यालय के छात्र होना अनिवार्य है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबल प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक मुंगेर में अंडर-15 बालक वर्ग की, जबकि किशनगंज में अंडर-17 बालक वर्ग तथा समस्तीपुर में अंडर-17 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### इस वर्ष अब तक 4 मेलों के लिए 8.24 करोड़ रुपये आवंटित, श्रावणी मेला पर खर्च होंगे 2.75 करोड़ से अधिक राशि

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण मेलों के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अलग से राशि आवंटित करता है। इस वर्ष अब तक आयोजित हुए 4 मेलों के लिए 8 करोड़ 24 लाख रुपये आवंटित हो चुके हैं। इनमें खास महत्व रखने वाले एक मेला श्रावणी मेला की तैयारी के लिए 2.75 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित कर दी गई है। इसके आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। यह राशि उन जिलों को आवंटित की गई है, जहां मेले का आयोजन होने वाले हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुसार राज्य में आयोजित हुए जिन 4 महत्वपूर्ण मेलों के लिए अब तक राशि आवंटित हो चुकी है, उनमें राजगीर मलमास मेला के लिए 4 करोड़ 85 लाख रुपये, दरभंगा में आयोजित हुए वीर लौरिक मेला और रामनवमी मेला के लिए भी अलग से राशि दी गई है। राज्यभर में प्रत्येक वर्ष करीब चार दर्जन मेलों का आयोजन होता है।

# पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा नरेन्द्र प्रताप सिंह और स्वास्थ्य विभाग आमने-सामने

### डा सिंह के प्रेस संबोधन के बाद विभाग ने जारी किया प्रतिवेदन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ने जहां अपने विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर विभाग और अधिकारियों को सवालों के घेरे में कर दिया है वहीं विभाग ने डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिसूचित प्राध्यापक, मनोरोग विभाग, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया द्वारा -26 जून को किये गये प्रेस कान्फ्रेंस के संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन जारी किया है।



निशांत कुमार।



डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह।

विभाग के मुताबिक डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस में कहा गया है कि 23 जून को स्वास्थ्य मंत्री का पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना में निर्धारित कार्यक्रम की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, जबकि अधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना के द्वारा 22 जून को लगभग सात बजे अपराहन में ही डा सिंह से मोबाईल पर बातचीत कर सूचना दे दी गई थी।

डा सिंह से मोबाईल पर बातचीत के क्रम में अधीक्षक के द्वारा डा सिंह को सूचित किया गया था कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत अधीक्षक के द्वारा किया जायेगा एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य के द्वारा किया जायेगा तथा प्राचार्य द्वारा इस पर अपनी सहमति भी दी गई थी।

डा सिंह के द्वारा छुट्टी के संबंध में कहा गया है कि उनके पुत्र के द्वारा विभागीय सचिव, अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी को सूचना दी गई थी, जबकि डा सिंह द्वारा जलने से संबंधित सूचना कार्यक्रम के समाप्त हो जाने के घंटों बाद दी गई थी। जिससे स्पष्ट है कि मीडिया में खबर आने के बाद डा सिंह द्वारा अपने बचाव में उक्त सूचना सभी को दी गई।

डा सिंह के कार्यक्रम से अनुपस्थित रहने के संबंध में सर्वप्रथम छद्म मरीज भेजकर इनके अपने निजी क्लिनिक में उपलब्ध रहने की जानकारी प्राप्त होने के उपरांत विभाग स्तर एवं जिला पदाधिकारी, पटना के स्तर से जाँच कराई गई।

जाँच के क्रम में पाया गया कि प्राचार्य, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना का सरकारी वाहन डा सिंह के निजी क्लिनिक के बाहर खड़ी है। क्लिनिक से निकलने वाले मरीजों के द्वारा बताया गया कि वे अभी थोडी देर पहले डा नरेन्द्र प्रताप सिंह से ईलाज कराकर निकले हैं, जबकि डा सिंह के द्वारा कहा गया है कि वे जल गये हैं एवं मोबाईल पर बातचीत करने में तत्समय असमर्थ थे।

क्लिनिक के अंदर प्रवेश कर पूछे जाने पर उपस्थित कम्पांउडर द्वारा बताया गया कि डा सिंह शाम में सात बजे से मरीज देखेंगे, यदि मरीज को कल दिखाना है तो सुबह 9 बजे से 10 बजे, दोपहर में 2 बजे से 3 बजे एवं शाम में 7 बजे से 9 बजे तक मिलेंगे। इससे स्पष्ट है कि डा सिंह कार्यालय अवधि में भी अपने निजी क्लिनिक में मरीजों को देखा करते हैं।

उपर्युक्त के आलोक में प्रथम दृष्टतया अपने कार्यो के प्रति लापरवाही, कर्तव्यहीनता, सरकारी संसाधनों का दुरूपयोग एवं अनाधिकृत अनुपस्थित पाते हुए डा सिंह को प्राचार्य के पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए प्राध्यापक, मनोरोग विभाग, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया में पदस्थापन किया गया है, जो केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया स्थानांतरण है तथा यह दंड की श्रेणी में नहीं आता है।

पुनः इनके द्वारा अपने अनाधित अनुपस्थिति के संबंध में विभाग को कोई अभ्यावेदन न देकर सीधे प्रेस कान्फ्रेंस किया गया। डा सिंह का यह आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली में निर्धारित प्रावधानों के प्रतिकूल है।

उक्त के संबंध में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन से उच्चस्तरीय जाँच कमिटी गठित कर डा सिंह का पक्ष प्राप्त करते हुए विहित प्रक्रिया का पालन कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। विभाग की स्पष्ट नीति है कि कर्तव्यहीनता तथा अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार योग्य नहीं है तथा दोषियों को चिन्हित कर विहित प्रक्रिया के तहत समुचित कार्रवाई की जायेगी।

## तकनीकी शिक्षा को उद्योग, अनुसंधान और रोजगार से जोड़ने की दिशा में बिहार का बड़ा कदम : हिमराज




हिमराज राम।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार एवं मीडिया पैनलिस्ट डा. मधुरेंदु पांडे ने बिहार सरकार द्वारा राज्य के 38 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों को उन्नत बनाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल बिहार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाली साबित होगी। वर्तमान में राज्य के इन 84 तकनीकी संस्थानों में कुल 31,796 सीटें स्वीकृत हैं, जिनमें 14,553 इंजीनियरिंग तथा 17,243 पॉलिटेक्निक सीटें शामिल हैं। इन संस्थानों की उपलब्धियों, शैक्षणिक गुणवत्ता और प्लेसमेंट रिकार्ड का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने का निर्णय बिहार की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा। इससे न केवल बिहार के विद्यार्थियों को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि देश के अन्य राज्यों के छात्र भी बिहार के संस्थानों की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में जो मजबूत आधार आज दिखाई दे रहा है, वह नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच, शिक्षा के विस्तार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा.नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्रवाई के खिलाफ मोर्चा लिया, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, कहा- गलत हुआ, वीआरएस लूंगा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि और अस्पताल अधीक्षक डा. राजीव कुमार सिंह को दे दी थी । व्हाट्सएप पर जलने की जख्म दिखाकर जानकारी दी थी। वाबजूद उनके खिलाफ तानाशाही रवैया के तहत कार्रवाई की गई।

डा. नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, अभी के हालात में वह इस शासन व्यवस्था के साथ अपनी सेवा जारी रखना उचित नहीं समझते। उन्होंने सरकार से अपने अधिकार के तहत ऐच्छिक सेवा निवृत्ति प्रदान करने का आग्रह किया है।



डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह।

जैसा कि पता है कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पटना मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल डा. नरेंद्र प्रताप सिंह को उनके पद से हटा दिया है। आरोप है कि डा. सिंह 23 जून को बिना बताए ड्यूटी से गायब थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने फोन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई रिस्पान्स नहीं मिला। विभागीय जांच में पता चला कि डा. सिंह अपनी निजी क्लीनिक पर प्रैक्टिस कर रहे थे।

विभागीय कार्रवाई को गलत बताते हुए डा. नरेंद्र प्रताप सिंह ने सीएम से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि बड़े डॉक्टर्स की हित की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने सेवा निवृत्ति लेनी की इच्छा जताई है और इस कार्रवाई को जलन की राजनीति बताया है। आईएमए और विपक्ष को भी इस मामले में दखल देने की अपील की है।

मामले पर डा. नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, मैं सीएम से गुहार लगाता हूं कि कम से कम हमलोग जैसे समझदार और विद्वानों की हित की रक्षा करें। नीतीश कुमार से भी आग्रह करता हूं, उनके सुशासन में भी हमारे साथ ऐसे हुआ था। अभी फिर पूरा कुशासन बना दिया गया है। इस कुशासन का एग्जाम्पल मुझसे शुरू होता है। मैं इसका इतिहास लिखूंगा। जनता न्याय करेगी। मैं ऐसे शासन व्यवस्था के साथ अपनी सेवा नहीं देना चाहता हूं। मैं खुद से इस्तीफा देना चाहता हूं। वीआरएस लेना चाहता हूं।

उन्होंने ने कहा कि एक बड़ा डॉक्टर हूं, प्रैक्टिस करता हूं। मरीज हमारे आगे पीछे हमेशा रहेंगे। सरकारी गाड़ी भी रहेगी, जहां पिता का घर है। अगर इससे किसी को समस्या है तो मैं इसे जलन मानता हूं। उन्होंने कहा, मैं जल गया था, अचानक घटना हुई, मैं नहीं आ पाया।

इस समारोह की जानकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से नहीं दी गई। मैंने लगातार सचिव को कॉल किया। उनसे बात करने की कोशिश की। उन्होंने फोन नहीं उठाया। मंत्री जी हमसे बात नहीं करना चाहते, प्राइवेट सेक्रेटरी का फोन नहीं उठ रहा।

उन्होंने कहा मैं कोई चूहा तो नहीं जो बिल में घुस जाए। मैं क्यों डरूंगा। अगर मैं एक दिन अस्पताल नहीं आता तो क्या मैं इतना बड़ा प्रैक्टिशनर बन गया कि सरकारी गाड़ी लगाकार प्रैक्टिस करूंगा। अपने अस्पताल का संरक्षण नहीं करूंगा। ये बुद्धि मुझे इनसे लेनी होगी अब।

मुझे उम्मीद नहीं थी कि बिना मेरा पक्ष सुने, बिना वास्तविक परिस्थितियों को समझे और बिना किसी स्पष्टीकरण के इतनी बड़ी कार्रवाई कर दी जाएगी।

डा. नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब कोई व्यक्ति दुर्घटना के बाद दर्द से गुजर रहा हो तो उससे यह अपेक्षा करना कि वह लगातार फोन कॉल का जवाब देता रहे, व्यावहारिक नहीं है।

कोई व्यक्ति अचानक किसी दुर्घटना का शिकार हो जाए और दर्द के कारण अस्पताल नहीं पहुंच पाए, तो क्या उसे दोषी मान लिया जाएगा।

पूर्व प्राचार्य ने कहा, अस्पताल और कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए। अस्पताल की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने, चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने और संस्थान को नई दिशा देने के लिए मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया, लेकिन मेरे योगदान को नजरअंदाज कर दिया गया। जिस हालत में पीएमसीएच चल रहा है, उस हालत में तो इसे डिरेकगनाइज कर देना चाहिए था।

उन्होंने कहा, मैं ऐसे प्रशासनिक माहौल में अपनी सेवा समाप्त करना चाहता हूं, जहां किसी की पीड़ा, परिस्थिति और वर्षो की सेवा का सम्मान नहीं किया जाता।

## कौशल विकास योजना के तहत 9 वर्षों में 45 हजार से अधिक महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** समाज कल्याण विभाग के अधीन महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

इस कड़ी में निगम विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क या अनुदानित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है, जिससे महिलाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। पिछले 9 वर्षों में 45 हजार 481 महिलाओं को लेखा सहायक, सौंदर्य चिकित्सक, शेफ, इलेक्ट्रीशियन, स्पा थेरेपिस्ट, अटो रिक्शा चालक, ड्रोन आपरेटर, डिजिटल मित्र, हेयरड्रेसर, गृह स्वास्थ्य सहयोगी, मोबाइल रिपेयर, सिलाई मशीन अपरेटर, सोलर पीवी इंस्टलर समेत कई अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं को देखते हुए निगम ने उन्नत और तकनीकी आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शामिल किया है। इनमें ड्रोन टेक्नोलाजी, किसान ड्रोन अपरेटर, मल्टी रोटर ड्रोन ऑपरेटर, पेस्ट्री बेकरी असिस्टेंट तथा पेस्टिसाइड एवं फर्टिलाइजर एप्लिकेटर जैसे आधुनिक कोर्स शामिल हैं।

हाल ही में 16 और 17 मार्च 2026 को निगम की ओर से पहली बार महिला मेगा जब फेयर का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक महिलाओं को राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार मिला। मेले में 50 से ज्यादा कंपनियां शामिल हुईं, जिसने महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले।

इच्छुक महिलाएं अनलाईन या फोन नंबर के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ अथवा जानकारी ले सकती हैं।

अनलाइन पोर्टल : महिला एवं बाल विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। यहां स्कीम्स, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आवेदन संबंधी जानकारी उपलब्ध है।

बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन (बीएसडीएम) के सहयोग से चल रहे कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। निकटतम जिला कार्यालय या प्रशिक्षण केंद्र से भी संपर्क किया जा सकता है।

## सिवान के गोरियाकोठी में मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने शुक्रवार को सिवान जिला के गोरियाकोठी प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने एक वरिष्ठ पत्रकार धनंजय कुमार सिंह की लिखी पुस्तक का विमोचन किया। धनंजय कुमार सिंह गोरियाकोठी प्रखंड के दुधड़ा गांव के रहने वाले हैं और वर्तमान में नई दिल्ली स्थित नेशन न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों और नेताओं ने मंत्री महोदय का स्वागत भी किया।

इस मौके पर महाराजगंज विधायक हेमनारायण शाह, डा प्रभुनाथ शर्मा, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, डा मनु राय, दिलीप कुमार शर्मा, डा. सतीश चंद्र सिंह, डा. सीबी तिवारी, प्रो विजय शर्मा, पैक्स अध्यक्ष राघव प्रसाद राय, पिंटू सिंह, राम नरेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संतोष कुमार राय, अनुज तिवारी, रविंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता प्रिया रंजन सिंह, राजू कुमार सिंह, रतनलाल चौधरी, अवध प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## साहित्य के एकांतिक साधक और मनुष्यता के कवि थे डा दीनानाथ शरण : गंगा प्रसाद

### रामायण परिपथ बिहार के लेखक रवि संगम तथा विभारानी श्रीवास्तव को दिया गया स्मृति-सम्मान, डा शशि भूषण सिंह को सरस्वती श्री सम्मान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** साहित्य के एकांतिक साधक और मनुष्यता के कवि थे डा दीनानाथ शरण। उन्होंने नेपाल में हिन्दी के प्रचार में भी अत्यंत महवपूर्ण कार्य किए। त्रीभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू में हिन्दी-विभाग की स्थापना का सारा श्रेय भी शरण जी को जाता है। वे एक विद्वान समालोचक और लोकप्रिय प्राध्यापक थे। उनकी रचनाओं में, सत्य, न्याय और आदर्श जीवन के सभी तव हैं। उनकी लेखनी से मानवीय करुणा और समाज की पीड़ा की अभिव्यक्ति हुई है।

यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती एवं सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। इस अवसर पर उन्होंने बहुचर्चित पर्यटक डायरी और शोध पुस्तक रामायण परिपथ बिहार के लेखक रवि संगम को डा दीनानाथ शरण स्मृति सम्मान से तथा लेखिका विभारानी श्रीवास्तव को विदुषी शैलजा बाला स्मृति सम्मान से विभूषित किया। सम्मान स्वरूप दोनों हिन्दी-सेवियों को वंदन-वस्त्र और प्रशस्ति-चिन्ह सहित क्रमशः ग्यारह हजार रूपए एवं पाँच हजार एक सौ रूपए की सम्मान-राशि भी प्रदान की गयी। वरिष्ठ लेखक डा शशिभूषण सिंह को ब्रजेंद्र कुमार श्रीवास्तव स्मृति न्यास के सौजन्य से सरस्वती श्री सम्मान से विभूषित किया गया।



जयंती एवं सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद व अन्य।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, शरण जी की ख्याति उनके द्वारा प्रणीत आलोचना-ग्रंथ हिन्दी काव्य में छायावाद से हुई। वे नेपाली साहित्य का इतिहास लेखन तथा नेपाली कृतियों के हिन्दी अनुवाद के लिए भी सम्मान पूर्वक स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं, कविता, कहानी, संस्मरण, उपन्यास, ललित निबंध, भेंट-वार्ता तथा शोध-निबन्ध में भी अधिकार पूर्वक लिखा। डा सुलभ ने लेखिका निशा अमिताभ द्वारा किए गए आर्मेनियाई बाल कथाओं के हिन्दी अनुवाद आर्मेनियाई बाल कथाएँ का लोकार्पण भी किया ।

सम्मेलन के साहित्य मंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। अनेक देशों में भारतीय दूतावासों में अधिकारी रहे स्वर्गीय शरण के पुत्र शम्भु अमिताभ, पुत्री वंदना वीथिका, पुत्रवधु निशा अमिताभ, डा जंग बहादुर पाण्डेय, प्रेम खन्ना, प्रभात धवन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

डा दीनानाथ शरण स्मृति न्यास के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में एक भव्य कवि-सम्मेलन भी संपन्न हुआ, जिसमें वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, सुशील साहिल, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कवयित्री आराधना प्रसाद, डा पूनम आनन्द, मधुरेश नारायण, डा नागेश्वर शर्मा, डा मेहता नगेंद्र सिंह, कुमार अनुपम, मोईन गिरिडिहवी, डा समरेंद्र नारायण आर्य, डा प्रतिभा रानी, समरेंद्र नारायण आर्य, डा ओम प्रकाश जमुआर, मिथिलेश कुमार सिन्हा, सच्चिदानन्द शर्मा, संजयलाल चौधरी, इन्दुभूषण सहाय आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से समारोह को मधुमय बनाया।

इस अवसर पर कमल नयन श्रीवास्तव, डा राजेंद्र प्रसाद, नागेंद्र तिवारी, अविनाश नारायण लाल, डा कुंदन लोहानी, श्याम पतिराम, राजेश राज, श्याम मनोहर मिश्र आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पांडेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

## खबरें खास-खास

### पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर मार्गदर्शन लिया



पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात किया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया एवं बुके देकर स्वागत किया। राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का लिये संकल्प को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर रहे है। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं पर्यटन विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाओं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट कर किये है एवं उनका मार्गदर्शन एवं आवश्यक सुझाव प्राप्त किए।

### जलवायु अनुकूल स्वास्थ्य प्रणाली को अपनाए : रमेश कुमार

#### सीआरएचएस पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**बिहार शरीफ / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जलवायु परिवर्तन अनुकूल स्वास्थ्य प्रणाली विषयक स्वयंसेवी संगठनों नागरिक समाज संगठनों का परिसंवाद कार्यक्रम सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मिजीरियर जर्मनी के सौजन्य से घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ के तत्वावधान में नालंदा वन प्रमंडल ,अरण्य बिहार सिपाह के मिनी सभागार में किया गया । कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ (जीपीएसवीएस) के अध्यक्ष रमेश कुमार , वनो के क्षेत्रीय पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार शर्मा ,बिहारशरीफ प्रमंडल , शिक्षाविद् प्रो.अनिल कुमार गुप्ता ,सखी की पुष्पा पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।मौके पर अतिथि के रूप में वनो के क्षेत्रीय पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार शर्मा ने वृक्षारोपण पर बल देते हुए कहा कि धरा को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है । हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है ताकि हम सभी जलवायु परिवर्तन के होने वाले दुष्प्रभाव से बच सके जीपीएसवीएस के अध्यक्ष रमेश कुमार एवं संस्था की ओर से आए प्रशिक्षक ड़ा अजय झा ने विषय संबंधी विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संबंधी समस्याओं का स्वरूप अधिक गंभीर होते जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का दुष्प्रभाव झेलने को दुनिया मजबूर है ।जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले रोग जिसे क्लाइमेट सेंसेटिव डिजीज भी कहते है ।वायु प्रदूषण संबंधित रोग ,लू संबंधित रोग ,जल जनित बीमारियां ,एलर्जी चरम मौसमी घटनाओं से संबंधित स्वास्थ्य समस्या आदि क्लाइमेट सेंसेटिव डिजीज के अंतर्गत आते है ।कार्यक्रम मे प्रख्यात समाजसेवी ड़आशुतोष कुमार मानव ने वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण संबंधी जोरदार नारे लगाये ।समाजसेवी संजय भाई और शिक्षाविद् प्रो अनिल कुमार गुप्ता ने वृक्षारोपण पर विस्तृत बाते रखते हुए आम नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की । उमराव निर्मल , सीएचआरएस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत कुमार सिंह ,क्लस्टर कोर्डिनेटर सुनील कुमार, पर्यावरण स्वास्थ्य सहेली मोनी कुमारी ,सखी की ओर से पुष्पा पांडेय,संजय कुमार , बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य राकेश पासवान ,प्रतिमा कुमारी सहित विभिन्न नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियो ने अपनी बातें रखी । जलवायु परिवर्तन अनुकूलन हेतु साझा प्रयास के लिए सभी सिविल सोसाइटी अर्गेनाइजेशन के प्रमुख ने इसकी आवश्यकता पर बल दिया साथ ही नालंदा को सघन क्षेत्र के रूप में कार्य करने की जरूरत महसूस किये। रेंजर साहब ने वृक्ष दिवस मनाने के सुझाव दिये जिसे सर्वसम्मति से समर्थन किया गया ।जलवायु परिवर्तन अनुकूलन हेतु साझा प्रयास के लिए सभी प्रमुख ने इसकी आवश्यकता पर बल दिया साथ ही नालंदा को सघन क्षेत्र के रूप में कार्य करने की जरूरत महसूस किये। इस मुद्दे पर ठोस अभिक्रम करने के लिए समवेत सहमति व्यक्त की गई। रेंजर साहब ने वृक्ष दिवस मनाने के सुझाव दिये जिसे सर्वसम्मति से समर्थन देते हुए इसे नालंदा की धरती से ही शुभारंभ किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएफओ राजकुमार एम जी का सक्रिय सहयोग मिला ।धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी दीपक कुमार ने किया ।



परिसंवाद कार्यक्रम सह उन्मुखीकरण कार्यशाला ।

### राजद नेताओं ने कहा कि मोहर्रम त्याग, सब्र और इंसानियत का देता है पैगाम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकिय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता , शिवचन्द्र राम, इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव श्री रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब ,रिंकू यादव,प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद,ड उर्मिला ठाकुर सहित राजद परिवार के नेताओं ने कहा कि मोहर्रम त्याग, सब्र,और इंसानियत का पैगाम देता है। कर्बला की याद दिल में जिंदा रहे और इंसानियत का पैगाम हर दिल तक पहुंचे। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत हक और सच के लिए जुल्म के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है । नेताओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर मोहर्रम का पर्व मनाने की अपील की।

### सीए फैक्ट्री बन चुका जेनिथ कॉमर्स की ऐतिहासिक घोषणा, अब मात्र 101 रुपए में सीए कोर्स में नामांकन

**पटना/ रांची (दैनिक नवसंदेश)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस के पावन अवसर पर बिहार एवं झारखंड के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित कॉमर्स कोचिंग संस्थानों में से एक जेनिथ कॉमर्स एकेडमी ने विद्यार्थियों के हित में एक ऐतिहासिक घोषणा की है। संस्थान ने निर्णय लिया है कि सीए दिवस के अवसर पर सीए फाउंडेशन कोर्स में मात्र 101 रुपए के नामांकन शुल्क पर प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक डा. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस विशेष पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक बाधाओं से मुक्त कर उन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की आर्थिक स्थिति की मोहताज नहीं होती। हमारा प्रयास है कि हर योग्य विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन मिले। डा. सुनील कुमार सिंह देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम से प्रबंधन की शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं तथा उन्हें 25 वर्षो से अधिक का शिक्षण अनुभव है। इस दौरान वे 50,000 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन प्रदान कर चुके हैं। उनके निर्देशन में अनेक विद्यार्थियों ने सीए, सीएस, सीएमए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।



संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक डा. सुनील कुमार सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और लोककल्याण की भावना को मजबूत करता है महारूद्र यज्ञ : सुनील चौधरी

**भाजपा एमएलसी महारुद्र यज्ञ में हुए शामिल, क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद बेनीपुर के चौगमा, बसुहाम बहेड़ा भरथैया चट्टान में राधेश्याम बाबा की स्मृति में आयोजित महारुद्र यज्ञ में भाजपा विधान परिषद सदस्य सुनील चौधरी सम्मिलित हुए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच



विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और लोककल्याण की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पूज्य राधेश्याम बाबा को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए यज्ञ के सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा भगवान भोलेनाथ से सभी के सुखमय, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की।

### मैथिली साहित्य में श्री राधा' पुस्तक का विमोचन, विद्वानों ने बताया मैथिली साहित्य की महत्वपूर्ण कृति

**दरभंगा (एनएसबी)।** स्थानीय एमएलएसएम महाविद्यालय में शुक्रवार को डॉ. दीर्घनारायण कुमर द्वारा लिखित पुस्तक 'मैथिली साहित्य में श्री राधा' का लोकार्पण करते हुए कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. लक्ष्मी निवास पांडे ने कहा कि "शरणागत होने से ही जीवन दोषमुक्त होता है और राधा तत्व में नारायण भाव से डूबकर ही यह संभव है। मनीष कुमार ने पुस्तक एवं लेखक का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि हृदय कुमार झा ने लेखक को सौम्य, शांत, गंभीर एवं धीर व्यक्तित्व का



साहित्यकार बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप कुमार झा, डॉ. मंजर सुलेमान, लेखक डॉ. दीर्घनारायण कुमर ने अपने विचार व्यक्त किया। केवटी विधायक डॉ.मुरारी मोहन झा ने इसे न्याय क्षेत्र के कर्मियों के लिए गौरव का विषय बताया। बार एसोसिएशन दरभंगा के सचिव कृष्ण कुमार मिश्रा, अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त प्राध्यापक अमरेश झा तथा डॉ. शिशिर कुमार झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन तरुण कुमार झा ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान अमरीश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन ब्रजधर कुमर 'संटू' ने किया।

### तत्कालीन परिस्थितियों में आपातकाल एक संवैधानिक निर्णय था: मो. असलम


**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा नेताओं द्वारा आपातकाल पर दिए गए बयान पर बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि मो. असलम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इतिहास को आधा-अधूरा पढ़कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन परिस्थितियों में आपातकाल एक संवैधानिक निर्णय था। मो.असलम ने कहा कि आपातकाल की दुहाई देने वालों को बढ़ती बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, पेपर लीक, गिरती कानून-व्यवस्था, सामाजिक तनाव और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता जैसे मौजूदा मुद्दों पर भी जवाब देना चाहिए। लोकतंत्र अतीत पर राजनीति करने से नहीं, बल्कि वर्तमान में जनता के हितों की रक्षा करने से मजबूत होता है।

### पानी की बोतल को लेकर विवाद में युवक की मौत, चार पर एफआईआर, एक महिला गिरफ्तार

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पानी की बोतल को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। मामले में बहेड़ा थाने में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक गोलू कुमार साहू की मां पवित्री देवी के आवेदन पर गांव के ही प्रमोद साहू, ललिता देवी, प्रभात साहू और घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के संतोष साहू पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ललिता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### तैलिक साहु समाज के कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष ने डीएसपी सीमा कुमारी को किया सम्मानित

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** विधानसभा के कुशेश्वरस्थान प्रखंड अंतर्गत ब्रहमपुर गांव निवासी परमेश्वर साहु एवं शीला देवी कि पुत्री सीमा कुमारी ने 70 वीं बीपीएससी कि परिक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर डीएसपी बनी है। तैलिक साहु समाज के कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष राजू रमण भारती ने पाग चादर से सम्मानित किया। समाजसेवी कालेश्वर गुप्ता, कूशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के तिलकेशवर



पंचायत के वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि परमानंद साह, छोटे लाल साह,रामचलितर साह, अमरजित साह, प्रदीप साह, नंदलाल साह,बिभास पौद्दार सहित सैकड़ों साहु समाज ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दिया ।

### बेनीपुर में अज्ञात वाहन की ठोकर से व्यक्ति की मौत

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर-दरभंगा मुख्य पथ पर अनुमंडल मुख्यालय के समीप गुरुवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। अज्ञात वाहन की ठोकर से 55 वर्षीय ललन झा की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक बहेड़ा थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी स्व. बैधनाथ झा के पुत्र थे। देर रात अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के कुछ देर बाद मुहर्रम पर्व में शांति व्यवस्था का जायजा लेकर लौट रहे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बासुकीनाथ झा की नजर घायल पर पड़ी। उन्होंने तत्काल ललन झा को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों के अस्पताल पहुंचने से पहले ही ललन झा ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### प्रखंड क्षेत्रों मे ताजिया मिलान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ

**तारडीह (एनएसबी)।** त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्रों शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। वहीं प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर आज किया जाएगा। शुक्रवार को तजिया जुलूस निकालने के उपरांत गांव क्षेत्र का भ्रमण के बाद करबला मैदान पहुंच कर सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के महिया,ककोढ़ा,रही टोला,बैका,कटहारा,राजाखरवार,उजान आदि जगहों में मुहर्रम के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान या अली या हुसैन के नारों से पूरा करबला मैदान गुंजायमान रहा।युवक, बच्चे सभी काफी उत्साहित होकर जुलूस में शामिल थे। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ प्रीति कुमारी,सीओ दिलीप कुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते देखे गए। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने मुहर्रम को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया था।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान सहायक दारोगा को गोली मारने पर आरोपी की पीट पीटकर हत्या

**पटना में पदस्थापित सहायक दारोगा मुहर्रम मनाने आया हुआ था गांव**

**दरभंगा (एनएसबी)।** मोहर्रम के दौरान अखाड़ा की बत्ती बुझाने के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं पटना जिला में पदस्थापित सहायक दारोगा घायल हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार की अहले सुबह बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओझौल गांव में दो समुदाय के युवक में आपसी विवाद हो गई। विवाद के दौरान ओझौल गांव के रहने वाले दिलीप सहनी के पुत्र सुनील सहनी ने पटना जिला में पदस्थापित सहायक दारोगा 45 वर्षीय मोहम्मद मोबीन के पेट में गोली मार दी। उससे पहले भेपड़ लाइट पर भी गोली मार कर बत्ती बुता दी। स्थानीय लोगों के अनुसार चार युवक गांव में आए थे। सभी अपराधी प्रवृत्ति के लोग लग रहे थे। इन लोगों ने पहले बांध पर हीं हवाई फायरिंग की। उसके बाद गांव में आकर अखाड़ा के पास गोली चला दी। अखाड़ा सुनील सहनी के घर के बगल में ही है। गांव के आक्रोशित लोगों ने गोली चलाने वाले सुनील सहनी



मोहम्मद मोबीन सहायक दरोगा पटना



मृतक सुनील सहनी।

को लाठी डंडे से बुरी तरह पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सुनील अपराधी प्रवृत्ति का था। उस पर आधा दर्जन से अधिक बहादुरपुर सीतामढ़ी जिला के पुपरी थाना में मामला दर्ज है। सहायक दारोगा को पेट में गोली लगने के बाद गांव के लोग शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। सदर एसडीपीओ 1 राजीव कुमार ने बताया कि सहायक दरोगा पटना जिला के पुलिस बल में तैनात हैं। वह मोहर्रम पर्व मनाने के लिए गांव आए थे। उनके पेट में एक गोली लगी है। डॉक्टर के अनुसार वे खतरे से बाहर बताए जाते हैं। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।घटना स्थल से दो खोखा व खून से लटपट एक फरसा बरामद किया गया है। लेकिन रिवाल्वर बरामद नहीं हुआ है। सुनील के साथ आए तीन अन्य आरोपी बाइक से फरार हो गए। सुनील सहनी दूसरे समुदाय के एक लड़की से गांव में ही शादी किया था। लड़की को लेकर फरार हो गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार जब लड़की को पता चला कि सुनील अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तो उससे रिश्ता तोड़ ली। वह सीतामढ़ी जिला के पुपरी में अपनी नानी के घर रह रही थी। हालांकि लोग अनुमान लगा रहे हैं कि उसने दूसरी शादी कर ली है। सुनील को जैसे हीं पता चला उसकी पत्नी दूसरी शादी कर ली है तो पुपरी जाकर गोली मारी थी। गोली पत्नी के पेट में लगी थी। इलाज के बाद ठीक हो गई। सहायक दारोगा के पिता मोहम्मद इलियास भी पुलिस विभाग में दरोगा थे नौकरी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर उन्हें नौकरी मिली है। फिलहाल पटना जिले में सहायक दरोगा के पद पर तैनात है। घटना की सूचना मिलते ही मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार तिवारी, एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, एसडीपीओ 1 राजीव कुमार, बहादुरपुर थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार सहित कई पुलिस बल मौके पर पहुंचे। फिलहाल गांव में पुलिस कैंप कर रही है। सुनील सहनी के पिता सहित परिवार के सभी लोग बेगूसराय जिला के सिमरिया घाट पर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। वही लड़की के भी परिवार सीतामढ़ी जिला के पुपरी गांव में रह रहे हैं।

## मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की रही अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था

**डीएम एवं एसएसपी ने शहर के विभिन्न जगहों का लगातार किया निरीक्षण**



मोहर्रम को लेकर निरीक्षण करते डीएम एसएसपी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से दरभंगा टावर, नाका नंबर-05, कोतवाली थाना लहरिया सराय टावर, कादिराबाद, आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिये।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों एवं आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। सभी 515 से अधिक संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बलों प्रतिनियुक्ति कीगई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अपने स्थलों पर उपस्थित होकर लगातार विधि व्यवस्था का संधारण कर रहे हैं। जिला नियंत्रण कक्ष सभी स्थलों से लगातार संपर्क स्थापित कर विधि व्यवस्था साधारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल विधि व्यवस्था का संधारण कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी स्थलों पर हर्षोल्लास वातावरण में शांति पूर्ण ढंग से मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है। चप्पा चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात हैं ,चार स्तरीय दंडाधिकारी जुलूस पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए जिला प्रशासन चौकस है। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई ।इसके तहत सीसीटीवी कैमरा ,ड्रोन सिविल ड्रेस में पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।जिलाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक है। जिला प्रशासन का सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कि सभी लोग सुरक्षित वातावरण में पर्व संपन्न करें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जुलूस मार्ग सहित सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन के माध्यम से विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रत्येक गतिविधि पर प्रशासन की सतत और पैनी नजर है ।

साथ ही प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वाले और कानून को हाथ में लेने वालों असामाजिक तत्वों से शक्ति से निपटा जाएगा।

## एनएच 105 के नवीनीकरण निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू: डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**दिल्ली मोड़ से 15 किलोमीटर तक एनएच 105 का फोरलेन के रूप में होगा निर्माण**

**दरभंगा (एनएसबी)।** 286 करोड़ की लागत से दिल्ली मोड़ से केवटी के बनवारीपट्टी तक 15 किलोमीटर में एन एच 105 के फोरलेन में नवीनीकरण निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू किए जाने को लेकर एन एच के अधिकारयों तथा अभियंताओं के साथ शुक्रवार को स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर के बलभद्रपुर लहेरियासराय स्थित संसदीय कार्यालय कक्ष में एक समीक्षात्मक बैठक हुई जिसमें सांसद डा ठाकुर ने एनएच के संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंताओ के सात साथ अन्य अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए इस फोरलेन सड़क के शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किए जाने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने का निर्देश दिया। यह सड़क भारत नेपाल के बीच यात्री सुविधाओं के साथ साथ सामरिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मिथिला क्षेत्र का नेपाल के साथ न केवल आध्यात्मिक संबंध है बल्कि व्यापारिक मुद्दे पर भी दोनों देशों के बीच यह राजमार्ग लाइफ लाइन इसके नवीनीकरण तथा फोरलेन मे उन्नयन के लिए दरभंगा के दिल्ली मोड़ से बनवारीपट्टी तक 15 किलोमीटर में निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किए जाने के लिए सभी प्रकार



एन एच के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

की औपचारिकताओं तथा तकनीकी समस्याओं को शीघ्र पूरा करें ताकि मानसून के सक्रिय होने से पूर्व इस सड़क के चौड़ीकरण में कोई समस्या नहीं उत्पन्न हो। पहले चरण में दिल्ली मोर दरभंगा से 15 किलोमीटर में निर्माण कार्य के लिए 286 करोड़ रुपए की राशि की मंजूरी मिली थी। बैठक में एनएच डिवीजन जयनगर के कार्यपालक अभियंता राजकिशोर प्रसाद, सहायक अभियंता रौशन प्रसाद, सहायक अभियंता चंदन कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं अभियंता मौजूद थे।

## मोहर्रम के दौरान जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कंसी गांव में मोहर्रम जूलूस के दौरान हुए जानलेवा हमला में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए दरभंगा के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। सिमरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जख्मी युवक कंसी निवासी मो जाहिद अंसारी बताया८ गया है। इस मामले में गांव के ही वार्ड संख्या सात निवासी मो शाहिद, मो साबिर हुसैन सहित अन्य लोगों के खिलाफ सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। बताया गया है कि मोहर्रम के खेल का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान उनका छोटा भाई मोहम्मद जाहिद, जिसका दाहिना हाथ करीब 25 दिन पूर्व लगी चोट के कारण प्लास्टर में था। चौकी मिलन देखने के लिए खड़ा था। तभी मो शाहिद एवं मो साबिर हुसैन समेत अन्य लोगों ने हॉकी स्टिक और लकड़ी के मुंगदर से उसके सिर एवं शरीर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक को पहले डीएमसीएच दरभंगा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अल्लपट्टी स्थित एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, घायल युवक कोमा की स्थिति में है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मो शाहिद को गिरफ्तार कर लिया है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा खुशी कुमारी का टाटा स्टील में चयन

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग दरभंगा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित संस्थान, के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की सत्र 2022झ2026 की छात्रा खुशी कुमारी का चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनी टाटा स्टील में इंजीनियर ट्रेनी पद पर हुआ है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी खुशी कुमारी का चयन देश की अग्रणी इस्पात कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर से भिन्न कंपनी में इंजीनियर ट्रेनी पद पर हो



चुका था। यह उपलब्धि छात्रा की कठिन मेहनत, अनुशासन, तकनीकी दक्षता एवं संस्थान द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का उत्कृष्ट परिणाम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदन कुमार ने खुशी कुमारी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि " छात्रा की यह सफलता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रतिभा तथा निरंतर प्रयास का प्रमाण है। महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की ओर से मारुति नंदन एवं प्रफुल्ल चंद्र ने भी खुशी कुमारी को हार्दिक बधाई दिया।

## ताजिया मिलान के दौरान दो गुटों में मारपीट कई घायल

**जाले (एनएसबी)।** शुक्रवार को तेज धूप के बाबजूद लगभग सभी गांव में ताजीया बनाए गये और दिन भर कला प्रदर्शनी के बाद खिलाड़ी शाम में बनाए गये रन पर तजिया मिलन समारोह का आयोजन हुआ।तजिया घुमाने के दौरान मुरैठा गांव में दो गुटों के बीच भिरंत हो गयी जिसमें दो खेलाड़ी की हालत गम्भीर और कइ खेलाड़ी जख्मी हो गये। मुरैठा तिलवारी टोला और गांव दोनों ने ताजीया बनाया था दोनों टीम तजिया लेकर मुरैठा स्टेशन आये ।लाठी और तलवार बाजी के दौरान तिवाड़ी मुहल्ला के इम्तियाज के भगीना लाडले के नाक पर किसी ने जोरदार प्रहार कर दिया। उसके नाक से बल्ड आने लगी और वह बेहोश हो गया, प्राथमिक उपचार के बाद उसे जाले रेफरल अस्पताल ले जाया गया।वही मुरैठा के अनामुल के लड़का बाबर को किसी ने डंडा से सर पर प्रहार कर दिया। वह भी बेहोश हो गया। मुरैठा स्टेशन से नीचे दौरा दौड़ी और मारपीट का नजारा देखने को मिला,फिर मध्यस्थता करते हुए दोनों पक्ष की लड़ाई छुराई और दोनों पक्ष अपना अपना ताजीया को लेकर घर चला गया।

## हत्या के आरोपित प्रमोद शाह की पत्नी और दो पुत्रियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**पानी बोतल के पैसे को लेकर विवाद में युवक की हत्या के बाद चार पर प्राथमिकी दर्ज**

**अलीनगर/बेनीपुर(एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पानी की बोतल के पैसे को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि चाचा प्रमोद शाह एवं उनके पुत्र प्रभात शाह ने अपने दो सगे भतीजों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में धनवीर शाह उर्फ गोलू की मौत हो गई, जबकि उनके बड़े भाई चंदन शाह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच, दरभंगा रेफर किया गया है।परिजनों के अनुसार, पानी की बोतल का पैसा मांगने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद गाली-गलौज हुई और चाकू से हमला कर दिया गया। घायल दोनों भाइयों को बेनीपुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां धनवीर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि चंदन को डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद बहेड़ा थाना पुलिस ने छापेमारी कर आरोपित प्रमोद शाह की पत्नी और दो पुत्रियों को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपित प्रमोद शाह और उनका पुत्र प्रभात शाह फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मृतक की मां पवित्री देवी के आवेदन पर प्रमोद शाह सहित चार लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। परिजनों ने घटना को पूर्व नियोजित बताते हुए प्रमोद शाह के ससुराल पक्ष के कुछ लोगों पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी आरोपों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मामले में बहेड़ा थाने में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक गोलू कुमार साहू की मां पवित्री देवी के आवेदन पर गांव के ही प्रमोद साहू, ललिता देवी, प्रभात साहू और घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के संतोष साहू पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ललिता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।



घटनास्थल पर मृतक के परिजन एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### ईसीआरईयू समस्तीपुर मंडल की बड़ी कार्रवाई, मंडल सचिव समेत पांच पदाधिकारी निलंबित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ईसीआरईयू) समस्तीपुर मंडल की मंडल कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूनियन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कई गंभीर आरोप सामने आए, जिसके बाद बड़ा निर्णय लिया गया। बैठक में मंडल सचिव पर कर्मचारियों व अधिकारियों के फोन नहीं उठाने, कर्मचारियों को प्रशासन के खिलाफ भड़काने, कार्यों में लापरवाही बरतने तथा समस्याओं के समाधान में विफल रहने के आरोप लगाए गए। इसके साथ ही पीएनएम और नन पेमेंट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को समय पर नहीं उठाने से कर्मचारियों की समस्याएं लंबित रहने और यूनियन व प्रशासन की छवि धूमिल होने की बात भी कही गई। कार्यकारिणी ने आरोपों को गंभीर मानते हुए दो-तिहाई बहुमत से मंडल सचिव संजीव कुमार मिश्र सहित मंडल संयुक्त सचिव सह लोको शेड शाखा सचिव सोहन कुमार यादव, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पासवान, मंडल सहायक सचिव संतोष कुमार मिश्र और मंडल कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार को अगले आदेश तक यूनियन से निलंबित कर दिया। निर्णय के अनुसार, निलंबन अवधि में मंडल सचिव का कार्यभार मंडल संयुक्त सचिव रोशन कुमार सिंह संभालेंगे, जबकि लोको शेड शाखा सचिव का दायित्व शाखा संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार को सौंपा गया है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक समस्तीपुर, मंडल कार्मिक अधिकारी एवं ईसीआरईयू के महासचिव (हाजीपुर) को सूचित कर दिया गया है।

### अंतिम ग्यारह में वैभव को नहीं लिए जाने से प्रशंसकों व ग्रामीणों में निराशा




**ताजपुर (एनएसबी)।** क्रिकेट जगत की नई सनसनी ताजपुर के लाल क्रिकेट के बेबी बॉस वैभव सूर्यवंशी का आयरलैंड के खिलाफ अंतिम ग्यारह में नहीं होने से उनके प्रशंसकों, इष्ट मित्रों व ग्रामीणों को बड़ी निराशा हुई। इस मामले में निराशा व्यक्त करते हुए एलीट सोसायटी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि, यह टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा है। हमारा वैभव टीम का हिस्सा है फिलहाल यही हमारे लिए काफी है। वहीं सुशील चौबे, राजीव सूर्यवंशी, दिलीप कुमार सिंह आदि ने भी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि, आज न सही रविवार को ही सही हमारा वैभव खेलेगा जरूर।

### 30 जून तक अनिवार्य रूप से केवाईसी करा लें भारत गैस के उपभोक्ता, शिव प्रिया भारत गैस ग्रामीण वितरक ने की अपील

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** शिवप्रिया भारत गैस ग्रामीण वितरक, कांचा मिजार्पुर गंज ने सभी भारत गैस उपभोक्ताओं से 30 जून 2026 तक अपने गैस कनेक्शन की केवाइसी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने की अपील की है। वितरक कार्यालय की ओर से जारी सूचना में श्याम किशोर सहनी ने कहा है कि, निर्धारित समय सीमा तक केवाईसी अपडेट नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य में गैस आपूर्ति एवं अन्य सेवाओं में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी उपभोक्ता जल्द से जल्द अपने नजदीकी भारत गैस वितरक कार्यालय पहुंचकर केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर लें। इस केलिए उपभोक्ताओं को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं उपभोक्ता संख्या साथ लेकर आना होगा। वितरक ने बताया कि केवाईसी प्रक्रिया उपभोक्ताओं की सुरक्षा, पहचान सत्यापन तथा बेहतर एवं निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।शिवप्रिया भारतगैस ग्रामीण वितरक ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते केवाईसी कराकर किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता वितरक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या 6205579386 एवं 7352512639 नंबर पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया तजिया जुलूस।

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को हजरत इमाम हुसैन के शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने तजिया जुलुस निकाल कर मुहर्रम का पर्व मनाया। इस दौरान थाने क्षेत्र के घाट नवादा, लोकनाथपुर गंज, मेन बाजार, चकनवादा, पांड़, चकबहाउद्दीन, महनैया, कमरांव, गोसपुर, बल्लोचक, मौलवीचक सहित अन्य कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा दलसिंहसराय थाना परिसर में तजिया और सिपल का मिलान किया गया। जगह-जगह अखाड़े में समिति के लोगों ने लाठी, डंडा, तलवार सहित पारंपरिक हथियारों से लैश होकर अपने-अपने कला का प्रदर्शन किया। वहीं कई अखाड़ा संचालक तिरंगा झंडा हाथों में लिए प्रदर्शन करते दिखे। काफी संख्या में महिलाएं व बच्चे अखाडों के साथ घूमती नजर आई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी अखाड़ो व चौक-चौराहों के पास प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के जवान तैनात थे। वही सरदार गंज चौक के पास पुलिस प्रशासन कैंप लगाकर लगातार जुलुस की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान एसडीओ किशन कुमार, डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, ईओ अभिसार कुमार, थानाध्यक्ष मो. इरशाद आलम क्षेत्रों में घूमकर विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे।



### तन-मन-भाव की स्वच्छता से विद्यालय, घर और गांव की स्वच्छता विषयक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, यूनिसेफ और वाटर फॉर पीपुल के द्वारा समस्तीपुर जिला के रोसरा प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत मोतीपुर में तन मन भाव की स्वच्छता से विद्यालय घर और गांव की स्वच्छता विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का अलग अलग आयोजन किया गया। जिसका समापन गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने आदर्श ग्राम पंचायत मोतीपुर की मुखिया प्रेमा देवी के द्वारा चलाए गए विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ साथ स्वच्छता के प्रति समर्पण, स्वच्छता मानको का अनुपालन और उत्कृष्ट कार्य को विस्तार से बताया एवं आगत अतिथियों का स्वागत



किया।इसके बाद प्र अ के नेतृत्व में बच्चों ने स्वच्छता और नशा मुक्ति संबंधित नारा से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।इस अवसर पर यूनिसेफ के दूधेश्वर कुमार ने सूखा कचरा, गीला कचरा,रासायनिक कचरा, खतरनाक कचरा के बारे में जानकारी दी और इसके निपटान के लिए अलग-अलग रंगों के डस्टबिन के उपयोग को बताया। उन्होंने कहा कि माहवारी में उपयोग किए गए पैड, डायपर, मेडिकल पट्टी को नीले डस्टबिन में रखना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि आदर्श ग्राम पंचायत मोतीपुर के इस सफल तीन दिवसीय कार्यक्रम का फिल्मांकन किया गया है जिसे संपूर्ण बिहार में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के गौतम प्रेमी ने योग के माध्यम से अपने शरीर को शुद्ध करने के विभिन्न आयामों को सिखाया। वहीं वाटर फॉर पीपुल के फैज आलम ने जल की स्वच्छता, उससे होने वाले लाभ हानि के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर विद्यालय की बाल संसद, मीना मंच, युवा क्लब, इको क्लब के सदस्य, शिक्षक मिथिलेश कुमार, ललन प्रसाद मंडल,दीपक कुमार रजक, दुर्गा कुमारी, राजश्री, साक्षी चित्रांश, नाजरीन, चांदनी कुमारी, आशा कुमारी और स्वच्छता प्रेरक मनोज पासवान आदि ने भरपूर सहयोग किया।

# मऊ बाजार में स्वर्ण व्यवसायी की दुकान पर पथराव - तोड़फोड़

**फायरिंग और लूटपाट का आरोप, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ बवाल का वीडियो; जांच में जुटी पुलिस**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मऊ बाजार में शुक्रवार को मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। आधा दर्जन से अधिक उपद्रवियों ने दिनदहाड़े स्वर्ण व्यवसायी श्याम सुंदर साह की दुकान पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने दुकान पर पथराव करने के बाद लाठी-डंडों से जमकर तोड़फोड़ की। देखते ही देखते पूरा बाजार दहशत में आ गया और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। पीड़ित व्यवसायी श्याम सुंदर साह का आरोप है कि हमलावरों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ के दौरान फायरिंग की और लूटपाट भी की। अचानक हुए हमले से दुकान में मौजूद लोग जान बचाकर भाग निकले। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटे, जिसके बाद सभी उपद्रवी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विद्यापतिनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दुकान का जायजा लेने के साथ पीड़ित एवं प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है। फायरिंग और लूटपाट के आरोपों की भी बिंदुवार जांच की जा रही है। उधर घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक दुकान के बाहर हंगामा, पथराव और तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह मामूली कहासुनी बताई जा रही है, लेकिन हिंसा किस कारण इतनी बढ़ी, इसकी तह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। साक्ष्यों और आवेदन के आधार पर दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दिनदहाड़े बाजार में हुई इस घटना ने व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व्यवसायियों ने दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी, बाजार में नियमित पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



घटनास्थल पर जुटे लोग।

## 'या हुसैन' के उद्घोष से गूंजा विद्यापतिनगर, ताजिया जुलूस में अखाड़ों के हैरतअंगेज करतबों ने बांधा समां

**झडीजे पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर दो डीजे जब्त, 15 लाइसेंसधारी अखाड़ों ने निकाला जुलूस, मऊ बाजार में उमड़ी सबसे अधिक भीड़**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पूर अकीदत, अनुशासन और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। विभिन्न गांवों से निकले ताजिया जुलूस में हजारों अकीदतमंदों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। पूरे दिन क्षेत्र 'या हुसैन' के उद्घोष और मातमी धुनों से गूंजता रहा। जुलूस के दौरान अखाड़ों के युवाओं ने तलवार, लाठी, फरसा, समेत पारंपरिक हथियारों से युद्धकला के हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचित कर दिया। इस दौरान लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। प्रखंड के बभनगामा, कबई, प्यारेपुर, मनियारपुर, सोठगामा, बहादुरपुर, कांचा, सिमरी, बोचहा, बाजिदपुर, शेरपुर, मऊ बाजार, कलीमी नगर समेत विभिन्न गांवों के 15 लाइसेंसधारी अखाड़ों ने अपने-अपने निर्धारित मार्गों से ताजिया जुलूस निकाला। ढोल-ताशों और मातमी धुनों के बीच आगे बढ़ते ताजियों का प्रमुख चौक-चौराहों पर पारंपरिक रीति से मिलान कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था, अनुशासन और सांप्रदायिक सौहार्द का सुंदर नजारा देखने को मिला। हरपुर बोचहा से लेकर मऊ बाजार तक जुलूस मार्ग पर श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। मऊ बाजार में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली, जहां ताजियों के मिलान और अखाड़ों के पारंपरिक करतब देर तक आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह के साथ जुलूस का आनंद लिया। उधर मोहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अंचलाधिकारी कुमार हर्ष एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष चौकसी रखी गई तथा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की व्यवस्था की गई।प्रशासन ने पहले ही मोहर्रम जुलूस में डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। निदेर्शों का उल्लंघन करने के आरोप में गुरुवार देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो डीजे वाहनों को जब्त कर लिया था, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से जुलूस निकाला गया। अखाड़ा समितियों के सहयोग, प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों की समझदारी से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



जुलूस का नजारा।

## प्रतिबंध के बावजूद मंदिर परिसर में डीजे पर बजते रहे अश्लील भोजपुरी गीत

**विरोध करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या.**

**प्रतिबंध लागू कराने में प्रशासनिक विफलता उजागर**

**पटोरी (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा डीजे पर अश्लील और द्विअर्थी भोजपुरी गीतों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद जिले भर में खुलेआम बे रोकझटोक डीजे और ऐसे गाने बजाए जा रहे हैं। प्रतिबंध को पूरी तरह लागू कराने में विफल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा एक युवक को भुगतना पड़ा जिसमें उसकी जान चली गई। मामला हलई थाना क्षेत्र का है, जहां मंदिर परिसर में अश्लील गीत बजाने का विरोध करने पर एक 22 वर्षीय युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर और गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक की पहचान हलई थाना क्षेत्र के वार्ड-9 निवासी विजय कुमार (22) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक राजस्थान में काम करता था और करीब एक माह पहले ही गांव लौटा था। बताया गया कि, गुरुवार रात गांव में एक शादी समारोह के दौरान डीजे के साथ बारात पक्ष के लोग ब्रह्म काली मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि मंदिर परिसर के पास अश्लील भोजपुरी गीत बजाए जा रहे थे और लोग नृत्य कर रहे थे। इसी दरम्यान मृतक विजय ने धार्मिक स्थल के सम्मान का हवाला देते हुए अश्लील गीतों की जगह भक्ति गीत बजाने का आग्रह किया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान विजय के साथ मारपीट की गई और बाद में उसका गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी पक्ष शादी समारोह में शामिल रहा, जबकि पूरे गांव में तनाव फैल गया। इस बाबत पटोरी के डीएसपी बी.के. मेधावी ने बताया कि, अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस टीम दो बार मृतक के परिजनों से मिलने गई, लेकिन अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण उनका बयान दर्ज नहीं हो सका। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

इस घटना ने डीजे और अश्लील या द्विअर्थी गानों पर प्रतिबंध के पालन को लेकर प्रशासनिक प्रतिबद्धता और सजगता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर डीजे एवं अश्लील व द्विअर्थी गीतों के प्रसारण पर रोक लगाने तथा उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद जिले में धड़ल्ले से ऐसे गीत बजाए जा रहे हैं। यदि प्रतिबंध का प्रभावी अनुपालन कराया जाता और समय रहते कार्रवाई होती, तो संभव है कि यह विवाद इतना गंभीर रूप नहीं लेता।

## बेबी बॉस उर्फ रिकॉर्ड तोड़ सूर्यवंशी : आईपीएल से विजडन कवर तक भारत के वैभव का जलवा

**यंगेस्ट प्लेयर ऑफ क्रिकेट बनने से पहले विजडन ने दिया सम्मान**




**समस्तीपुर (एनएसबी)।** खिलौनों की दुनिया से थोड़ा आगे, जिस उम्र में बच्चे सपने देखते हैं, उस उम्र का कोई बच्चा भारतीय क्रिकेट के आंखों का तारा बन जाए, दुनिया भर के दिग्गजों और पंडितों में उसकी चर्चा हो, और विजडन जैसी विश्व प्रसिद्ध पत्रिका के मुख पृष्ठ पर छा जाए तो उसके परिजनों और इष्ट मित्रों के खुशी की कल्पना सहज ही की जा सकती है। ऐसा ही कुछ माहौल है इस वक्त जिले के ताजपुर प्रखंड में। टीम इंडिया में ताजपुर के लाल के शामिल होने की खबर हवा गूंज ही रही थी कि विजडन के मुख पृष्ठ पर वैभव सूर्यवंशी की तस्वीर ने तहलका मचा दिया। इस खबर से वैभव के चचा राजीव सूर्यवंशी, द एलिट सोसाइटी के जितेन्द्र कुमार सहित ग्रामीणों आदि ने मिठाइयां बांट कर जश्न मनाया। हालांकि, भारतीय क्रिकेट की समृद्ध परंपरा में समय-समय पर ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरते रहे हैं, जिन्होंने न केवल खेल के स्तर को ऊँचा उठाया बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर खड़ा कर अगली पीढ़ी केलिए प्रेरणा पुंज भी बने। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर, क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, मुल्तान के सुल्तान वीरेंद्र सहवाग, मिस्टर वॉल राहुल द्रविड़ से लेकर कैप्टन कुल महेंद्र सिंह धोनी, किंग विराट कोहली, और हिट मैन रोहित शर्मा तक, हर दौर ने अपने नायक देखे हैं। हर दौर में रिकॉर्ड बनतेझटूटते रहे हैं। अब इसी कड़ी में एक नया नाम तेजी से उभर रहा है बेबी बॉस वैभव सूर्यवंशी। इन्हें लोग रिकॉर्ड तोड़ सूर्यवंशी भी कहने लगे हैं। महज 15 साल की उम्र में इस किशोर ने रिकॉर्ड बुक को झकझोर कर रख दिया है।

**नया रिकार्ड 'यंगेस्ट प्लेयर' बनना तय :**

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से रिकॉर्ड तोड़ धुआंधार बल्लेबाजी के दम पर उन्होंने ऑरेंज कैप (सर्वाधिक 776 रन), सुपर सिक्सेस (72 छक्के), मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर, सुपर स्ट्राइकर (237 का स्ट्राइक रेट) सहित 5 अवॉर्ड जीत कर न सिर्फ सुर्खियां बटोरी बल्कि, सबसे कम उम्र में टीम इंडिया में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। इंडियाझआयरलैंड के दौरे पर वे भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे और क्रिकेट के गॉड सचिन तेंदुलकर के यंगेस्ट प्लेयर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

**विजडन के कवर पेज पर वैभव :**

मगर जरा ठहरिए! यंगेस्ट प्लेयर का रिकार्ड बाद में, इससे पहले भारत के वैभव ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया है। इसके पहले इतनी ह्यछोटी उम्र मेंह्न कोई भी क्रिकेटर यह खास उपलब्धि हासिल नहीं कर पाया था। वह है इंग्लैंड के प्रतिष्ठित पत्रिका विजडन के कवर पेज पर जगह मिलना। यह किसी खिलाड़ी की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण माना जाता है।

**सबसे कम उम्र में आईपीएल से विजडन तक :**

समस्तीपुर की मिट्टी से निकले क्रिकेट जगत के नए शहंशाह 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी विजडन के कवर पेज पर जगह पाने वाले अब तक के सबसे युवा क्रिकेटर बन चुके हैं। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए धमाकेदार प्रदर्शन के बाद उन्हें यह सम्मान मिला है। इसके पहले टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली विजडन के कवर पेज पर जगह बना चुके हैं।

**विपक्षी भी भारत के वैभव के मुरीद**

जिले के ताजपुर निवासी क्रिकेटर संजीव सूर्यवंशी का यह लाल, क्रिकेट जगत का बेबी बॉस, रिकॉर्ड बुक का नन्हा तूफान, बॉलर्स का काल, 22 गज की पट्टी का दैत्य जैसे कई उपनामों से प्रसिद्ध 15 साल के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की मासूमियत, भोलापन और शिष्ट व्यवहार ने हर मैच में विपक्षी को भी अपना मुरीद बना लिया है। हाल ये है कि, सिर्फ भारतीय दिग्गज ही नहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्ट इंडीज सहित तमाम देशों के दिग्गज भारत के इस युवा वैभव के मुरीद बने बैठे हैं।

**प्रशंसकों की बढ़ रही उम्मीद :**

हालिया संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल मैच में इंडिया ए के लिए खेलते हुए उन्होंने 11 गेंदों में ताबड़तोड़ 50 और 29 गेंदों में तूफानी 94 रनों की शानदार पारी खेल कर भारत की खिताबी जीत सुनिश्चित कर दी थी। इस धमाकेदार पारी के पुरस्कार स्वरूप उन्हें आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। टीम इंडिया में वैभव को जर्सी नंबर 03 मिला है। गौरतलब है कि, नंबर 03 जर्सी का अतीत भारतीय क्रिकेट में विस्फोटक बल्लेबाज सुरेश रैना से जुड़ा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से फैंस उनके बल्ले से रनों का अंबार लगता हुआ देखना चाहेंगे।

## अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दलसिंहसराय एवं उपकारा

**दलसिंहसराय के परिसर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस मनाया गया**

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से न्यायिक दंडाधिकारी अनुज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दलसिंहसराय के परिसर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री कुमार ने कर्मचारियों, पारा विधिक स्वयं सेवक एवं आम लोगों को कभी भी नशीली दवाओं या उत्पादों का सेवन नहीं करने एवं अपने परिजनों या परिचितों को भी इनका सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। साथ ही अपने कार्यालय परिसर को नशा मुक्त रखने, और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करने की भी शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने नशीली दवाओं के नियमित सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए नशीली दवाओं के अवैध तस्करी के रोकथाम हेतु अपील की। कार्यक्रम में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रवि कुमार राकेश, कर्मचारीगण गंगेश झा, चंद्रकेतु प्रसाद, संगीता झा इत्यादि पी एल भी संजीत कुमार, सुभाषचंद्र पासवान इत्यादि सम्मिलित हुए।



शपथ दिलाते दंडाधिकारी।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान शोकाकुल परिवारों से उपमुख्य मंत्री, शादी समारोह और मुहर्रम में हुए शामिल

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार साहिट गांव पहुंचकर मुखिया लालबाबू सिंह की भतीजी के विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदंपति को शुभाशीष प्रदान किया। इसके बाद गढ़सिसई में शिक्षक राजू कुमार के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री ने गढ़सिसई में कैलाश राम के शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। गढ़सिसई में ही अमीन वीरेंद्र सिंह के शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। खेदरपुर (कबई) में सुनील सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसके बाद बंगराहा में मनोज कर्ण के घर पहुंचे और परिजनों से भेंट की। क्षेत्र भ्रमण के अंतिम चरण में उपमुख्यमंत्री मुसरीघरारी पहुंचे, जहां मुहर्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। उनके आगमन को लेकर विभिन्न स्थानों पर लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, कारी सिंह, बमबम सोनी, मुखिया विवेकानंद सिंह, ललालबाबू सिंह, कुमार, निरंजन कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शादी समारोह में उप मुख्यमंत्री व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिपूर्ण एवं उत्साह पूर्ण वातावरण मनाया गया मोहर्रम

**मधुबनी (एनएसबी)।** मोहर्रम के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार द्वारा पुलिस पदाधिकारी,कर्मियों के साथ मधेपुर थाना अन्तर्गत विभिन्न संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया एवं आमजन से शांति समिति के नियमों का पालन करने की अपील की गई। संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया मोहर्रम! जिलाधिकारी आनंद शर्मा और पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जिले के सभी क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी को प्रतिनिधित्व किए थे! अधिक संख्याओं में पुलिस बल तैनात किया गया था!



### संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाई गई

**मधुबनी (एनएसबी)।** संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाई गई । शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने एवं इस अवसर पर पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह मुस्तैद थे । जिला नियंत्रण कक्ष से सम्पूर्ण जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखी गए । किसी भी परिस्थिति से निपटने को लेकर क्वीक रिस्पॉन्स टीम अलर्ट मोड में है। जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर 902 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद है।जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार स्वयं पल पल की गतिविधियों पर नजर रख थे।



### आम उपभोक्ताओं से अनावश्यक बुकिंग, जमाखोरी एवं पेट्रोल-डीजल भंडारण न करने की अपील

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले भर में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक ससमय गैस उपलब्ध हो सके।आंकड़ों के अनुसार कुल 11 हजार 927 एलपीजी




गैस उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गई है। शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश!जिला प्रशासन ने जिले के सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया है कि शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है अथवा वितरण में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत सरकार भवन का गृह प्रवेश एवं पूजा का आयोजन

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियाँ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पदमा में आज नवनिर्मित मिनी ब्लॉक पंचायत सरकार भवन का गृह प्रवेश एवं पूजा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राकेश कुमार ठाकुर, पंचायती राज पदाधिकारी श्री सुरेश यादव, पंचायत सचिव श्री जीतेन्द्र कुमार ठाकुर, मुखिया श्री सुजीत कुमार पासवान, उपमुखिया श्री बिनोद राउपाल , पंचायत समिति सदस्य श्री कपिल यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि श्री सुरेश कामत सहित सभी



सम्मानित वार्ड सदस्य,जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अब ग्राम पंचायत राज पदमा द्वारा संचालित सभी नियमित कार्य नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन में उपलब्ध रहेंगे। इस शुरूआत से पंचायत क्षेत्र के आम नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर एवं सुगम सेवाएं प्राप्त होंगी। और एक ही छत के निचे बिहार सरकार के सभी योजनाओं, मिलने वाली सुविधाओं सहित ग्रामीणों के हितैषी सभी कार्यो का निष्पादन अब ये ही से होगा। लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा। परंतु यह कार्य भी आज तक दूर का पत्थर ही साबित हुआ जहां पूर्व से पंचायत सरकार भवन वजूद में है।

### जन्मेजय सिंह भाजपा प्रदेश मंत्री मनोनीत

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना ने मधुबनी निवासी जन्मेजय सिंह जी का भाजपा प्रदेश मंत्री नव मनोनीत होने पर पहली बार आगमन पर अपने प्रतिष्ठान पर अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित और अभिनदंन किया। इस अवसर पर मनोज कुमार मुन्ना ने कहा कि जन्मेजय सिंह जी के भाजपा प्रदेश मंत्री बनाएं जाने पर संगठन और मजबूत व सशक्त होगा।

### सीता कहिया जनकपुर आयब' गीत रिलीज

**मधुबनी (एनएसबी)।** गीत-संगीत के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुकी जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन के चैनल पर आज फिर एक कर्णप्रिय गीत रिलीज हुआ। प्रख्यात गीतकार अजित आजाद लिखित इस गीत के बोल हैं 'सीता कहिया जनकपुर आयब'ङ्ख। इस गीत को गाया है चर्चित गायक भीमनाथ झा ने जबकि संगीत दिया है आलोक झा ने. गीतकार अजित आजाद ने कहा कि इस गीत में एक पिता की करुण पुकार है जिसमे वे अपनी बेटी को नैहर आने की मनुहार कर रहे हैं. यह पिता जनक हैं, यह पिता कोई और भी हो सकते हैं. हम जानते हैं कि ससुराल जाने के बाद सीता कभी नैहर नहीं आयी. जनकपुर उनकी बाट जोहती रही. इसी भाव को आधार बनाकर इस गीत की रचना हुई है.गायक भीमनाथ झा ने कहा कि इस गीत में इतनी पीड़ा है कि गाते समय मैं विह्वल हो गया था. इसका शब्द-शब्द टीस जगाता है. यह गीत काफी लोकप्रिय होगा. प्रोड्यूसर सुनील कुमार झा के संयोजन में नवारम्भ प्रकाशन में आयोजित इस गीत रिलीज के अवसर पर नगर के कई गणमान्य लेखक उपस्थित थे जिनमे प्रमुख थे चंडेश्वर खां, डॉ. वीरेंद्र झा, कमलेश प्रेमेन्द्र, आनन्द मोहन झा, अरशद आलम, डॉ. सोनू कुमार झा, राजेश कुमार मिश्र, गौरव कुमार मिश्र, रंजन कुमार ठाकुर आदि.

# एसएसबी और नेपाल एपीएफ ने संयुक्त रूप से चलाया नशामुक्त सीमा जागरूकता अभियान

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 'अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस' के अवसर पर 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) ने संयुक्त रूप से नशामुक्त सीमा अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ जनचेतना फैलाना तथा दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को और मजबूत बनाना था।18वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट कोजा राम लोमरोड़ के निर्देश पर पिपराही कंपनी के कंपनी कमांडर निरीक्षक इंद्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। इस दौरान एसएसबी की "एफ" कंपनी, पिपराही के जवानों ने पिपराही, झलौन और लदनियां के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।


कार्यक्रम में उपस्थित ।

अभियान के दौरान जवानों ने ग्रामीणों, राहगीरों और सीमा से आने-जाने वाले लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, युवाओं पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभाव तथा अवैध तस्करी से होने वाले सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर भारत-नेपाल सीमा के नो-मैन्स लैंड के समीप एसएसबी और नेपाल एपीएफ के जवानों ने संयुक्त जागरूकता मार्च भी निकाला। दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने सीमा पार करने वाले नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की कोई जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को दें। अधिकारियों ने कहा कि आम लोगों के सहयोग से ही सीमा पार होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।संयुक्त अभियान में एसएसबी की ओर से कंपनी प्रभारी निरीक्षक इंद्र सिंह, उपनिरीक्षक नितेश कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सहित अन्य जवान शामिल रहे। वहीं नेपाल एपीएफ की ओर से पिपराही चौकी प्रभारी कैलाश कूटूवाल, बरियारपट्टी बीओपी प्रभारी किरण नेपाल तथा अन्य सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाएंगे। इस तरह के संयुक्त प्रयास न केवल सीमा सुरक्षा को मजबूत करेंगे, बल्कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को सुरक्षित एवं जागरूक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## दसवीं तिथि पर निकला गया जुलूस, करतब देख रोमांचित हुए लोग, उमड़ी थी भीड़

बिस्फी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम को मातम पर्व मोहर्रम की दशमी तिथि पर विशाल जुलूस के ताजिया निकाली गई. हजरत इमाम हुसैन साहब के शहादत की याद में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाया गया.दशकों से चली आ रही परंपरा शुक्रवार को पूरे परवान पर था. प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हजारों लोग नरसाम हाट के रण क्षेत्र परिसर में एकत्रित हुए. गढ़िया रथौस, शिवौल, तीसी, नरसाम, परसौनी, उसराही, पतौना,परोही सहित अन्य भागों से 20 से 25 हजार लोगों का जमावड़ा हुआ. मातमी धुन पर महिलाओं की टोली मसिहा गाकर हुसैन साहब को याद की. जुलूस में शिरकत करने वाले आए प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के अखाड़े के कलाबाज कला कौशल एवं फन का विहंगम प्रदर्शन किया. पारंपरिक अस्त्र शास्त्र के सहारे कलाबाजी की. जुलूस एवं मातमी धुन पर बज रहे बाजे की धुन सुनने एवं देखने हिंदू समुदाय के लोग बगल मे खड़े होकर इस सुंदर दृश्य का लुफ्त उठाते रहे. हिंदू भाई भी मुस्लिम भाइयों द्वारा दिखाए जा रहे करतब से रोमांचित हुए. प्रखंड क्षेत्र के अखाड़े से आई टीम अलौकिक दृश्य प्रस्तुत की. ताजिया मिलन के साथ ही मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. वही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को रोकर एसडीएम सारंग पाणि पांडेय एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर शांति एवं सद्भाव के लिए लगे थे. जुलूस को ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी. एवं सादे लिवास में पुलिस पर लगाए गए थे. सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार,बीडीओ बसंत कुमार सिंह बीपीआरओ शेखर कुमार, एमओ कौशल कुमार मंडल, वीएओ कौशल कुमार सिंह, राजस्व पदाघिकारी सविता कुमारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे


कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी।

## शांजा यूनिवर्सिटी को मिली मान्यता से मिथिलांचल में उच्च शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

**मधुबनी (एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में मधुबनी में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। इसके साथ ही सीएम सम्राट चौधरी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद सह शिक्षाविद् डॉ. फैयाज अहमद, विधायक आसिफ अहमद तथा मधुबनी मेडिकल कॉलेज के निदेशक तौसीफ अहमद को भी सहर्ष शुभकामनाएँ दी हैं।




सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शांजा यूनिवर्सिटी की स्थापना एवं संचालन को स्वीकृति प्रदान किया जाना मिथिलांचल सहित पूरे बिहार के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस विश्वविद्यालय के लिए लगभग 75 एकड़ में विश्वस्तरीय कैंपस विकसित किए जाने की योजना है, जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा अपने जिले में ही उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही रोजगार, शोध, नवाचार एवं क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय मधुबनी को शिक्षा के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करेगा तथा आने वाले समय में पूरे मिथिलांचल के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। राज्य सरकार का यह निर्णय शिक्षा, कौशल विकास और क्षेत्रीय प्रगति की दिशा में एक दूरदर्शी एवं सराहनीय कदम है।

## जितेन्द्र कुमार ने 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में सहायक कर आयुक्त के रुप में चयनित

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के एकडारा ग्राम निवासी शिक्षक कुमार देवेन्द्र प्रसाद एवं कुशल गृहिणी फूल कुमारी देवी के सुपुत्र जितेन्द्र कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में सहायक कर आयुक्त के रुप में चयनित होकर अपने गांव एवं प्रखंड का नाम रौशन किया है। जितेन्द्र की इस शानदार सफलता से परिवार के लोगों में काफी गदगद हैं। उनके घर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। जितेन्द्र ने चौथे प्रयास में यह उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। वे तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रीजनल सेकेंडरी स्कूल मधुबनी तथा अन्तर स्नातक की शिक्षा आईपीएस मधुबनी से पूरी की। वहीं स्नातक की शिक्षा राजनीतिक विज्ञान (प्रतिष्ठा) से राम कृष्ण महाविद्यालय मधुबनी से पूरी की। जितेन्द्र



का लक्ष्य केन्द्रीय लोक सेवा आयोग से आईएएस के रुप में चयनित होकर देश की सेवा करने की है। वे अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने लगन, परिश्रम एवं माता-पिता के कुशल मार्गदर्शन व लगातार प्रेरणा को देते हैं। वे कहते हैं। कि लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रचित होकर, निष्ठा से परिश्रम की जाए तो हर सफलता मुमकिन है।

## 26 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 26.026 लीटर नेपाली विदेशी शराब तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपी को जब्त सामान के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु जयनगर थाना को सौंप दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18वीं बटालियन एसएसबी मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट कोजाराम लोमरोड़ के निदेशानुसार सीमा चौकी अरार्हा के कंपनी कमांडर निरीक्षक सी. लाल तम्पुइया के नेतृत्व में 24 जून 2026 को विशेष गश्ती अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सीमा स्तंभ संख्या 267/3 के निकट निगरानी बढ़ाई गई। गश्ती के दौरान नेपाल की ओर से दो मोटरसाइकिलों पर सवार व्यक्तियों को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा गया। एसएसबी जवानों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन दोनों बाइक सवार मोटरसाइकिल छोड़कर नेपाल की ओर भागने लगे। जवानों ने तत्काल पीछा किया, जिसमें एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा सीमा का लाभ उठाकर फरार हो गया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कमलेश कुमार सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड की नेपाली शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 26.026 लीटर पाई गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि मामले में जयनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। वहीं फरार तस्कर की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस सीमा पार शराब तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।


गिरफ्तार तस्कर।

## जनप्रतिनिधि-प्रशासन के समन्वय से मधुबनी को मिलेगा अत्याधुनिक अटल कला भवन : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मधुबनी को बड़ी सौगात मिली है। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने जिला मुख्यालय में लगभग ₹19.73 करोड़ की लागत से 620 दर्शक क्षमता वाले अत्याधुनिक अटल कला भवन के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से मधुबनी सहित पूरे मिथिलांचल की सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।इस अवसर पर मधुबनी विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अटल कला भवन का निर्माण केवल एक भवन नहीं, बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मधुबनी में आधुनिक सांस्कृतिक सभागार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसकी अब पूर्ति होने जा रही है।विधायक ने कहा कि अटल कला भवन बनने से कलाकारों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों, विद्यार्थियों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उत्कृष्ट मंच मिलेगा। यहां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी संभव हो सकेगा।उन्होंने कहा कि विकास की बड़ी उपलब्धियां जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सकारात्मक समन्वय से ही संभव होती हैं। अटल कला भवन की स्वीकृति इसी समन्वित प्रयास का परिणाम है। विधायक ने इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने में जिलाधिकारी आनंद शर्मा के सतत प्रयासों और सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इस आवश्यकता को गंभीरता से राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा।

माधव आनंद ने कहा कि यह भवन मिथिला पेंटिंग, लोक संगीत, लोक नृत्य, नाट्य कला सहित अन्य पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।उन्होंने बिहार सरकार एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अटल कला भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक धरोहर साबित होगा और मधुबनी को बिहार के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


विधायक माधव आनंद।

# 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किये गए किसान-मजदूर नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** देश के लोकप्रिय किसान-मजदूर नेता व संत स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को नगर के रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में भव्य श्रद्धांजलि सभा सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी निषाद, राज्य के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह, विधायक बेबी कुमारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अनिल ठाकुर, उदय शंकर सिंह, रंगीश ठाकुर, भाजपा नेता विवेक कुमार, प्रोफेसर अरुण कुमार एवं डॉ संजय पंकज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### मुजफ्फरपुर का नामकरण मोदफलपुर करने और स्वामीजी को भारत रत्न देने की उठी मांग

### स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर हवाई अड्डा का नामाकरण को ले बुलंद की आवाज

अपने उद्घाटन संबोधन में संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती आदि गुरु शंकराचार्य परंपरा के संत थे, लेकिन समाज-राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में भी उन्होंने आहुति दी। जंगलराज की समाप्ति के लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती के वंशजों ने बड़ा संघर्ष किया। उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार से आग्रह किया कि जिस तरह इलाहाबाद प्रयागराज बना, उसी तरह मुजफ्फरपुर का प्राचीन नाम मोदपुर था। उसी तर्ज पर मुजफ्फरपुर का नाम मोदफलपुर किया जाए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा कि हम स्वामी सहजानंद सरस्वती के वंशज हैं। बिहार के जंगलराज से मुक्ति के संघर्ष में हमारे घर की कुर्बानी दी गई। उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी से आग्रह करते हुए कहा कि स्थानीय सांसद के नाते वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बिहटा एयरपोर्ट का नाम स्वामी



पुण्यतिथि समारोह का सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि गण।।



समारोह में उपस्थित विभिन्न स्थानों से आए आमंत्रित प्रबुद्धजन।

सहजानंद सरस्वती के नाम पर और देश में कृषि विश्वविद्यालय उनके नाम पर बनाने की सिफारिश करें। केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद डॉ राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, संत, लेखक और क्रांतिकारी थे। हम सबको समाज प्रदेश और देश के विकास समृद्धि और शांति के लिए उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। वही राज्य के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्वामी सहजानंद सरस्वती का योगदान अतुलनीय है। स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि स्वामी जी के कृषि क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार किसान-मजदूर हित में काम कर रही है। आरएसएस के प्रचारक अनिल ठाकुर ने कहा कि उतर प्रदेश की धरती पर अवतरित स्वामी सहजानंद सरस्वती ने बिहार को किसान-मजदूर आंदोलन का केंद्र बनाया। वे सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि कृषि में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग को कम करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं कृषि-उन्मुख एवं किसान हितैषी हों, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और खेती टिकाऊ एवं लाभकारी बन सके। वही कार्यक्रम संयोजक रंगीश ठाकुर ने केंद्र सरकार से स्वामी सहजानंद सरस्वती को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। इस दौरान विधायक बेबी कुमारी ने बोचहाँ में स्वामी सहजानंद की मूर्ति लगाने की कोशिश करने तथा मेयर निर्मला साहू ने स्मृतियों को जीवित रखने का भरोसा दिया। वही भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने स्वामी जी को किसानों और गरीबों का मसीहा बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत स्काउट एन्ड गाइड बिहार के सभापति उदय शंकर प्रसाद सिंह ने समारोह में आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो अरुण कुमार सिंह ने किया तथा कार्यक्रम में कई स्थानों से आए अतिथियों और आमंत्रित प्रबुद्धजनों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय पंकज ने किया। कार्यक्रम में रवि शंकर कुशवाहा, डॉ अशोक शर्मा, हरेराम मिश्रा, प्राचार्या अनीता शर्मा, मनोज कुमार सिंह, देवांशु किशोर, रवि नंदन सिंह, अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंह, केशव चौबे, ई संजीव कुमार, अभिराम त्रिपाठी, शिवपाल यादव, पप्पू यादव, मयंक सिंह, नरोत्तम सिंह बागी, आदित्य चौबे, रितेश चौहान, रजनीकांत शुक्ला, सोनू मिश्रा, राजेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में अन्य आमंत्रित लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुण्यतिथि पर कांग्रेस के नेताओं ने संत स्वामी सहजानंद सरस्वती को किया याद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के भगवानपुर स्थित स्वामी सहजानंद स्मृति किसान भवन में जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी के द्वारा किसान आंदोलन की मजबूत नींव रखने वाले, महान समाज सुधारक, संत एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की 76वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने स्वामीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।



पुण्यतिथि पर स्वामी सहजानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस के लोग।

मौके पर उनके व्यक्तित्व औऱ कृतित्व को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों, वंचितों और समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों के लिए वे आजीवन संघर्ष करते रहे। भारतीय जनजीवन में सेवा, न्यायऔर समानता का प्रेरणास्त्रोत है उनका त्याग। दूरदर्शी चिंतन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों का सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करने वालों में सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, सुशील कुमार शाही, ओंकार नाथ चौधरी, बिंदुकांत मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, सविता श्रीवास्तव, त्रिभुवन पटेल, नीरज कुमार, सुनील साहनी, मो अलाउद्दीन, मुमताज अंसारी, नवल किशोर शर्मा, दीपू सिंह आदि मुख्य थे।

### पुलिस केंद्र का डीआईजी ने किया निरीक्षण पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तिरहुत क्षेत्र के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने मुजफ्फरपुर पुलिस केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद डीआईजी ने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता और अनुशासन का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पुलिस केंद्र की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों, वाहन प्रबंधन व्यवस्था, पुलिसकर्मियों के कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं तथा जन शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों की जानकारी ली और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डीआईजी ने पुलिस अभिलेखों के डिजिटलीकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने सभी शाखाओं को रिकॉर्ड अद्यतन रखने तथा आम जनता से जुड़े मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने पर जोर देते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े विषयों की भी समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया।



पुलिस केंद्र का निरिक्षण कर निकलते तिरहुत प्रक्षेत्र के डीआईजी।

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित कटरा व गायघाट प्रखंड क्षेत्र में नदी के तटबंध व स्लुइस गेट का किया निरीक्षण

# बागमती में कटाव रोकने के लिए 7.98 करोड़ मंजूर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** संभावित बाढ़ की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में बाढ़ पूर्व तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने अधिकारियों की टीम के साथ जिले के बाढ़ प्रभावित प्रखंड कटरा एवं गायघाट का भ्रमण कर तटबंधों, स्लुइस गेटों एवं अन्य बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया।

### कटावरोधी कार्य के लिए मिली प्रशासनिक स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया पूरी कर अभियंताओं को कार्य प्रारंभ करने का निर्देश

इस दौरान उन्होंने अपर समाहर्ता आपदा एवं अंचलाधिकारी को सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित अंचलाधिकारियों को पूरे तटबंध का नियमित निरीक्षण करने तथा संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संभावित कटाव वाले स्थानों पर फ्लड फाइटिंग मटेरियल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुरक्षात्मक कार्य किया जा सके। उन्होंने अंचलाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों का मोबाइल नंबर संधारित रखने एवं उनसे निरंतर संपर्क बनाए रखने का निर्देश दिया, जिससे किसी भी आपात सूचना पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। जिलाधिकारी ने क्षेत्र के स्लुइस गेटों का भी गहन निरीक्षण किया और उनके सुचारु संचालन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी स्लुइस गेटों का नियमित संचालन एवं तकनीकी जांच सुनिश्चित की जाए। गेटों के आसपास जमी गाद, जलकुंभी एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाकर निर्बाध जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जलस्तर का लगातार आकलन करते हुए आवश्यकता के अनुसार समय पर स्लुइस गेट का संचालन किया जाए तथा सभी यांत्रिक उपकरणों का नियमित



कटरा व गायघाट क्षेत्र का भ्रमण कर बागमती नदी के तटबंध का निरीक्षण करते अधिकारियो की टीम के साथ जिलाधिकारी कुमार गौरव।

रखरखाव कर उन्हें हर समय कार्यशील स्थिति में रखा जाए। साथ ही उन्होंने जल संसाधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बाढ़ की स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने का निर्देश दिया। संवेदनशील क्षेत्रों में 247 निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

इसी दौरान बागमती नदी के कटाव से प्रभावित रुन्नीसैदपुर-कटरा-केवटसा पथ की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी की पहल पर कटावरोधी कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से नवादा गांव के समीप बागमती नदी के कटाव के कारण सड़क पर खतरा मंडरा रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग को पत्र लिखकर तत्काल सुरक्षात्मक कार्य कराने का अनुरोध किया था। जिलाधिकारी के अनुरोध पर मुख्य अभियंता, उत्तर बिहार पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग ने स्थल का तकनीकी परीक्षण कर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कराया। विभागीय स्तर पर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद लगभग 7 करोड़ 98 लाख 35 हजार रुपये की लागत से बागमती नदी के किनारे एंटी इरोजन कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही संबंधित अभियंताओं को शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है।

प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत बागमती नदी के किनारे वैज्ञानिक पद्धति से कटावरोधी संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। इससे नदी के तेज बहाव से सड़क की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा भविष्य में होने वाले कटाव को प्रभावी ढंग से रोका जा सकेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद न केवल रुन्नीसैदपुर-कटरा-केवटसा पथ सुरक्षित रहेगा, बल्कि इस मार्ग से आवागमन करने वाले हजारों लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भ्रमण में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अपर समाहर्ता आपदा शैलेश कुमार चौधरी, कटरा अंचलाधिकारी व गायघाट अंचलाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छह साल से फरार कुख्यात अपराधी गुड्डु कुमार को एसटीएफ की टीम ने पूर्वी चंपारण से किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कई संगीन अपराधिक घटनाओ को अंजाम देकर पिछले छः बर्षो से फरार चल रहा जिले का कुख्यात अपराधी जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर पंचरुखिया गांव निवासी प्रमोद राय के पुत्र कुख्यात गुड्डु कुमार को बिहार एसटीएफ की टीम ने दो दिन पहले पूर्वी चंपारण जिले के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार अपराधी की फोटो ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गुड्डु कुमार वर्ष 2020 में हुए लूट और फायरिंग कांड के बाद से फरार था। वही पुलिस पिछले छः वर्षो से उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस रेकॉर्ड में वर्ष 2020 में साहेबगंज थाना क्षेत्र में हुई लूट और फायरिंग मामले का आरोपी गुड्डु कुमार के विरुद्ध कुल 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दिसंबर 2020 में साहेबगंज थाना क्षेत्र के चिकनौटा इलाके में पूर्वी चंपारण के केसरिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी अखिलेश कुमार को रास्ते में रोककर चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। इसके बाद अपराधियों ने उसके पास मौजूद जरूरी दस्तावेज और नगद रुपये लूट लिए थे। विरोध करने पर आरोपियों ने कई राउंड फायरिंग भी की थी।

इस घटना में कुख्यात गुड्डु कुमार मुख्य आरोपी था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस घटना के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबीश बढ़ा दी थी, तब से लेकर अबतक वह फरार चल रहा था। पुलिस जांच में गुड्डु कुमार के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में लूट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट समेत कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ की टीम ने गुड्डू कुमार को लंबी पूछताछ के बाद साहेबगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया है।

## मुकेश सहनी का सरकार पर बड़ा हमला

# पप्पू सहनी की हत्या पर बोले- कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे सड़क जाम आंदोलन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गुरुवार की शाम मुजफ्फरपुर पहुंचे वीआईपी सुप्रीमो और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में हत्या का दौर शुरू हो गया है और इन घटनाओं को रोक पाने में राज्य सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। इस दौरान उन्होंने अपने समाज के लोगों से एकजुट रहने की अपील की।



सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते वीआईपी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी।

भोजपुर जिले में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की जनता पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और अंतिम न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने चार माह पूर्व हुए पप्पू सहनी हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अबतक इस मामले में पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उनकी पार्टी आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि वह पीड़ित परिवार से मिलकर आए हैं और आज भी परिवार को न्याय का इंतजार है। मुकेश सहनी ने कहा कि मुजफ्फरपुर के एसएसपी को एक महीने का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि न्याय के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। भोजपुर एनकाउंटर मामले पर बोलते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि जिस डीएसपी राजेश शर्मा पर आरोप लग रहे हैं, यदि मुजफ्फरपुर की पूर्व घटना में उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई हुई होती तो भोजपुर जैसी घटना नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई करने के बजाय संबंधित अधिकारी को प्रमोशन देकर भेज दिया गया, जिसके कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई।

मुकेश सहनी ने कहा कि उनकी पार्टी और वह स्वयं पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा और मामले को लगातार उठाया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि भोजपुर की घटना के बाद जिस प्रकार सवर्ण समाज के लोगों ने विरोध दर्ज कराया, उसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि समाज के लोग किसी भी वर्ग या समुदाय के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ भी इसी तरह आवाज उठाएंगे।

# जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं मरीजों के लिए सुगम बनाने को लेकर जिलाधिकारी कुमार गौरव ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी आईपीडी, इमरजेंसी वार्ड, शिशु वार्ड, मातृ एवं शिशु अस्पताल (एमसीएच), दवा वितरण केंद्र तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिविल सर्जन को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल परिसर स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा अस्पताल में रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की नियमित तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं, प्रसूता माताओं तथा नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं समुचित देखभाल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन सभी सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र मरीज तक प्रभावी ढंग से पहुंचे तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाए।

### मातृ एवं शिशु अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के दिये सख्त निर्देश

इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में संचालित ओपीडी, आईपीडी एवं इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिदिन इलाज कराने आने वाले मरीजों की संख्या, निबंधन की प्रक्रिया, मरीजों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं तथा इमरजेंसी सेवाओं की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों के पंजीकरण से लेकर उपचार तक की पूरी प्रक्रिया सरल एवं व्यवस्थित हो, ताकि किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



अधिकारियो की टीम के साथ सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा सुविधाओं का औचक निरिक्षण करने पहुँचे जिलाधिकारी।।

इस क्रम में जिलाधिकारी दवा वितरण केंद्र भी पहुंचे। जहां उन्होंने दवा भंडार पंजी, दवा वितरण पंजी एवं प्रतिदिन वितरित की जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड देखा तथा उपलब्ध दवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद मरीजों से बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाएं समय पर उपलब्ध हो रही हैं या नहीं। मरीजों ने अस्पताल में उपचार व्यवस्था एवं दवा वितरण प्रणाली पर संतोष व्यक्त किया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा प्रत्येक वार्ड, शौचालय एवं परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित अस्पताल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को केवल जिला अस्पताल ही नहीं, बल्कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का भी नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा किए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार, प्रभारी अधीक्षक डॉ ज्ञानेंदु शेखर सहित सदर अस्पताल के कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### औराई में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम, ससौली रण पर 16 गांवों के ताजियों का हुआ मिलान

**औराई (एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकले ताजिया जुलूस पारंपरिक मार्गों से होते हुए ससौली रण पहुंची, जहां देर शाम तक ताजियों के मिलान का सिलसिला जारी रहा। पूरे



औराई के ससौली अखाडा में तजिया मिलान को लेकर लगी भीड़।

आयोजन के दौरान रणस्थल पर बड़ी संख्या में दर्शक देर शाम तक जमे थे। क्षेत्र के औराई, महेश स्थान, मकसूदपुर, मेडीडीह, नयागांव, ससौली, बभनगामा, पकड़ी चौक, चरपुरवा, सीमरी समेत कुल 16 गांवों के ताजियों का पारंपरिक रूप से ससौली रण पर मिलान कराया गया। वहीं बेदौल, मिरजापुर, बसंत, भलूरा, अमनौर, रामखेतारी, जोगिया बलिया, कोकिलवारा और खेतलपुर के लोगों ने भी ताजिया जुलूस निकालकर मुहर्रम की रस्में अदा कीं। रण स्थल पर विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक युद्ध कौशल का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। खेल-तमाशों, झूलों और अस्थायी दुकानों के कारण ससौली रण पर मेले जैसा माहौल बना रहा। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह के साथ मेले का आनंद लिया। वही मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा एवं थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ लगातार रण स्थल और जुलूस मार्गों का निरीक्षण करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्थानीय समाजसेवियों और गणमान्य लोगों ने भी आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सक्रिय सहयोग दिया। समाचार लिखे जाने तक ससौली रण पर विभिन्न गांवों के ताजिया जुलूसों के मिलान का क्रम जारी था। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौके पर तैनात थे। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से पूरे औराई क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न होता रहा।

### बैरगनिया में एक देशी कट्टा, मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुहर्रम के एक रात पूर्व कला कौशल के प्रदर्शन के दौरान हथियार का प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस ने करवाई कर एक युवक को एक देशी कट्टा, मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के भकुरहर गांव में गुरुवार की रात तब पुलिस ने करवाई की जब सूचना मिली कि एक युवक मुहर्रम को लेकर कला कौशल के प्रदर्शन के दौरान हथियार का प्रदर्शन कर रहा है।एएसआई बलराम प्रसाद के नेतृत्व में सशस्त्र बल ने भकुरहर गांव निवासी मो. मेराज के पुत्र मो. शाहिद आलम को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके मोबाइल को भी जप्त किया गया जिसमें इंस्ट्राग्राम पर हथियार के प्रदर्शन का वीडियो अपलोड किया गया था। श्री गिरी ने बताया कि इस मामले में कांड दर्ज कर शाहिद को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पूर्व विधायक नागेन्द्र प्रसाद यादव के निधन पर राजद नेताओं ने जताया शोक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के सुरसंड विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे जिले के सरदलपट्टी निवासी नागेन्द्र प्रसाद यादव के असामियिक निधन पर जिला राजद कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी


दिवंगत पूर्व विधायक नागेन्द्र प्रसाद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते राजद नेता।

अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने किया। पूर्व विधायक सुनील कुशवाहा ने कहा कि विगत दिनों 77 वर्ष की आयु में उपचार के दौरान सुरसंड के पूर्व विधायक नागेन्द्र यादव के दुःखद निधन की खबर बेहद पीड़ा दायक है, वे सुरसंड विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे। युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शरण नारायण ने कहा कि नागेन्द्र बाबू एक कुशल एवं सरल व्यक्तित्व, के धनी थे जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा लोगों के सुख-दुःख में हमेशा सहभागी बनने की भावना उन्हें समाज में एक वेहतर जनप्रतिनिधि के रुप मे पहचान दिया। उनके निधन से जिले वासियो, क्षेत्र वासियों के साथ ही मुझे व्यक्तिगत अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भारपाई कभी संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में राजद नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतू दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी।
कार्यक्रम को युवा राजद के प्रदेश महासचिव अमर यादव, प्रदेश सचिव जवाहर यादव, श्यामबाबू प्रसाद यादव, अहिराज शैलेंद्र भूषण, राम कृष्ण महतो, डॉ सुरेन्द्र महतो, संजय कुमार, डॉ आलम, सहित दर्जनों राजद नेताओं ने उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सीतामढ़ी में आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व संपन्न

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच विभिन्न गांवों में ताजिया मिलान का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सोनबरसा, भुतही, फतहपुर, मड़पा, फरछहिया, मुबारकपुर, महुलिया, तिलंगही, कचोर, बगहा सहित कई गांवों के मुस्लिम समुदाय ने अपने-अपने रैन स्थलों पर ताजिया का मिलान किया।

विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने पारंपरिक कला और आकर्षक करतब प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। महिलाओं और बच्चों में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर एक गांव के खिलाड़ियों का दूसरे गांव के खिलाड़ियों से मिलान भी कराया गया। रैन स्थलों पर लगे मेलों में सौंदर्य प्रसाधन, मिठाई, आइसक्रीम, खिलौने एवं अन्य घरेलू उपयोग की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। महिलाओं और बच्चों ने मेले का भरपूर आनंद लेते हुए खरीदारी की।

मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रखंड के संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों


पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन करते अकीदतमंद।


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद पुलिस व अधिकारी।

के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचलाधिकारी अनुपम कुमार, भुतही थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार, सोनबरसा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा तथा कन्हौली थानाध्यक्ष लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं मुहर्रम की 9वीं और 10वीं तारीख को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इबादत में भी समय व्यतीत किया। अकीदतमंदों ने रोजा रखा, नफ्ल नमाज अदा की तथा हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने-कर्बला की कुबार्नी को याद करते हुए अमन, भाईचारे और देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।


## शहीद-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस में शिक्षा, इबादत और सामाजिक सौहार्द का दिया गया संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में मेहसौल आजाद चौक पर शहीद-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अजमत ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कर्बला के संदेश को आत्मसात किया।

मुख्य वक्ता मौलाना अब्दुल्लाह सालिम चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि ताजियादारी का इस्लाम मजहब से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर ढोल-ताशा बजाना उचित नहीं है। इस दिन इबादत, तिलावत, दुआ और शहीद-ए-कर्बला हजरत इमाम हुसैन की कुबार्नी से सबक लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश सत्य, इंसाफ, सब्र और मानवता की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने शिक्षा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की तरक्की का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। बच्चों और युवाओं को आधुनिक एवं धार्मिक शिक्षा से जोड़कर ही एक जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और


सम्मेलन को सम्बोधित करते वक्ता व उपस्थित अन्य।

प्रेम के साथ रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी धर्मों का सम्मान और इंसानियत की सेवा ही समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग है। मौलाना मुश्ताक मुजाहिरी ने अपने संबोधन में कहा कि कर्बला का वाकया पूरी इंसानियत के लिए सब्र, त्याग और हक पर डटे रहने की मिसाल है। उन्होंने लोगों से धार्मिक शिक्षाओं पर अमल करने, नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा समाज में अमन, भाईचारा और एकता को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की कुबार्नी हमें हर परिस्थिति में सत्य और न्याय का साथ देने की प्रेरणा देती है। कांफ्रेंस में ट्रस्ट के सचिव अलाउद्दीन बिस्मिल, अध्यक्ष हाजी नईम, मेयर प्रतिनिधि आरिफ हुसैन, अजीजूर्रहमान, कमर अख़्तर, मो. अखतर, आरिफ मीना टेंट हाउस, सलाउद्दीन, नसीम बादशाह, आमीर मोखतार, जलालुद्दीन प्रिंस, जफीर उर्फ बरे, ज्याउद्दीन, मेराजुल हक, राजा, मो. ताहीर हुसैन, मो. एजाज, मास्टर अब्दुल कयूम सहित सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद रहे। सम्मेलन के अंत में देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई।


बैरगनिया में मुहर्रम पर आकर्षक ताजिया के साथ निकले अखाड़ा जुलूस में शामिल अकीदतमंद।

## बैरगनिया में मुहर्रम भाईचारा व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर बैरगनिया में शुक्रवार को पारंपरिक ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया।

भकुरहर, नन्दबारा, मुसाचक, भकुरहर,सिंदुरिया, धुनिया टोला, कबाड़ी टोला, चमड़ा गोदाम, शिवनगर, सेखौना आदि विभिन्न स्थानों से निर्धारित मार्गों से होकर जुलूस निकला जो शहर के पटेल चौक पहुँचकर अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया फिर जुलूस कर्बला चौक पहुँचकर जुलूस मेला में तब्दील हो गया। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। जुलूस मार्ग पर पुलिस बल, दंडाधिकारी तथा अन्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी।

संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई और अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से जगह जगह वीडियोग्राफी भी कराई जाती रही है। बहरहाल मुहर्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया है।

## आगामी 5 जुलाई को 30 वें स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला राजद ने की बैठक

**जिले के सभी सत्रह प्रखंडों में आगामी 30 जून को तैयारी समिति की बैठक आयोजित हेतु प्रखंड प्रभारी की जिम्मेदारी नेताओं को दी गइ**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजद के 30 वें स्थापना दिवस समारोह आगामी 5 जुलाई को ऐतिहासिक तरीके से सीतामढ़ी मे मनाने का निर्णय लिया गया!

बैठक को संबोधित करते हुए राजद के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि 05 जुलाई 1997 को पार्टी का स्थापना गरीब, गुरबों, सोषितो, पीड़ितो एवं समाज के अंतिम


औद्योगिक क्षेत्र सीतामढ़ी स्थित जिला राजद कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के नेता।

पंक्ति मे खड़े व्यक्ति को उसका हक दिलवाने सहित अन्य कई उद्देश्यों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के द्वारा की गयी थी तब से पार्टी प्रत्येक वर्ष 5 जुलाई को अपना स्थापना दिवस मानती आयी है!

स्थापना दिवस समारोह में जिले के बुथ स्तरीय कार्यकताओं सहित पार्टी के विचारधारा के प्रति समर्पित लोगों की अत्यधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी सत्रह प्रखंडों में आगामी 30 जून को तैयारी समिति की बैठक आयोजित कराने हेतु प्रखंड प्रभारी की जिम्मेदारी पार्टी नेताओं को दी गई जिसमें जिले के रूनीसैदपुर प्रखंड के प्रभारी के रूप में युवा नेता हरिओम शरण नारायण, नानपुर प्रखंड के प्रभारी ब्रजमोहन मंडल, रीगा प्रखंड के रामनाथ यादव, मेजरगंज प्रखंड के सुनील कुमार यादव, सुरसंड प्रखंड के मनोज कुमार यादव, पुपरी प्रखंड के संजय कुमार, डुमरा प्रखंड के अहिराज शैलेंद्र भूषण, बेलसंड प्रखंड के ललन प्रसाद यादव, परसौनी प्रखंड के अमर यादव, परिहार के बंदना कुमारी सहित दर्जनों नेताओं को प्रखंड प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई!

बैठक में युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शरण नारायण, प्रदेश महासचिव अमर यादव, प्रदेश सचिव जवाहर यादव, संजय कुमार, संजीत कुमार छोटू सुनील कुमार यादव, अहिराज शैलेन्द्र भूषण,डॉ सुरेंद्र महतो, श्यामबाबू प्रसाद यादव, रामकृष्ण महतो सहित सैकड़ो राजद नेता उपस्थित थे जिन्होंने अपने विचारों को रखा।

**स्वामी जी के किसान आन्दोलन का सवाल आज ज्यादा प्रासंगिक : संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा**

## 77वें महाप्रयाण दिवस पर स्वामी सहजानन्द को दी गयी श्रद्धांजलि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी के 77वें महाप्रयाण दिवस पर उन्हे श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कार्यालय में 'खेती के खतरे' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी ने की।

चर्चा को आगे बढाते हुए मोर्चा के उतर बिहार के संयोजक डा. आनन्द किशोर ने कहा स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने 1938 में बिहार की धरती से किसानों को भगवान कहा था और खेतों की सुरक्षा तथा किसानों के साम्राज्यवादी तथा सामंती शोषण के खिलाफ बडे संघर्ष का बिगुल फूंका था, आज आजाद भारत में हमारी खेती बड़े खतरे में हैं।

किसान-मजदूरों के जीवन से जुडी जल,जंगल जमीन, पर्वत सभी की लूट जारी है। बडे पूंजीपतियों तथा कारपोरेट के हित साधन में खेत तथा उपज छीनने का खेल जारी है।

अभी अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील में खेती, डेयरी, पोल्ट्री पर खतरे के साथ खाद्य तथा आर्थिक संप्रभुता पर खतरा मंडरा रहा है। शहरीकरण तथा विकास के नाम बडे उद्योगपतियों तथा कारपोरेट



संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कार्यालय, सीतामढ़ी में आयोजित संगोष्ठी में शामिल लोग।

**'खेती के खतरे' विषय पर संगोष्ठी आयोजित**

के हित में भूमि अधिग्रहण, सेटेलाईट सीटी के नाम परभूमि छीनकर संवैधानिक अधिकारों पर हमला, कहीं अरावली पर्वत कहीं मध्य भारत का फेफरा हसदेव तथा अन्य जंगलों में विगत तीन सालों में खनन परियोजनाओं के तहत वन भूमि का 28लाख से अधिक पेड काटने की मंजूरी केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने दे दी है।

देश के कृषि उपज का ठेका अडानी समूह को दे दिया गया है जिससे सरकारी खरीद तथा एमएसपी पर खतरा बढने की आशंका है। मोर्चा उपाध्यक्ष चन्द्रदेव मंडल ने कहा कि वैश्वीकरण के बाद से हीं खेती पर कारपोरेट की नजर है सरकार नया जमींदार वर्ग खडा कर रही है। शिक्षक नेता विजय शुक्ला ने कहा कि खेती पर व्याप्त गंभीर संकट की स्थिति में स्वामी जी के रास्ते संघर्ष तेज करना होगा।

शशिधर शर्मा ने कहा स्वामी जी का आन्दोलन आज के समय में ज्यादा प्रासंगिक है। अमरेन्द्र राय ने कहा सेटेलाईट सीटी किसानों पर बडा खतरा है। महासचिव अबधेश यादव ने कहा कि सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट के खिलाफ किसानों को भारी गोलबंदी करनी होगी।

मो. मुतुर्जा ने कहा सबका पेट भरने वाला किसान सर्वाधिक तबाही झेल रहा है। बैठक में मोर्चा नेता नन्दकिशोर मंडल,अशोक निराला, डा.नवल प्रसाद यादव, अश्विनी कुमार मिश्र, रामसुरेश तिबारी, उपेन्द्र आर्य, श्याम बिहारी पंडित, पुरुषोत्तम कुमार, प्रियांशु कुमार सहित अन्य किसान नेताओं ने विचार रखा तथा खेती पर व्याप्त खतरे के खिलाफ आन्दोलन तेज करने का संकल्प व्यक्त किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर किसानों के सूर्य स्वामी जी को भारतरत्न देने की केन्द्र सरकार से मांग की गई।

## सम्पादकीय


### पीएमसीएच की चरमराती व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री की कार्रवाई ने दिया एक कड़ा संदेश

बिहार के सबसे बड़े और ऐतिहासिक सरकारी अस्पताल, पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का अतीत जितना गौरवशाली और सेवा-भाव से परिपूर्ण रहा है, वर्तमान की तस्वीर उतनी ही स्याह और सवालों के घेरे में है। हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य बजट में इजाफा करते हुए करोड़ों रुपये खर्च करके अस्पताल के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार करने का प्रयास किया है। अस्पताल परिसर में नई और भव्य इमारतों का निर्माण हो रहा है और बेड की संख्या में भी भारी इजाफा किया गया है। पीएमसीएच को विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की दिशा में ढांचागत कदम बढ़ाए जा रहे हैं। लेकिन, एक बड़ी विडंबना यह है कि अस्पताल की इमारतें तो ऊंची हो रही हैं और बिस्तरों की कतारें लंबी हो रही हैं, परंतु व्यवस्था और मानवीय संवेदना का स्तर लगातार रसातल की ओर जा रहा है। मरीजों की बेतहाशा भीड़, फर्श पर तड़पते बीमार, इलाज में घोर लापरवाही और चरमराती प्रशासनिक अव्यवस्था पीएमसीएच की एक स्थायी पहचान बन चुके हैं। ऐसे निराशाजनक माहौल में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा कॉलेज के प्रिंसिपल पर की गई हालिया सख्त कार्रवाई ने पूरे स्वास्थ्य महकमे में एक नई बहस और हलचल को जन्म दे दिया है। यह शायद पीएमसीएच के हालिया इतिहास में पहली बार है जब किसी इतने ऊंचे पद पर आसीन अधिकारी पर निजी क्लीनिक चलाने और कर्तव्यहीनता के स्पष्ट आरोपों के तहत सीधे और इतने कड़े रूप में गाज गिरी है।

अब तक पीएमसीएच की बदहाली, मरीजों की मौत और हंगामे के केंद्र में आमतौर पर जूनियर डॉक्टर ही रहा करते थे। जब भी अस्पताल में कामकाज ठप होता, मरीज बेहाल होते या तीमारदारों के साथ मारपीट की दुखद घटनाएं सामने आतीं, तो प्रशासन और समाज की उंगलियां हमेशा जूनियर डॉक्टरों की ओर ही उठती थीं। जूनियर डॉक्टर बार-बार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाते रहे हैं, जिससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह पंगु होती रही हैं। लेकिन, इस पूरी तस्वीर का एक दूसरा और बेहद चिंताजनक पहलू भी है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। जूनियर डॉक्टरों के आक्रोश और हंगामे के पीछे की एक बहुत बड़ी वजह सीनियर डॉक्टरों, प्रोफेसरों और विभागाध्यक्षों की अस्पताल से अघोषित गैरमौजूदगी रही है। वरिष्ठ चिकित्सक अक्सर अपनी ड्यूटी के निर्धारित समय में भी अस्पताल के वार्डों से नदारद रहकर अपने आलीशान निजी क्लीनिकों में मरीजों को देखने और धनार्जन करने में व्यस्त रहते हैं। नतीजतन, दूर-दराज के गांवों से अस्पताल में आने वाले हजारों गंभीर मरीजों के इलाज और उनके परिजनों के सवालों का पूरा बोझ अनुभवहीन जूनियर डॉक्टरों के कंधों पर आ जाता है। अत्यधिक काम का दबाव, संसाधनों की कमी और मरीजों के परिजनों के स्वाभाविक आक्रोश का सीधा सामना अंततः इन्हीं जूनियर छात्रों को करना पड़ता है। प्रिंसिपल पर हुई कार्रवाई ने इस दबी हुई सच्चाई को पूरी तरह से पुख्ता कर दिया है कि समस्या की जड़ें नीचे नहीं, बल्कि व्यवस्था के शीर्ष पर मजबूती से फैली हुई हैं और केवल जूनियर डॉक्टरों को बलि का बकरा बनाना समस्या का वास्तविक समाधान कभी नहीं था।

सरकारी डॉक्टरों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम चलाना बिहार की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक असाध्य नासूर बन चुका है। नैतिक और कानूनी नियमों के मुताबिक, सरकारी खजाने से वेतन और अन्य भत्ते लेने वाले डॉक्टरों का पहला दायित्व सरकारी अस्पताल के मरीजों के प्रति होता है। इसके बावजूद, राजधानी पटना सहित पूरे राज्य में सरकारी अस्पतालों के वरिष्ठ डॉक्टर धड़ल्ले से अपना निजी व्यवसाय चला रहे हैं। पीएमसीएच जैसे राज्य के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित संस्थान के मुखिया (प्रिंसिपल) पर ही ऐसे गंभीर आरोप लगना यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार और कर्तव्यहीनता की यह बीमारी किस हद तक व्यवस्था की रगों में दौड़ रही है। जब किसी मेडिकल कॉलेज का शीर्ष प्रशासक ही अपने शासकीय कर्तव्यों की वेदी पर निजी स्वार्थ की बलि चढ़ा दे, तो वह अपने मातहत काम करने वाले डॉक्टरों, कर्मचारियों और भविष्य के चिकित्सकों (छात्रों) को क्या नैतिक शिक्षा और अनुशासन का पाठ पढ़ाएगा । इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो स्वास्थ्य मंत्री का यह कदम केवल एक व्यक्ति विशेष के खिलाफ की गई दंडात्मक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह उस पूरी सड़ी-गली कार्यसंस्कृति पर एक कड़ा और सीधा प्रहार है जिसने सरकारी अस्पतालों को महज अपने निजी क्लीनिकों के लिए रेफरल सेंटर या मरीजों को फंसाने का जरिया बनाकर रख दिया है।

# देश में पहचान और नागरिकता के बीच धुंधली होती लकीर


राजेन्द्र रमन

हाल के दिनों में एक समाचार पत्र में छपी रिपोर्ट और उसके बाद भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा दिए गए एक स्पष्टीकरण ने पूरे देश में एक नई, जटिल और संवेदनशील बहस छेड़ दी है। पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज (ट्रैवल डक्यूमेंट) है और इसे नागरिकता का पूर्ण, निर्णायक या अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता है।

इस एक बयान ने आम जनता से लेकर राजनीतिक गलियारों और सोशल मीडिया तक भारी हलचल मचा दी है। लोगों के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि अगर वह पासपोर्ट, जिसे बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पते का प्रामाणिक सबूत और सबसे बढ़कर पुलिस की कड़ी जांच (वेरिफिकेशन) से गुजरना पड़ता है, वह भी नागरिकता का पक्का सबूत नहीं है, तो आखिर सरकार किस दस्तावेज को मान्यता देगी इस सवाल ने देश में पहचान और नागरिकता के बीच के बारीक अंतर को सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है।

इस मुद्दे पर छिड़ी बहस केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों आम नागरिकों की पहचान और उनके अस्तित्व से गहरे स्तर पर जुड़ी हुई है। जावेद अख्तर जैसे प्रबुद्ध विचारकों और कई विपक्षी नेताओं ने इस पर सवाल उठाया कि यदि पासपोर्ट नागरिकता का सौ प्रतिशत सबूत नहीं है, तो फिर असली कानूनी दस्तावेज कौन सा है ।

आम आदमी के नजरिए से देखा जाए, तो पासपोर्ट एक ऐसा शक्तिशाली दस्तावेज है जो यह प्रमाणित करता है कि भारत सरकार ने सभी जांच-पड़ताल के बाद उस व्यक्ति को अपना नागरिक माना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जब कोई भारतीय विदेश जाता है, तो वहां की विदेशी सरकारें उसी पासपोर्ट के आधार पर उसे भारतीय नागरिक मानती हैं और उसे दूतावास की सुरक्षा मिलती है। ऐसे में अचानक अपने ही देश में उस प्रतिष्ठित दस्तावेज को केवल यात्रा के लिए एक अनुमति पत्र बता देने से लोगों में अपनी पहचान और अधिकारों को लेकर एक तरह का मनोवैज्ञानिक भय और भ्रम पैदा हो गया है।

इस पूरी बहस की गहराई को समझने के लिए हमें पहचान पत्र, राष्ट्रीयता और नागरिकता के बीच के कानूनी अंतर को समझना होगा। विदेश मंत्रालय का यह बयान अचानक लिया गया कोई नया फैसला नहीं है, बल्कि यह दशकों पुरानी कानूनी स्थिति का एक तकनीकी दोहराव है।

दरअसल, भारत में जो पासपोर्ट जारी किए जाते हैं, वे पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के तहत बनाए जाते हैं। दूसरी ओर, किसी व्यक्ति की नागरिकता का निर्धारण नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत होता है। विदेश मंत्रालय का मुख्य काम नागरिकों को विदेश यात्रा के लिए दस्तावेज मुहैया कराना है, जबकि नागरिकता देने, तय करने या रद्द करने का एकमात्र संवैधानिक अधिकार गृह मंत्रालय के पास है।

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता (नेशनलिटी) तो बताता है, जो अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए अनिवार्य है, लेकिन यह नागरिकता (सिटिजनशिप) का कानूनी और अंतिम प्रमाण नहीं है।

राष्ट्रीयता एक व्यापक शब्द है जो बताता है कि आप किस देश से संबंध रखते हैं, जबकि नागरिकता उन विशेष कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों को दर्शाती है जो सरकार अपने नागरिकों को देती है। यहां तक कि पासपोर्ट अधिनियम की धारा 20 के तहत, भारत सरकार विशेष परिस्थितियों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है। यही कारण है कि केवल पासपोर्ट का होना नागरिकता की अटूट कानूनी गारंटी नहीं बन जाता।

इस संदर्भ में न्यायपालिका का रुख भी हमेशा से स्पष्ट रहा है, जो वर्तमान विवाद को और अधिक स्पष्ट करता है। साल 2013 में बम्बे हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में स्पष्ट किया था कि केवल पासपोर्ट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र या वोटर आईडी कार्ड होने मात्र से कोई व्यक्ति स्वतः ही भारतीय नागरिक नहीं बन जाता। न्यायालय ने माना था कि कानून में यह साफ तौर पर दर्ज है कि किस व्यक्ति को भारतीय नागरिक माना जाएगा और यह पूरी तरह से 1955 के नागरिकता कानून की शर्तों पर निर्भर करता है।

हमें यह भी समझना होगा कि देश में प्रचलित अन्य तमाम लोकप्रिय पहचान पत्र भी नागरिकता के प्रमाण नहीं हैं। आधार कार्ड भारत में रहने वाले निवासियों (रेजिडेंट्स) की बायोमेट्रिक पहचान है, जिसे बनवाने के लिए भारत का नागरिक होना जरूरी नहीं है। इसी तरह वोटर आईडी कार्ड चुनाव में मतदान करने की पात्रता का प्रमाण है और पैन कार्ड वित्तीय लेन-देन या टैक्स जमा करने के लिए जारी होता है। ड्राइविंग लाइसेंस आपको सिर्फ सड़क पर वाहन चलाने की अनुमति देता है। इनमें से किसी भी दस्तावेज का वैधानिक उद्देश्य नागरिकता साबित करना नहीं है।

**असल में, भारत सरकार जन्म से नागरिकता प्राप्त करने वाले अपने करोड़ों लोगों के लिए कोई एक विशेष नागरिकता कार्ड या यूनिवर्सल सिटिजनशिप सर्टिफिकेट जारी नहीं करती है। भारत में नागरिकता मुख्य रूप से पांच तरीकों से मिलती है : जन्म से, वंश के आधार पर, पंजीकरण द्वारा, प्राकृतिक रूप से (नेचुरलाइजेशन) और किसी नए क्षेत्र के भारत में शामिल होने पर।**

तो फिर सबसे बड़ा और यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर वह कौन सा कागज है जिसे सरकार नागरिकता का अंतिम प्रमाण मानेगी। इसका उत्तर थोड़ा जटिल है । यही आम आदमी की चिंता का मुख्य कारण है।

असल में, भारत सरकार जन्म से नागरिकता प्राप्त करने वाले अपने करोड़ों लोगों के लिए कोई एक विशेष नागरिकता कार्ड या यूनिवर्सल सिटिजनशिप सर्टिफिकेट जारी नहीं करती है। भारत में नागरिकता मुख्य रूप से पांच तरीकों से मिलती है : जन्म से, वंश के आधार पर, पंजीकरण द्वारा, प्राकृतिक रूप से (नेचुरलाइजेशन) और किसी नए क्षेत्र के भारत में शामिल होने पर।

जो विदेशी मूल के लोग पंजीकरण या प्राकृतिक रूप से भारत की नागरिकता लेते हैं, उन्हें गृह मंत्रालय बकायदा एक नागरिकता प्रमाण पत्र जारी करता है। उनके लिए तो वही एकमात्र और अंतिम प्रमाण है। लेकिन देश की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी जन्म या वंश के आधार पर नागरिक है, और उनके पास ऐसा कोई विशिष्ट प्रमाण पत्र नहीं होता।

जन्म से भारतीय नागरिकों के लिए नागरिकता का प्रमाण उनका जन्म प्रमाण पत्र (बर्थ सर्टिफिकेट) और उनके माता-पिता की नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों का एक संयुक्त रूप है। नागरिकता अधिनियम के तहत, 26 जनवरी 1950 से लेकर 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मा कोई भी व्यक्ति स्वतः ही भारतीय नागरिक है, भले ही उसके माता-पिता किसी भी देश के नागरिक हों। इस अवधि में जन्मे लोगों के लिए केवल उनका जन्म प्रमाण पत्र या जन्म स्थान का साक्ष्य ही पर्याप्त है।

लेकिन, 1 जुलाई 1987 के बाद से नियम सख्त हो गए। यदि किसी का जन्म 1 जुलाई 1987 से 3 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, तो उसे यह साबित करना होगा कि उसके जन्म के समय माता या पिता में से कोई एक भारतीय नागरिक था। वहीं, 3 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे बच्चों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि उनके माता-पिता दोनों जन्म के समय भारतीय नागरिक हों, या कम से कम एक भारतीय हो और दूसरा अवैध प्रवासी न हो। इसका सीधा अर्थ यह है कि 1987 के बाद जन्मे लोगों के लिए केवल उनका अपना जन्म प्रमाण पत्र भी नागरिकता का पूर्ण प्रमाण नहीं है, उन्हें इसे साबित करने के लिए अपने माता-पिता के जन्म या उनके भारतीय होने के रिकर्ड भी दिखाने होंगे।

निष्कर्षतः, हालिया पासपोर्ट विवाद ने भारत में पहचान और नागरिकता के बीच के बारीक लेकिन बेहद महत्वपूर्ण अंतर को आम जनता के सामने ला दिया है। सरकार का यह रुख कानूनी और तकनीकी रूप से भले ही पूरी तरह सही हो, लेकिन व्यावहारिक रूप से यह आम आदमी को कागजातों के एक ऐसे जटिल चक्रव्यूह में धकेलता हुआ प्रतीत होता है, जहां उसे अपने ही देश में अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कई पीढ़ियों के रिकार्ड खंगालने पड़ सकते हैं। एक ऐसे विशाल देश में जहां दशकों तक जन्म पंजीकरण को गंभीरता से नहीं लिया गया, प्राकृतिक आपदाओं में लोगों के घर और कागज बह गए, और करोड़ों लोगों के पास अपना ही अधिकृत जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, वहां माता-पिता और पूर्वजों के दस्तावेजों की मांग, एक बड़ी आबादी के लिए अस्तित्व के संकट का कारण बन सकती है।

जरूरत इस बात की है कि सरकार केवल कानूनी स्थिति स्पष्ट करके पल्ला न झाड़े, बल्कि एक ऐसी पारदर्शी, सरल और सुलभ व्यवस्था का निर्माण करे, जिससे आम नागरिकों को अपनी नागरिकता को लेकर किसी भी प्रकार के भय, उत्पीड़न या अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। जब तक कोई एक सुलभ राष्ट्रीय नागरिकता दस्तावेज सभी के लिए उपलब्ध नहीं हो जाता, तब तक जन्म प्रमाण पत्र, पूर्वजों के रिकर्ड और स्थापित पहचान पत्रों के सामूहिक मूल्यांकन को ही नागरिकता का व्यावहारिक आधार मानना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तम्भकार हैं।)*

# एसबीआई कार्ड : रोजमर्रा के लेन-देन में अपनाएं सुरक्षित भुगतान की आदतें

**ग्राहकों** के खरीदारी करने, खर्च करने और भुगतान करने का तरीका तेजी से बदल रहा है। आज डिजिटल लेन-देन केवल एक ही माध्यम या समय तक सीमित नहीं है ग्राहक अब रिटेल और ई-कमर्स प्लेटफार्म पर खरीदारी करने, यात्रा की बुकिंग करने, बिलों का भुगतान करने या रोजमर्रा के खर्चों को संभालने के लिए लगातार डिजिटल लेन-देन कर रहे हैं। वहीं, बढ़ते डिजिटल उपयोग ने धोखाधड़ी करने वालों के लिए भी नए अवसर पैदा कर दिए हैं, जिसके चलते वे अधिक उन्नत तरीकों का इस्तेमाल करके अनजान उपयोगकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं।

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, कार्ड और इंटरनेट से होने वाली धोखाधड़ी के मामले देश में रिपोर्ट किए गए कुल धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 74 प्रतिशत थे, ये वित्तीय धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा सामने आने वाले तरीकों में से एक हैं। ऐसी घटनाओं से लोगों को पैसों का नुकसान, परेशानी और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इन घटनाओं की बढ़ती संख्या यह बताती है कि जागरूकता और सुरक्षित डिजिटल वित्तीय तरीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। ग्राहक-केंद्रित वित्तीय संस्थाएं जैसे एसबीआई कार्ड ग्राहकों की सुरक्षा और बेहतर अनुभव के लिए आधुनिक तकनीक, मजबूत सुरक्षा सुविधाओं, 24 गुना 7 लाइव चैट सहायता और पूरे इकोसिस्टम में ग्राहक जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसी के साथ, ग्राहकों के लिए भी जरूरी है कि वे सतर्क और सावधान रहें तथा समझदारी भरी आदतें अपनाएं, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं से बचा जा सके और उन्हें कम किया जा सके।

इस पर टिप्पणी करते हुए एसबीआई कार्ड की एमडी और सीईओ सलिला पांडे ने कहा- डिजिटल भुगतान और क्रेडिट कार्ड उद्योग का भविष्य आखिरकार विश्वास पर ही निर्भर करेगा। उद्योग लगातार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिनमें उन्नत सुरक्षा ढांचे और डेटा सुरक्षा से जुड़ी पहलों में निवेश करना शामिल है। वहीं, जैसे-जैसे धोखाधड़ी के तरीके विकसित हो रहे हैं, ऐसे ग्राहक जो यह समझते हैं कि धोखाधड़ी किस तरह की जाती हैं, वे ही अक्सर इनके खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच साबित होते हैं। बातचीत की पुष्टि करना, संवेदनशील जानकारी साझा न करना और बिना मांगे आए अनुरोधों से सावधान रहना इन जैसी सरल आदतें अपनाने से ग्राहक धोखाधड़ी के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

एसबीआई कार्ड के अनुसार, सुरक्षित, समझदारी भरे और अधिक भरोसेमंद भुगतान अनुभव के लिए प्रत्येक ग्राहक को अन्य उपायों के साथ-साथ इन दस बातों का पालन करना चाहिए : केवल भरोसेमंद प्लेटफार्म पर ही खरीदारी करें, हमेशा आधिकारिक ब्रांड वेबसाइटों या भरोसेमंद ऑनलाइन मार्केटप्लेस से ही सामान खरीदें। सोशल मीडिया या मैसेजिंग ऐप्स के जरिए भेजी गई नकली वेबसाइटों के लिंक या अनजान अटैचमेंट पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि ये डिजिटल धोखाधड़ी का एक आम जरिया होते हैं।

एप्लिकेशन केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही डाउनलोड करें : मोबाइल एप्लिकेशन हमेशा आधिकारिक ऐप स्टोर्स से ही इंस्टाल करें। अनजान वेबसाइटों या अप्रमाणित स्रोतों से एपीके फाइलें या ऐप डाउनलोड करने से बचें, साथ ही, व्हाट्सएप, एसएमएस, ईमेल, सोशल मीडिया या क्यूआर कोड के माध्यम से मिले अनजान लिंक से ऐप डाउनलोड न करें, क्योंकि इनमें ऐसे मैलवेयर हो सकते हैं जो आपके डिवाइस और निजी जानकारी को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

**अपने अकाउंट के पासवर्ड को नियमित रूप से अपडेट करना बेहद महत्वपूर्ण है। हमेशा ऐसा मजबूत और अलग पासवर्ड चुनें जो आपके ईमेल सोशल मीडिया अकाउंट के पासवर्ड से अलग हो। अपना पासवर्ड कभी भी किसी के साथ साझा न करें।**

कभी भी निजी जानकारी साझा न करें : किसी भी व्यक्ति के साथ अपने कार्ड की जानकारी, पीआईएन , ओटीपी या सीवीवी साझा न करें और किसी भी लेन-देन से पहले कॉल, ईमेल या मैसेज की वास्तविकता की जांच जरूर करें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शिकायत सवाल करते समय भी अपने कार्ड की जानकारी या फोन नंबर साझा न करें। वैध संस्थाएं कभी भी आपकी गोपनीय जानकारी नहीं मांगती हैं।

स्क्रीन शेयरिंग से होने वाली धोखाधड़ी से बचें : अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप या मोबाइल फोन की स्क्रीन किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर करने से बचें।

फिशिंग (धोखाधड़ी वाले संदेशों) से सावधान रहें : ऐसे धोखाधड़ी वाले ईमेल, मैसेज और कॉल से सावधान रहें जिनमें दावा किया जाता है कि आपका अकाउंट बंद हो गया है, आपके पइंट्स/आफर्स खत्म होने वाले हैं, या जिनमें नकली डिलीवरी अपडेट, फर्जी ई-चालान, टैक्स नोटिस/जुमनि की जानकारी दी जाती है। किसी भी जानकारी या बदलाव की पुष्टि हमेशा आधिकारिक ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों से ही करें। भरोसेमंद संस्थाएं तथा क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली कंपनियां कभी भी कार्डधारक से गोपनीय जानकारी जैसे (ओटीपी, सीवीवी, पीन, पासवर्ड आदि) या मैसेज नहीं माँगती हैं।

वित्तीय संस्थानों के नाम पर आने वाली कॉल की जांच करें : धोखेबाज अक्सर बैंक अधिकारी, क्रेडिट कार्ड प्रतिनिधि, ग्राहक सेवा अधिकारी या वित्तीय सलाहकार बनकर कॉल करते हैं। वे कार्ड अपग्रेड, क्रेडिट लिमिट बढ़ाने, रिवर्ड रिडीम करने, सेटलमेंट ऑफर या अकाउंट दोबारा शुरू करने जैसी सेवाओं का लालच देकर डर या जल्दबाजी की स्थिति पैदा करते हैं। अगर आपको ऐसी कोई कॉल आती है, तो कॉल काट दें और संबंधित संस्था से उसकी आधिकारिक ग्राहक सेवा के माध्यम से सीधे संपर्क करें।

भुगतान से जुड़ी धोखाधड़ी से सावधान रहें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें : अगर आपके अकाउंट में कोई ऐसा भुगतान या रिफंड दिखाई देता है जिसकी पुष्टि नहीं हुई है, तो कोई भी कदम उठाने से पहले हमेशा जांच लें कि वह राशि वास्तव में आपके अकाउंट में जमा हुई है या नहीं। अगर गलती से आप अपनी संवेदनशील जानकारी साझा कर देते हैं, किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर देते हैं, कोई बिना सत्यापित ऐप इंस्टाल कर लेते हैं, या अकाउंट में कोई अनधिकृत गतिविधि देखते हैं, तो तुरंत अपने बैंक या कार्ड जारी करने वाली संस्था से संपर्क करें, प्रभावित कार्ड (कार्डों) या खाते (खातों) को ब्लक करें और बिना देरी किए इस घटना की सूचना साइबर अपराध अधिकारियों को दें।

डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका केवल कोई एक टूल या तकनीक नहीं है, बल्कि जानकारी रखने, सतर्क रहने और वित्तीय मामलों में समझदारी दिखाने का मेल है। जैसे-जैसे धोखेबाज अपने तरीके बदल रहे हैं, वैसे ही ग्राहकों को भी अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। जानकारी रखने और सतर्क रहने से ग्राहक डिजिटल भुगतान समाधानों को अधिक आत्मविश्वास और सुरक्षित तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

# जरूरत चाहे जो भी हो, लोन मिलेगा : होम क्रेडिट इंडिया ने नए ब्रांड कैंपेन के लिए इंडियन फैमली ड्रामा को शामिल किया

**होम क्रेडिट इंडिया**, एक प्रमुख कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, ने अपने नए एकीकृत ब्रांड कैंपेन - लोन मिलेगा- को लान्च करने की घोषणा की है। सांस्कृतिक रूप से जुड़े हुए पंचलाइन - जरूरत चाहे जो भी हो, लोन मिलेगा, पर आधारित यह अभियान, परिवारों को सुलभ, पारदर्शी और सुविधाजनक फाइनेंसिंग समाधान देकर सशक्त बनाने की होम क्रेडिट की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। साथ ही, यह ब्रांड के मूल सिद्धांत - जिंदगी हिट को भी जीवंत करता है। यह अभियान अब यूट्यूब पर लाइव हो चुका है और एवीएस के लिंक नीचे दिए गए हैं : लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी, पर्सनल लोन, कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन्स, टू-व्हीलर लोन्स, ड्रामा के पीछे का नजरिया।

इस अभियान के केंद्र में एक अनूठा भारतीय नजरिया छिपा है : हर बड़े वित्तीय फैसले को अक्सर बारीक जांच-पड़ताल, बिना मांगी सलाहों और अंतहीन पारिवारिक बहसों का सामना करना पड़ता है, जो अचानक एक पूरे अदालती ड्रामे का रूप ले लेती हैं। चाहे दोपहिया वाहन खरीदना हो, होम अप्लायंस को अपग्रेड करना हो, छुट्टियों की योजना बनानी हो या पारिवारिक व्यवसाय को फिर से शुरू करना हो, परिवार की राय की अदालत में अक्सर इच्छाओं और आकांक्षाओं पर ही मुकदमा चलने लगता है। चार शॉर्ट फिल्म्स के माध्यम से, होम क्रेडिट ने फैसला लेते समय घरों में होने वाले तकरार के इन जाने-पहचाने पलों को मजाकिया अंदाज में पेश किया है। यह लोन मिलेगा कैंपेन होम क्रेडिट की त्वरित, डिजिटल रूप से सक्षम और उपभोक्ता-अनुकूल ऋण मंजूरियों को एक ऐसे अंतिम समाधान के रूप में दिखाता है जो परिवार की हिचकिचाहट को दूर करता है, और जीवन को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का रास्ता देता है।

**लोन मिलेगा अभियान की शुरुआत के साथ, होम क्रेडिट इंडिया एक फुल-पोर्टफोलियो फाइनेंशियल इनेबलर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है, जो दोपहिया वाहन और पर्सनल लोन से लेकर कंज्यूमर ड्यूरेबल फाइनेंसिंग और लोन अगेंस्ट प्रपर्टी (एलएपी) तक के अनुकूलित उपभोक्ता समाधान प्रदान करता है।**

कैंपेन की रूपरेखा : यह कैंपेन जीवन के अलग-अलग पड़ावों पर खड़े लोगों से जुड़े चार ऐसे दृश्यों को जीवंत करता है, जिनसे हर कोई जुड़ाव महसूस कर सकता है। एक युवा कामकाजी प्रोफेशनल खुद को बाइक खरीदने के अपने फैसले का बचाव करते हुए पाता है। एक कामकाजी महिला को एक पुराने एयर कंडीशनर को बदलने के लिए भावनात्मक तर्कों का सामना करना पड़ता है, जिसे परिवार एक अनमोल विरासत मानता है। शादी के बंधन में बंधने जा रहे एक पुरुष से शादी से पहले यात्रा करने की इच्छा पर सवाल उठाए जाते हैं, जबकि पारिवारिक व्यवसाय को फिर से शुरू करने के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग करने की एक मां की योजना रिश्तेदारों के बीच नाटकीय कयासों को जन्म दे देती है।

हर एपिसोड में, जो शुरुआत एक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए पारिवारिक अदालती ड्रामे के रूप में होती है, उसका अंत एक अनोखे निष्कर्ष के साथ होता है जब मुख्य पात्र आसानी से होम क्रेडिट के माध्यम से फाइनेंस की सुविधा प्राप्त कर लेता है। जैसे ही लोन बिना किसी परेशानी के मंजूर होता है, सारे विरोध खत्म हो जाते हैं, परिवार के सदस्य अपनी राय बदल लेते हैं और इच्छाएं हकीकत में बदल जाती हैं। प्रत्येक फिल्म का अंत जीवन के आगे बढ़ने की एक सुंदर दृश्य प्रस्तुति के साथ होता है, जो हर : जिंदगी हिट, बनाने के होम क्रेडिट के ब्रांड फिलॉसफी को और मजबूत करता है।

अभियान के बारे में बात करते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग एंड पीपल ऑफिसर, आशीष तिवारी ने कहा - वित्तीय आकांक्षाओं के साथ अक्सर हिचकिचाहट भी जुड़ी होती है, न केवल खुद व्यक्ति के मन में बल्कि उनके आस-पास के लोगों में भी। लोन मिलेगा के साथ, हम घर अदालत की बार-बार दिखने वाली दुनिया में सेट की गई चार फिल्मों की एक सीरीज के माध्यम से, इस यूनिवर्सल भारतीय पारिवारिक स्थिति को हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में पेश करना चाहते थे। यह कैंपेन दर्शाता है कि कैसे जिम्मेदारी से मिलने वाला लोन उपभोक्ताओं को संदेह से बाहर निकलने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आत्मविश्वास से अगला कदम बढ़ाने में मदद कर सकता है।

## प्रवचन

# आत्म कल्याण का श्रेष्ठ साधन है भक्ति : जीयर स्वामी

**नवधा भक्ति से माता सवरी का हुआ कल्याण**

**मूर्त्ति के सिर और मुँह में नहीं चढ़ाएं भोग**


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

आत्म-कल्याण का सबसे सरल, सहज और श्रेष्ठ साधन भक्ति मार्ग है। यह धैर्य, श्रद्धा और विश्वास से प्राप्त होती है। इसे अपनाने वालों का पतन नहीं होता। भक्ति मार्ग पर भटकने वाले भक्तों की भी रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि आत्म-कल्याण के लिये ज्ञान और कर्मयोग आदि मार्ग भी हैं, लेकिन उनमें भटकाव का भय रहता है। धैर्य, श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनाये गये भक्ति मार्ग में विचलन की संभावनायें नहीं होती, बल्कि भगवान सदैव रक्षा करते हैं। जैसे शिशु जब पालने में रहता है तो माँ अन्यत्र कार्य करते हुए अपना ध्यान बच्चे में ही रखती है। लेकिन युवा पुत्र के प्रति इसकी आवश्यकता नहीं समझती। गीता में भगवान कहते हैं कि वे अपने भक्तों को योग-क्षेम प्रदान करते हैं, "योगक्षेमं वहामि अहम्।" अप्राप्त वस्तु की प्राप्ति योग है और प्राप्त वस्तु का संरक्षण क्षेम है। नारद जी भक्ति मार्ग के आचार्य हैं; वे भक्ति सूत्र की रचना किए हैं। नारद जी जब मोहिनी रूप पर आसक्त हो शादी का मन बनाए तो भगवान से याचना किए। 'जेही विधि होहिं नाथ हित मोरा।' नारद जी के हित के लिए प्रभु उन्हें बंदर का रूप दे दिए। इसके लिए नारद जी द्वारा प्रभु का उपहास भी किया गया, लेकिन भगवान भक्त को बचाने के लिये यह भी स्वीकार किये। भक्ति नौ तरह की होती है, जिसे नवधा भक्ति कहते हैं :-

'श्रवणं कीर्तनं विश्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं साख्यमात्मनिवेदनम्।।

श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पाद सेवन, अर्चना, वंदना, दास भाव, सखा भाव और आत्म निवेदन-ये नवधा भक्ति हैं। इनका पालन माता सबरी, मीरा बाई, तुकाराम और रामानुजाचार्य किये और भगवान को पा लिये।

स्वामी जी ने कहा कि माता सबरी पूर्व जन्म में काशी नरेश की पत्नी थीं। वे कुंभ स्नान करने गयी थीं। रानी होने की लौकिक मर्यादा के कारण संत-कथा से वंचित रह रही थीं। वहां एकत्रित संतों को देखकर उनको ग्लानि हुई कि रानी बनने से क्या फायदा प्रयाग में ही शरीर त्याग कर सबरी के रूप में साबर जाति में जन्म लीं। अपनी शादी में भोज की तैयारी हेतु बय जानवरों को देख उन्हें दया आ गयी। रात में ही सभी जानवरों को बंधन से मुक्त कर स्वयं भी परिवार से मुक्त हो मतंग ऋषि के आश्रम में चली गयीं। ऋषि उनके दास भाव से प्रसन्न हो बोले कि एक दिन भगवान राम तुम्हारे आश्रम पर आकर दर्शन देंगे।

स्वामी जी ने कहा कि कलियुग में भगवान भाव से प्रसाद स्वीकार करते हैं। भक्ति का अर्थ यह नहीं कि देवताओं के सिर पर, मुंह में या भूमि पर प्रसाद रखकर भोग लगायें। किसी पत्ता या वर्तन में रखकर भोग लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी अपमान में मान, जय में पराजय, हानि में लाभ, मान में अपमान और पराजय में जय छुपी होती है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### मैत्री पुल से उज्बेकिस्तान की दो महिला गिरफ्तार
#### अवैध रूप से रह रही थीं भारत में

**रक्सौल (एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से एक बार फिर अवैध घुसपैठ का मामला पकड़ा गया है। शुक्रवार को रक्सौल मैत्री पुल पर एसएसबी जवानों ने उज्बेकिस्तान की दो महिलाओं को भारत से नेपाल जाने के दौरान हिरासत में ले लिया। दोनों पर अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप है। एसबी सूत्रों के अनुसार, मैत्री पुल पर जांच के दौरान दोनों महिलाओं के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जवानों ने उन्हें हिरासत में लेकर हैरया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर रही है कि वे कब और कैसे भारत में दाखिल हुई और इतने दिनों तक कहां रह रही थींस हरैया थानाध्यक्ष ने बताया कि विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही उच्च अधिकारियों और संबंधित दूतावास को भी सूचना दी जा रही हैस सीमा पर एसएसबी और स्थानीय पुलिस की कड़ी निगरानी के कारण ऐसे मामलों का खुलासा लगातार हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल सीमा से लगे इलाकों में बिना वैध दस्तावेज घूमने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### नदी में डूबने से आठ वर्षीय मासूम की मौत

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पूर्वी सिसवा वार्ड संख्या-10 में नदी में डूबने से एक आठ वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अर्जुन पासवान उर्फ गिरधारी पासवान के पुत्र के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, बच्चा किसी कारणवश नदी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।सूचना मिलने पर पहाड़पुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है।इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

### तुरकौलिया के मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** चकिया के हरपुरनाग के पास पिकप पलटने से शंकरसरैया उत्तरी पंचायत के अहिरटोली गांव के '25 वर्षीय अरविंद यादव की मौत गाड़ी से दबकर घटना स्थल पर ही हो गई।' वह मुर्गा ढोहने वाला गाड़ी पर काम करता था। चालक सहित दो घायल हैं। गाड़ी में चालक सहित तीन सवार थे। घटना के बारे में बताया जाता है कि समस्तीपुर से पिकअप पर मुर्गा लादकर मोतिहारी लौट रहे थे। इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर हरपुरनाग के पास विधुत पोल से टकराते हुए रेलवे लाइन पर पलट गई। जहां गाड़ी से दबकर अरविंद की मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी दहाड़ मारकर रो रही थी। वही परिजनों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। अरविंद की ढ़ाई साल पहले शादी हुई थी। वह दो भाइयों में बड़ा था। उसे एक बच्चा भी है। उसके माता पिता 15-20 वर्ष पहले मर चुके हैं। सड़क दुर्घटना में अरविंद के परिवार के सामने अजीब स्थिति पैदा कर दिया है। दोनों घायलों का घर भी तुरकौलिया में है। जो खतरे से बाहर हैं। चकिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया है। जहां परिजनों ने दाह-संस्कार कर दिया।

### फेनहारा प्रखंड में मुहर्रम संपन्न

**फेनहारा(एनएसबी)।** मुहर्रम को लेकर फेनहारा प्रखंड प्रशासन काफी सक्रिय नजर आया। पर्व से पूर्व ही शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रशासन द्वारा संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्तपुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्थानीय लोगों का सहयोग प्रशासन के प्रयासों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर जुलूस का स्वागत किया और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। युवा स्वयंसेवकों ने भी भीड़ प्रबंधन और यातायात सुचारू रखने में प्रशासन की मदद की।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जवानों ने निकाली रैली, ली नशे के खिलाफ शपथ



**रक्सौल(एनएसबी)।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ विश्वभर में 26 जून को मनाए जाने वाले ष्अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवसष् पर शुक्रवार को रक्सौल स्थित 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसबी) ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। कमांडेंट श्री संजय पाण्डेय के मार्गदर्शन में वाहिनी मुख्यालय और सभी बाह्य सीमा चौकियों पर नशे के दुष्परिणामों को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शपथ के साथ निकली रैली : कार्यक्रम की शुरुआत नशे के खिलाफ शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद ैठ जवानों ने सीमा क्षेत्र में रैली निकाली। रैली में ष्नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त समाजष् के नारे गूंजे। इस दौरान आम नागरिकों को पर्चे बांटकर नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

युवाओं को किया जागरूक : कमांडेंट संजय पाण्डेय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का सेवन सिर्फ शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाता। इससे लिवर और फेफड़े खराब होते हैं, साथ ही मानसिक तनाव, अपराध और परिवार टूटने जैसी घटनाएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर देश और समाज की तरक्की में योगदान दें।

एसबी अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ैठ लगातार अभियान चला रही है।

सीमा पार के जवान भी हुए शामिल : इस जागरूकता कार्यक्रम में वाहिनी मुख्यालय और सभी बाह्य सीमा चौकियों के बलकार्मिकों के अलावा नेपाल ।च्थ् के जवान और स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने भी नशे के खिलाफ मुहिम में हिस्सा लेकर शपथ ली कि वे न तो नशा करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। ैठ के इस प्रयास से सीमा क्षेत्र के लोगों में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है। जवानों ने घर-घर जाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# रक्सौल सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के निर्देश, एयरपोर्ट व भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा


**मोतिहारी(एनएसबी )।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शुक्रवार को 47 एसएसबी कैंप, रक्सौल में एसएसबी कमांडेंट, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषदधगर पंचायत, बीडीओ एवं सीओ के साथ भारत-नेपाल सीमा पर वीवीपी-प्प परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।बैठक में रक्सौल एयरपोर्ट एवं एसएसबी के लिए अतिरिक्तभूमि अधिग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने भूमि अधिग्रहण की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक करते अधिकारी।

समीक्षा के दौरान नो-मैन्स लैंड तथा सीमा से 0 से 15 किलोमीटर क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम, एसडीपीओ एवं सीओ को अविलंब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रक्सौल एयरपोर्ट स्थल तथा सिसवा पंचायत स्थित नो-मैन्स लैंड में बने मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर मौजूदा संरचना को नियमानुसार शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाए।इसके अलावा सैनिक रोड पर स्थित सभी अतिक्रमणों को भी तत्काल खाली कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया, ताकि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एवं विकास कार्यो को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाया जा सके।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन राजेंद्र भवन में संपन्न



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन आज राजेंद्र भवन, मोतिहारी में किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया।कार्यक्रम को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि नशे की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि "नशा मुक्त भारत सप्ताह" के दौरान जिले में प्रभात फेरी, शपथ ग्रहण, योग, नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के साथ सप्ताहव्यापी अभियान का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर जागरूकता रैली व विधिक शिविर आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता रैली एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।जागरूकता रैली गांधी मैदान से शुरू होकर एडीआर भवन तक निकाली गई। रैली में उत्पाद विभाग के सहयोग से पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मी तथा उत्पाद विभाग के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। रैली के समापन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में




जागरूकता रैली में भाग लेते लोग।

सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत अभियान के समर्थन में शपथ ली।इसी अवसर पर केंद्रीय कारा, पूर्वी चंपारण में ल फाउंडेशन एनजीओ के सहयोग से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने बंदियों को नशे के दुष्परिणाम, उससे उत्पन्न सामाजिक एवं कानूनी समस्याओं तथा नशा मुक्ति के उपायों की जानकारी दी। कारा अधीक्षक विजय अरोड़ा ने भी बंदियों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में एक मनोचिकित्सक ने बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए मानसिक रूप से सशक्त एवं संतुलित रहने के उपाय बताए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज एवं बंदियों के बीच नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहर्रम पर डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शनिवार देर शाम जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मोतिहारी शहर में पैदल फ्लैग मार्च किया।फ्लैग मार्च ज्ञान बाबू चौक, मीना बाजार, छतौनी, बरियारपुर, छोटा बरियारपुर होते हुए कचहरी चौक तक निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जुलूस की गतिविधियों की वीडियोग्राफी कराई गई तथा ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।



जायजा लेते अधिकारी।

### शांति और भाईचारे का संदेश

**फेनहारा** प्रखंड में मुहर्रम का शांतिपूर्ण संपन्न होना इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासन और जनता मिलकर काम करें, तो हर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सकता है। यह क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला एक सकारात्मक उदाहरण है।हजारों के संख्या लोगो ने ताजिया जुलूस निकाला, वही मुख्य रूप से प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय फेनहारा के प्रांगण में पहुंच लाठी का करतब दिखाया, वही प्रखंड क्षेत्र के इजोरबारा, मानकरवा,मधुरापुर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया जुलूस निकाला सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, वही सुरक्षा को लेकर एसडीएम मंगला कुमारी,एसडीपीओ कुमार चंदन इंस्पेक्टर सुजीत दास,थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार,अपर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार मौजूद थे वही मौके पर जदयू नेता हाजी मो अकीलूर रहमान,जिला पार्षद आकाश गुप्ता,मो मोखतार आलम,मो इमरान, मो तबरेज, मोनू बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### देश में कांग्रेस ने आपातकाल थोप कोहराम मचा दिया था

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 26--06--26 को शाम 04 बजे भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सोनपुर के कार्यकर्ताओं की एक बैठक विधायक कार्यालय सोनपुर मे किया गया। 25 जून के दिन कांग्रेस द्वारा पुरे देश मे आपातकाल लागु किया गया था, इस सन्दर्भ मे पार्टी आज पुरे देश मे काला दिवस मना रही है। नगर भाजपा द्वारा भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के तैल चित्र पर पुष्पाजलि किया गया। एवं सभी कार्यकर्त्तायो ने अपने --अपने बाजु पर काला पट्टी बांध कर काला दिवस मनाया। सोनपुर प्रखंड के जेपी सेनानी रामशंकर सिंह,चंदेश्वर भारती,मान्धाता सिंह को भाजपा द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं संचालन समाजसेवी राजीव मुनमुन ने किया द्य सम्मानित सभी जेपी सेनानियो ने कहा कि 25 जून 1975 की देर रात को ही आपातकाल के मसौदा पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गये।और रात से ही पुलिस प्रशासन का तांडव शुरू हो गया,रात को ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण,संघ चालक नानाजी देशमुख जी अटल बिहारी बाजपेयी, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, राजनारायण, कर्पूरी ठाकुर,1253 पत्रकार सहित 21महीनों मे1,10, 000 (एक लाख दस हजार )लोगो को गिरफ्तार किया गया।दो साल बाद कांग्रेस को ऐसा लगा कि उनके बिरोधी समाप्त हो गये है और इंदिरा जी ने चुनाव कराया। चुनाव मे कांग्रेस की जबरदस्त हार हुई,स्वं प्रधान मंत्री इंदिरा जी भी हार गई।कांग्रेस का उत्तरप्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, एवं दिल्ली मे एक भी सीट नहीं आई। इस बैठक मे वरीय भाजपा नेता नरेश सिंह , समाजसेवी ष्णा प्रसाद ,महेश कुमार, संजीव कुमार सिंह, सत्येन्द्र नारायण सिंह, कांति देवी, अरुण कुमार सिंह, तनिस कुमार सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### सरकारी कार्य में बाधा मामले में अधिवक्ता गिरफ्तार
#### न्यायिक हिरासत से पूर्व हुआ मेडिकल परीक्षण

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के पंचमहला थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरंगा जलालपुर निवासी अधिवक्ता प्रमोद सिंह को एक मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने से पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल में उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।पुलिस के अनुसार, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने तथा पुलिस अभिरक्षा से एक मोटरसाइकिल ले जाने से संबंधित मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि संबंधित मोटरसाइकिल की बरामी के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रमोद सिंह को हिरासत में लिया गया।बुधवार को बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राम ष्ण कुमार के नेतृत्व में पंचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा जलालपुर गांव में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान मोकामा, हाथीदह, मरांची एवं पंचमहला थाना की पुलिस भी अभियान में शामिल रही। क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।गिरफ्तारी के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रमोद सिंह का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों और न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा, हालांकि प्रशासन ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य रहने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने अथवा विधिसम्मत कार्रवाई में हस्तक्षेप से जुड़े मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, मामले में आरोपी पक्ष की विस्तृत प्रतिक्रिया समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सकी थी।



अधिवक्ता प्रमोद सिंह।

### गंगा स्नान के दौरान दो युवक डूबे, तलाश जारी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ के पोस्ट अफिस घाट पर गुरुवार को गंगा ान के दौरान दो युवक नदी में डूब गए। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि छह दोस्त एक साथ गंगा ान करने पहुंचे थे। ान के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से दो युवक डूब गए, जबकि चार अन्य युवक तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची। डूबे हुए युवकों की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों एवं बचाव दल की सहायता ली जा रही है। देर शाम तक दोनों युवकों का कोई पता नहीं चल सका था।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा घाट पर लोगों की भीड़ जुट गई।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहर्रम पर शांतिपूर्ण ताजिया जुलूस निकला, इमाम हसन-हुसैन की शहादत को किया याद।

फोटो कैप्शनः 2 ताजिया जुलूस के साथ जाते युवा

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया गांव में मोहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में पारंपरिक ताजिया जुलूस एवं मेला का आयोजन किया गया। जुलूस शांतिपूर्ण



माहौल में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व सहुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुस सलाम ने किया। ताजिया जुलूस सहुरिया गांव से निकलकर तरहा, लालपुर समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए करबला मैदान पहुंचा। यहां परंपरा के अनुसार मिट्टी पहलाम की रस्म अदा की गई। इस दौरान युवाओं ने लाठी, तलवार तथा अन्य पारंपरिक युद्धक कलाओं का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मो. मजनू हैदर अली कैस उर्फ चुनन्नू जी ने कहा कि हजरत इमाम हसन और इमाम हुसैन ने सत्य, इंसानियत और न्याय की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी शहादत त्याग, साहस और मानवता का संदेश देती है तथा समाज को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करती है। पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मो. रब्बानी, मो. शमसुद्दीन, मो. सफरेज आलम, मो. सरफराज, मो. रुस्तम, मो. अली, मो. मंसूर, मो. शहादत, मो. दिलदार, मो. अंजान, मो. दिलसाद, मो. जैनुल, मो. ऐनुल, मो. जाहिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 135वें मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने मंडल स्तर पर बनाए प्रमुख

**हर बूथ तक पहुंचेगा प्रधानमंत्री जी का संवाद, संगठन ने सौंपी जिम्मेदारी, कल आयोजित होगा कार्यक्रम।**

**सहरसा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को जिले के सभी बूथों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सहरसा द्वारा मंडल स्तर पर 'मन की बात कार्यक्रम प्रमुख' नियुक्त किए गए हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री राजीव रंजन साह ने बताया कि सभी नियुक्त प्रमुख अपने-अपने मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं बूथ कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर रविवार, 28 जून 2026 को प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों से प्रधानमंत्री जी के सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से समाज के प्रेरणादायक कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। महिषी विधानसभा के मन की बात प्रमुख महिषी उत्तरी मंडल गौरी शंकर पासवान, नवहट्टा पूर्वी दिलीप सिंह, नवहट्टा पश्चिमी मंडल रंजीत यादव, सत्तरकटैया मंडल कलिकानंद सिंह, सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा के मन की बात प्रमुख, सिमरी पश्चिमी मंडल विपीन साह सिमरी पूर्वी मंडल अभिमन्यु कुमार, सलखुआ मंडल, पिन्टू महतो महिषी दक्षिणी मंडल पप्पू शर्मा, सिमरी नगर मंडल मुकेश यादव, सोनवर्षा विधानसभा के मन की बात प्रमुख, सोनवर्षा पूर्वी मंडल शैलेन्द्र शर्मा, सोनवर्षा पश्चिमी मंडल अभिषेक कुमार, बनमाईटहरी मंडल अनंत कुमार, पतरघट मंडल मन की बात प्रमुख की घोषणा शेष, सहरसा विधानसभा के मन की बात प्रमुख, सहरसा नगर पूर्वी मंडल सूरज मिश्रा, सहरसा नगर पश्चिमी मंडल राकेश कुमार सिंह, बनगांव नगर पंचायत मंडल मनोरंजन खां, कहरा ग्रामीण मंडल अभिलाष कुमार सौर दक्षिणी मंडल रतन यादवसौर उत्तरी मंडल नवीन कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने सभी नवनियुक्त प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि संगठन की भावना के अनुरूप बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से गणित प्रत्येक विद्यार्थी का प्रिय विषय बन सकता हैः गणित गुरु गणितानन्द

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** दूरदर्शन बिहार के लोकप्रिय प्रातःकालीन कार्यक्रम ष्बिहार बिहानष के आगामी विशेष अंक में गणित मठ संस्थापकरू गणित गुरु गणितानन्द से एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक विशेष बातचीत प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम दिनांक 26 जून, प्रातः 8रू00 बजे केवल डीडी बिहार पर प्रसारित होगा। इस विशेष वार्ता में श्री श्री 1008 गणित गुरु गणितानन्द जी महाराज गणित को केवल अंकों और सूत्रों का विषय न मानकर, उसे तार्किक चिंतन, व्यक्तित्व निर्माण,जीवन प्रबंधन तथा अध्यात्म से जुड़े एक समग्र ज्ञान-विज्ञान के रूप में प्रस्तुत करेंगे। उनका मानना है कि सही दृष्टिकोण, सरल पद्धति और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से गणित प्रत्येक विद्यार्थी का प्रिय विषय बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान गणित को सरल, सहज और रोचक बनाने के प्रभावी




तरीके के लिए संवाद, कम से कम समय में प्रश्न हल करने के लिए प्रोत्साहन, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रभावी गणितीय रणनीति, मेहनत, अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास का महत्व, गणित में अध्यात्म की भूमिका तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से उसका संबंध, गणित के माध्यम से तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक व्यक्तित्व का विकास। यह विशेष प्रस्तुति विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी सिद्ध होगी। दूरदर्शन बिहार की ओर से प्रदेश के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं सभी दर्शकों से विशेष अनुरोध है कि वे इस विशेष कार्यक्रम को अवश्य देखें तथा इसकी जानकारी अपने परिवार, मित्रों, विद्यार्थियों और परिचितों तक अधिक से अधिक पहुँचाएँ, ताकि गणित के प्रति सकारात्मक सोच, आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सीखने की नई प्रेरणा समाज के अधिकाधिक लोगों तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि गणित से डरना नहीं, अब करना है आसान और रोचक और गणित को देखने-समझने का एक नया दृष्टिकोण प्राप्त कीजिए।

### महोर्रम पर्व का भव्य आगाज, ताजिया मिलन और पारंपरिक युद्धक कलाओं का शानदार प्रदर्शन

**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** महोर्रम पर्व के अवसर पर शुक्रवार को सोनवर्षा राज स्थित सर हरी वल्लभ हाई स्कूल मैदान में भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सोनवर्षा नगर पंचायत के चेयरमैन मनीष कुमार, सोनवर्षा के अंचलाधिकारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा एवं सोनवर्षा थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने संयुक्त



रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर थाना इंस्पेक्टर राजीव कुमार रंजन भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद सोहा, मैना एवं सोनवर्षा के ताजियों का पारंपरिक मिलन कराया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मैदान में जुटे। कार्यक्रम के दौरान दूर-दराज से आए खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार एवं अन्य पारंपरिक युद्धक कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की कला, अनुशासन और हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे मैदान में तालियों की गूंज सुनाई देती रही। महोर्रम पर्व को लेकर पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह, भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# नशा मुक्त भारत और विकसित बिहार के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाः सहायक निदेशक राजीव रंजन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत सप्ताहश का समापन शुक्रवार को विकास भवन सभागार में हुआ। इस अवसर पर मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग और जिला प्रशासन, सहरसा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी मुख्यालय कमलेश्वर प्रसाद सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ पुष्पा कुमारी, उद्योग विभाग के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार और जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सहायक निदेशक राजीव रंजन ने इस अवसर पर कहा कि



बैठक में सभी अधिकारी व अन्य।

नशा मुक्त भारत और विकसित बिहार के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दौरान निबंध लेखन, चित्रकला, शतरंज और मैराथन सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों का उद्देश्य समाज को नशे के खतरों के प्रति जागरूक करना था। मैराथन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में राजदीप कुमार ने प्रथम, पप्पू कुमार ने द्वितीय और बृजेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मोनी कुमारी प्रथम, कोमल कुमारी द्वितीय और रिया कुमारी तृतीय रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अमित राज प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय और अनुप्रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में मैहर कुमारी ने प्रथम, अर्चना कुमारी ने द्वितीय और कनिका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में पूजा कुमारी प्रथम, मंकुश कुमार द्वितीय और राघव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में केदार ठाकुर, टिंकू कुमार, मुनाजिर, पुष्पराज रंजन, अमित कुमार चैधरी और तकनीकी टीम के चंद्रमोहन जायसवाल, अमित कुमार, अमर, डेजी भूषण तथा अंशु कुमारी सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मैथिली सम्मेलन 26 जुलाई को पटना में होगा आयोजन, विद्यापति चेतना समिति द्वारा तैयारी प्रारंभ

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित नयन ज्योति नेत्र चिकित्सा केंद्र में विद्यापति चेतना समिति वनगांव की ओर से अध्यक्ष राधाकांत ठाकुर उर्फ फेकन ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यापति चेतना समिति संरक्षक डॉ शिलेन्द्र कुमार, संयोजक जयराम झा, सचिव नंद किशोर झा, उपाध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद झा, विज्ञान चंद्र माधव, रंजीत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। इसमें आगामी 26 जुलाई को पटना के विद्यापति भवन में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन की तैयारियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मिथिला एवं मैथिली आठ करोड़ मिथिला वासियों की अस्मिता से जुड़ी पहचान है। मिथिला की विशिष्ट संस्कृति, जीवनशैली एवं मातृभाषा मैथिली को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने की आवश्यकता है। समिति ने सरकार से मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने, बीपीएससी,सीबीएसई एवं नवस्वीकृत डिग्री कॉलेजों में मैथिली विषय को शामिल करने की मांग दोहराई। वक्ताओं ने बताया कि 26 जुलाई को पटना के विद्यापति भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं मैथिली प्रेमी भाग लेंगे। सम्मेलन में मैथिली भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं मिथिला के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। संयोजक जयराम झा ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन में मिथिला क्षेत्र के सभी विधायक मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी भाग लेगें। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी आवश्यक तैयारी तेज कर दी है।



मैथिली सम्मेलन की तैयारी में षामिल वक्ता।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई 596 बोतल कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद, कारोबारी फरार

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया मुसहरी से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 596 बोतल कोडीनयुक्त कफ सिरप जब्त किया है, जबकि आरोपित पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि लक्ष्मीनिया मुसहरी निवासी रेजिन उर्फ रविन सदा, पिता कमल सदा, अपने बासा में प्रतिबंधित कफ सिरप छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस





टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान भूसा के ढेर में छिपाकर रखी गई पीले रंग की तीन प्लास्टिक की बोरियों से कुल 596 बोतल कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बरामद कफ सिरप को जब्त कर लिया है तथा आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोडीनयुक्त कफ सिरप का अवैध भंडारण, बिक्री और दुरुपयोग कानूनन अपराध है। ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थों या प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मादक व नशीली पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय मद्यनिषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। जिला प्रशासन एवं मध निषेध विभाग के संयुक्त अभियान के तहत जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भेड़धरी चैक एवं बैजनाथपुर में कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में गीत, संगीत एवं अभिनय के माध्यम से यह दशार्या गया कि नशे की लत किस प्रकार व्यक्ति, परिवार एवं समाज को बबार्दी की ओर ले जाती है। कलाकारों ने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुटे एवं नशा मुक्ति के संदेश को सराहा। अभियान में निरीक्षक मध निषेध संजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मध निषेध महेश कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। अधिकारियों ने लोगों से अपील किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें एवं दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। निरीक्षक मध निषेध संजीत कुमार ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से जिले में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना विकसित हो एवं युवा पीढ़ी को सुरक्षित व सकारात्मक भविष्य की ओर प्रेरित किया जा सके।

### गैर जमानती वारंट के तीन आरोपित गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया प्रस्तुत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में लंबित गैर जमानती वारंटों के निष्पादन को लेकर सहरसा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जलई थाना एवं सोनवर्षा कचहरी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट के आलोक में जलई थाना पुलिस ने बोहरवा निवासी मिथुन पासवान तथा हुलासडीह निवासी दिलीप पंडित को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय, सहरसा में प्रस्तुत करने हेतु भेज दिया गया। वहीं सोनवर्षा कचहरी थाना पुलिस ने भी न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के निष्पादन के क्रम में अमरपुर निवासी नन्दकिशोर साह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के उपरांत उन्हें भी न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु सहरसा भेजा गया। सहरसा पुलिस ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन एवं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जिलेभर में अभियान लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून से बचने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मामुली विवाद में एक दंपति को पीटकर किया अधमरा

**कहरा (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवर्षा कचहरी थाना अंतर्गत खड़गपुर में घास काटने के संदेह में एक दंपति को पांच लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से कर दिया है।हालांकि कि अकेला दंपति को घेर कर पिटता देख स्थानीय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर जान बचा ली है।जिसके बाद पिड़ित दंपति पिंकी देवी एवं भुपेंद्र साह ने थाना पहुंचकर आवेदन दिया। और उचित कार्रवाई का मांग किया है।थाना में दिये आवेदन में पिंकी देवी ने बताया कि बुधवार की सुबह मैं अपने खेत से घास लाकर घर में रखे और अन्य घरेलू कार्य कर रहे थे।तभी मिश्री साह अनैय साह,बिनय साह फूल देवी एवं सरस्वती देवी ने पहुंच कर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया।जिसकी सुचना हम अपने पति भुपेंद्र साह को दिया तो उन्होंने मिश्री साह को पूछने गया कि महिला के साथ मारपीट क्यों किए।इतने में फिर सभी आरोपी ने एक मत होकर मेरे पति को घेर लिया और टावर तोर मारपीट करने लगा।तथा जब मेने अपने पति को बचाने की कोशिश किया तो हमें भी कपड़ा खींचकर बेनग्न कर मारपीट करने लगा।उन्होंने बताई कि मिश्री साह और उनके पुत्र खड़गपुर धर्मकांटा के पास बने झोपड़ी में गांजा,कोरेक्स एवं अन्य मादक पदार्थ की चोरी छिपे बिक्री करता है। अवैध रूप से धन अर्जित करने का फलस्वरूप हमारे परिवार के साथ लगातार मारपीट करते रहते हैं।

## मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा एक दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन सह ज्ञान यज्ञ आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** परम पूज्य सतपाल जी महाराज के प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन रहुआ तुलसियाही ग्राम में किया गया। जिसमें संस्था के आदरणीय महात्मा हीरा बाई जी, महात्मा गिरीशानंद जी, महात्मा यशो बाई जी एवं अन्य साधु महात्मागण हरिद्वार तथा विभिन्न तीर्थों से पधारकर अपने सारगर्भित सत्संग विचार श्रोताओं के समक्ष रखा। महात्मा हीरा बाई ने कहा कि जब मनुष्य के ऊपर परमात्मा की कृपा होती है तब उसे संतों का संग प्राप्त होता है। संसार में रहते-रहते जब मनुष्य के मन के ऊपर मैल जम जाता है तब सत्संग रूपी साबुन मन को साफ व निर्मल बनाता है। आज व्यक्ति को समाज में गलत संगति, व्यभिचार व गलत खान पान से बचाने के लिए सत्संग एक अचूक साधन है। आज हमें रामायण से सीखने की जरूरत है कि कैसे हमें अपने माता-पिता, गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए, कैसे हम भरत जैसा भाई, सीता जैसी पत्नी व राम जैसा आदर्श पुरुष बनें। हम ऋषि मुनियों की



संतान है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में जब सच्चे सदगुरु मिलते हैं तो हमें कही बाहर भटकने की जरूरत नहीं होती, वे हमारे हृदय मंदिर में ही परमात्मा का अनुभव करा देते है। जिस आत्म ज्ञान का बोध महापुरुषों ने अपने-अपने समय में किया उसी ज्ञान का प्रचार आज देश देशांतर में सद्गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज करा रहे हैं। सदगुरु से प्राप्त अध्यात्म ज्ञान को जानने में व उसका निरंतर अभ्यास करने में ही सच्चा सुख व सच्चा आनंद है। महात्मा गिरीशानंद जी ने कहा कि आज युवा पीढ़ी अध्यात्म से दूर होती जा रही है, उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें भी उनके तरह चरित्रवान व पुरुषार्थी बनना है जिन्होंने अपने गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस के आज्ञानुसार भारत के वैदिक व आध्यात्मिक ज्ञान को देश देशांतर में फैलाया। सत्संग कार्यक्रम में भजन कलाकारों ने सुमधुर भजन गाकर श्रोताओं का मन आनंदित कर दिया। ग्राम प्रधान ददन महतो ने समिति के महात्माओं का आभार प्रकट किया। सत्संग कार्यक्रम से पूर्व प्रातःकालीन प्रभातफेरी भी निकाली गई जो भगवती स्थान, रहुआ से चलकर सत्संग स्थल पर समाप्त हुई। सत्संग के उपरांत लोगों ने प्रेम से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष भाई, रतन भाई, अरुण चैधरी व रहुआ के अन्य सत्संग प्रेमियों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कार की चपेट में आने से महिला जख्मी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला मुख्यालय के पूर्वी केबिन ढ़ाला के उत्तरी किनारे पर कार की चपेट में आने से वृद्ध बीमार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अमौसी थाना अंतर्गत श्याम घरारी निवासी रामप्रवेश पासवान की 60 वर्षीया पत्नी बुलंती देवी है। वह पति के साथ इलाज के लिए अमौसी से मुख्यालय के पटेल चौक पहुंच कर बलिया जा रही थी। इसी दौरान कार की चपेट में आने से महिला का बायां पैर बुरी तरह कुचल गया। कार चालक ने इंसानियत का परिचय देते हुए महिला को रिक्शे में बैठा कर न सिर्फ सदर अस्पताल भेजा बल्कि उसकी सहायता के लिए कुछ राशि भी दी। महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### हाथ-पांव बांध कर लूट लिया 45 बोरा मकई

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** कजरी पंचायत के वार्ड नंबर दस निवासी छठ्ठू यादव ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही पंचायत के वार्ड नंबर आठ के आधा दर्जन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए हाथ पांव-बांध कर पैंतालीस बोरा मकई लूट लेने की शिकायत की है। घटना गुरूवार की रात साढ़े बारह बजे के करीब की बताई जा रही है। आवेदक के मुताबिक नामजद सुशील, भीम, अंग्रेज, रामप्रवेश, अभिषेक एवं वकील यादव चार पांच अज्ञात लोगों के साथ उसके बासा पर सशस्त्र ट्रैक्टर के साथ पहुंचे और हाथ पांव बांध कर मारपीट कर पैंतालीस बोरा मकई ट्रैक्टर पर लोड कर फरार हो गए। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बालक को विषैले सांप ने काटा, स्वास्थ्य केंद्र में हुआ इलाज

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** रोहियामा गांव में शुक्रवार को बगीचे में खेल रहे 10 वर्षीय बालक को विषैले सांप ने काट लिया। पीड़ित बालक रोहियामा गांव निवासी शत्रुघ्न शर्मा का पुत्र विशाल कुमार है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे विशाल गांव के ही बगीचे में खेल रहा था। इसी दौरान विषैले सांप ने उसके बाएं हाथ की अंगुली में काट लिया। घटना के कुछ देर बाद जब बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी, तो परिजनों को इसकी भनक लगी। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अभिनव विशाल ने बताया कि 10 वर्षीय बालक को विषैले सर्प ने बाएं हाथ की अंगुली में काट लिया था। अस्पताल लाते ही डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। बालक की स्थिति में सुधार होने और खतरे से बाहर होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### डीएम को आवेदन देकर जताई आपत्ति


**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला कांग्रेस आईटी एंड एसएम के अध्यक्ष सुभाष रतन ने पार्टी के जिला अध्यक्ष के पैड पर डीएम को आवेदन देकर पार्टी की जमीन पर नगर पंचायत बेलदौर द्वारा सम्राट अशोक भवन का शिलान्यास करने की शिकायत की है। आवेदन में कहा गया है कि बेलदौर नगर पंचायत में खाता नंबर 437, खेसरा संख्या 3011 गांधी आश्रम कांग्रेस कार्यालय के नाम से है। इस जमीन पर पार्टी द्वारा गणतंत्र एवं स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिवर्ष तिरंगा झंडा फहराया जाता है। इसी भूखंड पर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, कार्यपालक अधिकारी एवं मुख्य पार्षद के पति ने 25 जून को सम्राट अशोक भवन निर्माण का शिलान्यास किया है। आवेदन में आवेदक ने मामले की जांच कर दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है ताकि पार्टी की जमीन को अवैध कब्जे से बचाया जा सके। वहीं मुख्य पार्षद ममता कुमारी ने बताया कि संबंधित भूखंड बिहार सरकार का आम जमीन है। इस पर पहले से ही प्राइमरी स्कूल जमैया टोल का बना हुआ है। इस जमीन का एनओसी अंचल कार्यालय द्वारा दिए जाने के बाद ही नगर पंचायत ने भवन निर्माण कार्य करने की अनुशंसा की है।

### किशोर प्रसाद साह के तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** किशोर प्रसाद साह विशिष्ट कर्मयोगी थे। वे संवेदनशील एवं सजग इंसान थे। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन करता हूं। उक्त बातें शुक्रवार को बलहा में संतोष चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किशोर प्रसाद साह की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद मानसी के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहीं। उन्होंने किशोर प्रसाद साह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें प्रेरणा पुंज बताया। विशिष्ट अतिथि गायत्री साधक मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि किशोर प्रसाद साह बड़े ही मृदुभाषी और सहृदयी व्यक्ति थे। अपने कृतित्व से उन्होंने पुत्र संतोष को समाज सेवा के लिए अग्रसर किया। संतोष कुमार भी अपने पिता के बताये आदर्शों विचारों को आत्मसात करते हुए समाजसेवा में लगे हुए हैं। अध्यक्षीय संबोधन में किशोर साह के ज्येष्ठ पुत्र संतोष कुमार ने कहा कि पूज्य पिताजी का एक ही सपना था कि अपने सामर्थ्य अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करना। उनके ही मार्गदर्शन में गांधीवादी विचारक चिंतक प्रो. डॉ. रामजी सिंह छोटी बलहा गांव आये थे। उनके ही प्रयास से पूर्व कुलपति रामजी सिंह का छोटी बलहा आगमन हुआ था। मौके पर ट्रस्ट सचिव श्रवण आर्य, संजीत कुमार, सीता देवी, जितेंद्र कुमार, रामदेव सिंह, ग्रामीण चिकित्सक प्रियकांत सिंह, शंभु सदा अरुण यादव, श्रीशांत, रोहित कुमार सहित अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### जदयू जिलाध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** पश्चिमी चम्पारण जदयू के जिलाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद कुशवाहा के असामयिक निधन पर कचहरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर कुशवाहा की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान की ईश्वर से प्रार्थना की। नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कन्हैया प्रसाद कुशवाहा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और मर्माहत करने वाला है। मौके पर जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, बेगूसराय विधानसभा प्रभारी उमेश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनिल जयसवाल, रामविलास महतो, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून एवं उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी ने कहा कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और संघर्षशील व्यक्तित्व सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शहाबुद्दीन, जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के नगर परिषद अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, जिला महासचिव पंकज चौधरी एवं जयप्रकाश मौर्य ने कहा कि उनका जाना जदयू परिवार एवं सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर जदयू के युवा नेता हर्षवर्धन कुशवाहा, राजवर्धन कुशवाहा, संजय जयसवाल, वन्दना भारती, रीता कुमारी, ई. सैफुद्दीन, चंदन कुमार, उर्मिला कुमारी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# ताजिया जुलूस में डीजे पर विवाद पुलिस की गाड़ी का शीशा तोड़ा

दैनिक नवसंदेश

**परबत्ता।** मड़ैया थाना क्षेत्र के पिपरा लतीफ में शुक्रवार को मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान उग्र भीड़ ने पुलिस वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो पास स्थित निजी स्कूल पर भी पथराव किया गया। घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**ताजिया जुलूस के पिपरा लतीफ चौक के पास पहुंचने पर शुरू हुआ विवाद, फिर पथराव**

घटना की सूचना मिलते ही गोगरी एसडीओ संजय कुमार, खगड़िया के साइवर डीएसपी एवं गोगरी के प्रभारी डीएसपी निशांत गोरव, परबत्ता बीडीओ संतोष कुमार पंडित सहित जिले के कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और मड़ैया थाना में कैंप कर स्थिति की निगरानी की। एहतियातन पूरे क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ताजिया जुलूस पिपरा लतीफ चौक के समीप पहुंचने के बाद डीजे बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिसमें पुलिस का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एक निजी स्कूल पर भी पथराव की सूचना है। हालांकि स्कूल को हुए नुकसान की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

मड़ैया थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी ने बताया कि गुरुवार की शाम एक डीजे को पुलिस ने जब्त किया था। शुक्रवार सुबह आवश्यक बॉन्ड भरवाने के बाद उसे छोड़ दिया गया। इसके बाद ताजिया जुलूस पिपरा लतीफ चौक के समीप पहुंचने पर डीजे बजाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जिसने बाद में तनाव का रूप ले लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। प्रशासन के अनुसार ताजिया जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है और सभी लोग अपने-अपने घर लौट चुके हैं। क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त जारी है,ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पथराव में शामिल लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## घटना के कारण इलाके में अफरातफरी



क्षतिग्रस्त वाहन।

## दिघौन पंचायत में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

### धार्मिक रीति-रिवाज के साथ निकाला गया ताजिया जुलूस

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के दिघौन पंचायत में मुहर्रम पर्व पर गंगा-जमुना तहजीब की मिसाल देखने को मिली। वही जिला प्रशासन के द्वारा बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मालूम हो कि दिघौन व मुरली गांव से ताजिया जुलूस पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वही दिघौन पैक्स अध्यक्ष मोसज्जाद उर्फ अजाद ने कहा करीब सौ वर्षो से हम हिंदू-मुस्लिम भाई एकता का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से इस मेले का आयोजन करते आ रहे हैं। बताते चले कि इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों को इराक के कर्बला के मैदान में शहीद किया गया था। उन्हीं की कुर्बानी की याद में मुहर्रम मनाकर शांति, त्याग और इंसानियत का पैगाम दिया जाता है। तभी से मुस्लिम समुदाय के द्वारा इस पर्व को मनाते आ रहे हैं।

### भरतखण्ड में निकला ताजिया जुलूस



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के सौढ़ उत्तरी पंचायत के बुद्धनगर भरतखण्ड गांव में मोहर्रम के मौके पर हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में विशेष जुलूस निकाला गया। यह जुलूस बुद्धनगर भरतखण्ड, विकासनगर, भरतखण्ड ड्योढ़ी क्षेत्र के विभिन्न कस्बों में निकाला गया। नवीं मोहर्रम को चौक पर रखे गए ताजियों का जुलूस दसवीं मोहर्रम को निकाला गया। इस दौरान हुसैन की शहादत में या हुसैन के नारे लगाए गए। शाम को गमगीन माहौल में ताजियों को कर्बला में दफन किया गया। इसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है।

## कल तक होगा कानू संघ का नामांकन : अर्जुन साह

**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** कानू विकास संघ के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव तथा कोषाध्यक्ष का नामांकन 28 जून तक होगा। संघ के चुनाव प्रभारी अर्जुन कुमार साह ने बताया कि अब तक जिलाध्यक्ष पद के लिए डॉ. महेश कुमार तथा जिला सचिव पद के लिए मनोज कुमार शास्त्री ने नामांकन कराया है। संघ की नियमावली के अनुसार सभी पदों के नामांकन के लिए अलग -अलग राशि रखी गयी है। वोटर लिस्ट के अनुसार मतदान करके होगा। प्रत्येक प्रखंड के करीब 21 स्वजाति सदस्य का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा। तीनों पद के उम्मीदवार को अपना मतदान कर सकते हैं। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की जिम्मेवारी सभी प्रखंड अध्यक्ष को दी गयी है। तीन पदों के अलावा बचे सभी पदों का चुनाव बाद में होगा। निर्वतमान जिलाध्यक्ष मक्खन साह ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में हो इसको लेकर कमेटी की गठन किया गया है। पहली पाली में कानू सम्मेलन तथा दुहरी पाली में जिला स्तरीय चुनाव की प्रक्रिया होगी। जिला युवा संयोजक, जिला मीडिया प्रभारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी अगले चुनाव तक यथावत अपने पद पर बने रहेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष मक्खन साह ने बताया कि चुनाव को लेकर स्वजाति लोगों से सम्पर्क किया जा रहा है।

## शांतिपूर्ण और सादगी से मना मुहर्रम



**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** थानाक्षेत्र के विभिन्न जगहों में मुहर्रम पर्व मनाया गया।इस मुहर्रम में जगह जगह से जुलूस निकाला गया।विभिन्न जगहों में मुहर्रम पर्व में अखाड़ा खेला गया।प्रशाशन के निर्देश पर जुलूस के साथ भाला व फरसा नहीं निकाला गया। ।विभिन्न जगहों पर प्रशासन की ओर से भी सतर्कता देखी गयी।प्रशासन की ओर से,प्रभारी एसडीपीओ सुरेन्द्र सिंह , बीडीओ रघुनन्दन आनंद ,सीओ दीपक कुमार, थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के साथ पुलिस बल सजग दिखे और लगातार पुलिस की गस्ती जारी रही। पदाधिकारियों ने जामा मस्जिद गोगरी,रामपुर, मुश्किपुर आदि के विभिन्न इमामबाड़ा आदि का निरीक्षण भी किया ।समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं दिखीं। वहीं बोरना पंचायत के छोटी बोरना एवं बड़ी बोरना से अखाडा निकाला गया। हिन्दू मुस्लिम एकता को बरकार रखते हुए वे लोग गोगरी बाजार आये और वापस भी हुए। इसके लिए मुखिया प्रतिनिधि नासिर रामपुर मुखिया ष्णानंद यादव इकबाल की अध्यक्षता मे साठ लोगों को वोलेटियर बनाया गया था। नासिर इकबाल सभी जगहों पर लोगों से शांति का अपील करते हुए दिखे।

## एक करोड़ की लागत से बनेगा सम्राट अशोक भवन




**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत बेलदौर के वार्ड नंबर 12 में एक करोड़ 82 हजार 605 रुपए की लागत से सम्राट अशोक भवन का निर्माण किया जायेगा। उक्त भवन निर्माण का चेयरमैन ममता कुमारी, उप चेयरमैन प्रतिनिधि सूरज कुमार, वार्ड नंबर 12 के वार्ड पार्षद सोनी कुमारी के द्वारा नारियल फोड़ कर शिलान्यास से किया गया। इस संबंध में चेयरमैन ममता कुमारी ने बताई की सम्राट अशोक भवन बनने से गरीब गुरबो को काफी सुविधा मिलेगी, उक्त भवन में करीब पांच सौ ग्रामीणों की बैठने की क्षमता वाला विशाल हल, मंच, वेटिंग रूम, रंगमंच और शौचालय की सुविधा होगी। उक्त भवन का निर्माण संवेदक जितेंद्र कुमार के द्वारा की जाएगी। मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रंजन कुमार राज, जेई चंदन कुमार, मुंशी संतोष कुमार, वार्ड प्रतिनिधि गुरुदेव कुमार, नकुल शर्मा, वार्ड प्रतिनिधि सुनील शर्मा, वार्ड पार्षद संकुल शर्मा, देवेंद्र शर्मा, डेविड कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाल विकास परियोजना में काफी सुधार की जरूरत है

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** हरदिया पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 96 का डीडीसी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। सूत्रों की माने तो अधिकांश केंद्रों पर निर्धारित संख्या के अनुसार 40 बच्चे उपस्थित नहीं रहते हैं। जबकि विभिन्न पोषक क्षेत्र के आम नागरिकों द्वारा भी, पोषाहार एवं बच्चों को मिलने वाले दूध के वितरण में भी गड़बड़ी की शिकायतें लंबे समय से मिल रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक केंद्र पर 40 पैकेट दूध का मिलना तय किया गया है, लेकिन एक केंद्र में 30 से 32 पैकेट दूध उपलब्ध कराए जाते हैं और सेविका से वितरण पंजी पर हस्ताक्षर 40 पैकेट पर कराए जाते हैं। सूत्रों यह भी बताते हैं कि यह दूध के पैकेट अधिकारी के नाम पर काटे जाते हैं। इसमें सच्चाई कितनी है यह तो जांच का विषय है। इस संबंध में सेविका कुछ बोल भी नहीं पातीं। शिकायत करेंगी तो चयन मुक्त कर दी जायेंगी। आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित कार्रवाई प्रायः केवल सेविका के विरुद्ध की जाती है, उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होती।

## नगर सभापति ने 16.14 लाख की पीसीसी सड़क निर्माण का किया शुभारंभ

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यो की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, पुलिया, सामुदायिक भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड संख्या-26 में करीब 16 लाख 14 हजार 400 रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण योजना का शुभारंभ नगर सभापति अर्चना कुमारी ने किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने नगर सभापति का स्वागत करते हुए विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। वर्षो से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।



बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। अब पीसीसी सड़क बनने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य केवल विकास योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना है। नगर परिषद क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और जनता की मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। अच्छी सड़क से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और दैनिक जीवन की गतिविधियां आसान होती हैं। इसलिए नगर परिषद लगातार बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। नगर सभापति ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सड़क निर्माण के साथ-साथ नाला निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय, पुलिया, पोखर सौंदर्यीकरण और अन्य जनहित की योजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है, ताकि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद अंजू देवी ने की। उन्होंने नगर सभापति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग थी। सड़क निर्माण से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में राजकुमार मंडल, अभिषेक कुमार, राज कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार पंडित, ललिता देवी, सुशील शर्मा, छोटू कुमार, मिथलेश ठाकुर, रंजन कुमार सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**वार्ड-26 को मिली विकास की नई सौगात, जर्जर सड़क से मिलेगी मुक्ति, आवागमन होगा सुगम**

## जिलाधिकारी ने केबी तटबंध का किया निरीक्षण



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र केबी तटबंध का निरीक्षण कर बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हरदिया, मालपा, नगमा, भरपुरा, लालपुर एवं चौथम सहित विभिन्न स्थानों पर तटबंध की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मालपा-नगमा में चल रहे तटबंध सुरक्षा कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता एवं समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, अंचलाधिकारी रवि राज,प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार तथा जल संसाधन विभाग के कई अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविका से डीपीओ ने पूछा स्पष्टीकरण

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** हरदिया पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 96 का उप विकास आयुक्त श्वेता कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र में कई कमियां पाई गई, जिसमें मुख्य रूप से केंद्र पर बच्चों की कम उपस्थिति, केंद्र पर मीनू चार्ट नहीं होना, पोषाहार के तौर पर रसिया बन रहा था, तथा इस केंद्र की अवस्था को लेकर उप विकास आयुक्त ने जिला डीपीओ को केंद्र पर अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 96 के सेविका से स्पष्टीकरण मांगा। इसमें साफ तौर पर कहा गया कि निरीक्षण के दौरान केंद्र में सिर्फ 24


आंगनबाड़ी केन्द्र के रजिस्टर की जांच करतीं डीडीसी।

बच्चे उपस्थित पाए गए, सेविका सहायिका की उपस्थिति पाई गई। बच्चों के लिए पोषाहार में रसिया बन रहा था, तथा केंद्र पर मीनू चार्ट नहीं लगे हुए थे जो कर्तव्यहीनता को दर्शाता है। इसके आलोक में सेविका को अपना स्पष्टीकरण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से समर्पित करना सुनिश्चित किया गया है। हालांकि इस संबंध में डीपीओ पूनम कुमारी का कहना है कि केंद्र पर काम चल रहा था जिस वजह से मीनू पट नहीं लगा हुआ था। कम बच्चों की उपस्थिति के संबंध में बताया गया कि अभिभावक अपने बच्चों को जिम्मेदारी से आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं भेजते हैं, जिस वजह से यह समस्या आती है। डीपीओ ने माना कि व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता जरूर है। ऐसी समस्या सिर्फ एक केंद्र की नहीं है यह समस्या प्रखंड के कुछ एक केन्द्रों को छोड़कर ज्यादातर केन्द्रो में समान व्यवस्था है। इसकी जांच तो विभाग के लोग ही करते हैं बावजूद व्यापक सुधार में कमी देखी जाती है। यह अलग बात है कि जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा जब जांच की गई तब अनियमिता सामने आई और विभाग द्वारा स्पष्टीकरण भी पूछा गया, अन्यथा क्षेत्र के सभी 176 केंद्र स्थानीय परियोजना पदाधिकारी की नजर में फिट माने जाते हैं। जिस तरह से डीपीओ ने माना की व्यवस्था में थोरी सुधार की जरूरत है, इस तरह से क्षेत्र की जनता भी चाहती है कि बाल विकास परियोजना में व्यापक सुधार हो और गरीब बच्चों को लाभ सही से मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलखंड पर कई ट्रेनों का परिचालन विलंब से

**जमालपुर (मुंगेर) ।** जमालपुर रेलखंड पर शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनें निर्धारित समय से विलंब से परिचालित हुईं। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर दानापुर इंटरसिटी,डाउन विक्रमशिला,हावड़ा जमालपुर, पटना दुमका,लोकमान्य तिलक,दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन विलंब से परिचालन हुआ।

### फतुहा में बीस लाख की विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**फतुहा।** स्थानीय पुलिस और उत्पाद विभाग टीम की संयुक्त छापेमारी में गोविंदपुर हनुमान मंदिर के पास से शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक से 2089 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। इस मामले में पुलिस ने एक धंधेबाज को गिरफ्तार करते हुए एक ट्रक, एक पिकअप वैन, दो एंड्रयड मोबाइल एवं एक जीपीएस बरामद किया है। बरामद शराब की कीमत करीब बीस लाख आंकी गई है। डीएसपी- 1 अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर हनुमान मंदिर के पास एक ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप पहुंची है जिसे अनलोड किया जा रहा है। इसके बाद स्थानीय पुलिस और मद्य निषेध विभाग द्वारा वहां पर संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। छापेमारी टीम जब वहां पर पहुंची तो वहां से एक धंधेबाज गढ़ोचक निवासी रूदल राय को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक ट्रक, एक पिकअप वैन, दो मोबाइल, एक जीपीएस एवं विभिन्न ब्रांड की करीब 2089 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब बीस लाख आंकी गई है। इन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल अन्य के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष श्रीमन्त कुमार सुमन, अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार, पुअनि अपर बबन चौधरी, केतु कुमार, खगेशचन्द्र झा, सिपाही बैजू कुमार, नीतीश कुमार आदि शामिल थे।

### पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने परसावा पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू शुक्रवार को परसावा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मोहन मुरारी (गोपाल जी) की चाची के श्राद्धकर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।पूर्व विधायक ने कहा कि जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है और ऐसे कठिन समय में समाज एवं परिवार के लोगों का साथ ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने परिजनों को धैर्य एवं साहस बनाए रखने का संदेश दिया।

### तालाब में जहर डालने से लाखों की मछलियां मरीं

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंड के अंटनावां गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा तालाब में कथित रूप से जहर डाल दिए जाने से बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। तालाब में मरी हुई मछलियां पानी की सतह पर तैरती दिखाई दीं, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल है।स्थानीय लोगों के अनुसार, इस घटना से संबंधित मछली पालक को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह के गांव के समीप स्थित है। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि पूर्व में क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं कम होती थीं, जबकि हाल के दिनों में असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि की चर्चा हो रही है।घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा पीड़ित मछली पालक को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर बाढ़ प्रखंड के शिक्षक नेता आमोद कुमार, सुनील कुमार एवं प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया।वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है तथा इससे मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास और व्यापक जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

# आंदोलन में बीती जवानी, इमरजेंसी की याद आज भी करती है बेचैन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** देश में आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूरे होने के साथ ही उस दौर की यादें एक बार फिर ताजा हो उठी हैं। जमालपुर के नयागांव सिकंदरपुर निवासी व जेपी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे दीपक कुमार सिन्हा आज भी उस दौर को याद कर भावुक हो जाते हैं। उनका कहना है कि इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया था, लेकिन आंदोलनकारियों ने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा।



जेपी आंदोलन के कार्यकर्ता रहे दीपक कुमार सिन्हा।

दीपक कुमार सिन्हा बताते हैं कि वर्ष 1975 में उनकी उम्र महज 21 वर्ष थी। उस समय वे डीजे कालेज, मुंगेर के छात्र थे और छात्र राजनीति के माध्यम से जेपी आंदोलन से जुड़े हुए थे। वे आंदोलन के दौरान बरियारपुर, जमालपुर और धरहरा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी का विरोध करने के कारण उन पर सीआईडी की नजर रखी जा रही थी। अक्टूबर 1975 में जमालपुर प्रखंड क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया, जहां वे करीब ढाई महीने तक बंद रहे।दीपक सिन्हा ने आगे बताया कि आंदोलन के दौरान उन्हें मुंगेर और भागलपुर जेल में भी रखा गया था। जेल की यातनाओं और उस समय के हालात को याद करते हुए वे कहते हैं कि आज भी इमरजेंसी की याद आते ही मन में आक्रोश और बेचैनी पैदा होने लगती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों युवाओं ने अपनी पढ़ाई, करियर और भविष्य की चिंता छोड़कर आंदोलन में भाग लिया था। उन्होंने भी अपनी युवावस्था का महत्वपूर्ण समय जेपी आंदोलन को समर्पित कर दिया।दीपक सिन्हा ने बताया कि जेल से रिहा होने के बाद वे जनता पार्टी से जुड़ गए और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी आंदोलन के सेनानियों के योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें जेपी सेनानी पेंशन योजना का लाभ दिया, जिससे आंदोलनकारियों को सम्मान मिला। दीपक कहते हैं कि इमरजेंसी का दौर देश के इतिहास का ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नई पीढ़ी को भी उस दौर के संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए बलिदान की जानकारी होनी चाहिए।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट नकद व मंगलसूत्र लूटने का आरोप

### कार्रवाई को लेकर महिला ने जमालपुर थाने में दिया आवेदन

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी केशोपुर,नालापुर शिव मंदिर निवासी एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता गंगोत्री देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह अपने घर में अपनी छोटी बच्ची के साथ अकेली थी। इसी दौरान जितेंद्र कुमार मंडल एवं उसकी पत्नी दीवार फांदकर जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने पहले गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की और दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपितों ने ईंट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया।महिला का आरोप है कि घटना के दौरान घर में रखे 20 हजार रुपये नकद और उसका मंगलसूत्र भी छीन लिया गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग जुटने लगे, जिसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।पीड़िता ने जमालपुर थाना में आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



थाना से बाहर निकलते घायल महिला।

## अमन के निर्णायक गोल से फुल्का ने नौलखा को हराया

### नौलखा के सौरभ कुमार को दिया गया बेस्ट 22 का पुरस्कार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जेएसए मैदान में आयोजित अंडर-14 बालक एवं बालिका फुटबल लीग टूर्नामेंट के नौवा मैच नौलखा एवं फुल्का अकादमी के बीच खेला गया। खेले गए रोमांचक मैच में फूलका ने नौलखा को 1 - 0 पराजित टूर्नामेंट में बने रहने का एक रिकर्ड बनाने का काम किया। मैच में एकमात्र और फूल का टीम की ओर से अमन कुमार ने किया। जबकि मैच में बेस्ट 22 का पुरस्कार नौलखा के जर्सी नंबर 7 के सौरभ कुमार को दिया गया। इसके पहले मुख्य अतिथि सहायक स्पोर्ट्स पदाधिकारी संतोष कुमार दोनों टीम को बेहतर प्रदर्शन करने की बधाई देते हुए बेस्ट 22 का पुरस्कार दिया। टूर्नामेंट में उद्घोषक की भूमिका अजय कुमार अजीत ने निभाई। वही मैच में निर्णायक की जिम्मेदारी प्रवीण कुमार और ष्णानंद 'रामा' ने संभाली। वहीं, रेफरी के रूप में शंकर सिंह, मनीष कुमार एवं प्रकाश कुमार ने अपनी सेवाएं दीं।इस अवसर पर संजय कुमार 'ट्विंकल', संजय सिंह 'सज्जन', शिवलाल रजक,हिमालय कुमार हिमांशु,रंजीत प्रसाद,मिथुन, विनोद सहित अनेक खेलप्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।



दोनों टीम के साथ खड़े अतिथि।

## मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, 200 से अधिक पदाधिकारी व जवान तैनात

**जमालपुर(मुंगेर)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर जमालपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए शहर में 200 से अधिक पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है।मोहर्रम को लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान चारों प्रमुख अखाड़ा स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना था।फ्लैग मार्च के बाद थानाध्यक्ष ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपनी-अपनी ड्यूटी निभाएं। थानाध्यक्ष ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जमालपुर हमेशा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है। इस बार भी सभी के सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इधर, शहर में लगातार गश्ती बढ़ा दी गई है और पुलिस की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।



पदाधिकारी जवान को दिशा निर्देश देते थानाध्यक्ष।

## नशा निरोधक दिवस पर जमालपुर में निकली जागरूकता प्रभात फेरी

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर)।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-09 जमालपुर की ओर से नशामुक्त समाज का संदेश देने के लिए जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और नशे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाने की अपील की गई।प्रभात फेरी की शुरुआत बीएमपी-09 परिसर से हुई। इसके बाद यह दौलतपुर कलोनी, जमालपुर-मुंगेर रोड, जुबली कुआं,जमालपुर स्टेशन परिसर, कारखाना मार्ग,ईस्ट कलोनी थाना होते हुए पुनः वाहिनी परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया और समाज से नशे की बुराइयों को खत्म करने का संदेश दिया। समादेष्टा विद्यासागर, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार यादव सहित वाहिनी के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोगों से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील की।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से नशे के प्रलोभन से बचने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।




- प्रभात फेरी में शामिल जवान।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले छह शातिर चोर गिरफ्तार, छह मोबाइल, नकदी व जेवरात बरामद

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ट्रेनों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ सीआईबी जमालपुर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के छह मोबाइल फोन, चांदी के जेवरात, 17,950 रुपये नकद, एक कलाई घड़ी तथा चोरी में प्रयुक्त कई उपकरण बरामद किए गए हैं।आरपीएफ सुजीत कुमार यादव एवं सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा बताया कि 25 जून को ट्रेन संख्या 13236 डाउन में अभियान के दौरान छह संदिग्धों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बमबम कुमार, रंजीत कुमार, धीरज कुमार, सुमन कुमार, प्रिंस कुमार (सभी बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी) तथा ष्ण कुमार (कासिमबाजार थाना क्षेत्र निवासी) के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान इनके पास से छह मोबाइल फोन, चांदी के जेवरात, 17,950 रुपये नकद, एक कलाई घड़ी, फेविकि, पेचकस, मास्टर चाबी, वेसलिन सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ में बरामद उपकरणों का उपयोग चोरी की घटनाओं में किए जाने की आशंका जताई जा रही है।गिरफ्तार सभी आरोपितों को आरपीएफ,सीआईबी जमालपुर की टीम ने रेल थाना जमालपुर को सुपुर्द कर दिया। मामले में रेल थाना द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बरामद मोबाइल और अन्य सामान के वास्तविक मालिकों की पहचान करने के साथ-साथ आरोपितों के आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की भी जांच कर रही है।




गिरफ्तार एवं बरामद मोबाइल की जानकारी देते आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना हाईकोर्ट के फैसले का अधिवक्ता सतीश सत्यार्थी ने किया स्वागत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ व्यवहार न्यायालय के लोकप्रिय अधिवक्ता सह पत्रकार सतीश सत्यार्थी ने पटना हाईकोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय का यह फैसला न्यायिक प्रक्रिया में वैज्ञानिक साक्ष्यों के महत्व को स्थापित करने वाला है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना हाईकोर्ट ने लगभग 10 वर्ष पुराने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि केवल ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के आधार पर शराब सेवन को अंतिम रूप से प्रमाणित नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दोष सिद्ध करने के लिए रक्त की जांच (ब्लड टेस्ट) जैसे वैज्ञानिक साक्ष्य आवश्यक हैं।अधिवक्ता सतीश सत्यार्थी ने कहा कि न्यायालय का यह निर्णय निष्पक्ष जांच और न्यायिक पारदर्शिता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक साक्ष्यों के आधार पर ही दोष निर्धारण होना चाहिए, जिससे न्याय व्यवस्था में आम लोगों का विश्वास और मजबूत होगा।

### सीएनजी चलित एम्बुलेंस पर उठने लगे सवाल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमंडल क्षेत्र में बड़ी संख्या में सीएनजी चालित एम्बुलेंसों का संचालन किया जा रहा है, जिसे लेकर मरीजों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि तकनीकी मानकों एवं नियमित जांच के अभाव में ये एम्बुलेंस मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।सूत्रों के अनुसार बाढ़ अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सीएनजी गैस से चलने वाली एम्बुलेंसें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने तथा समय-समय पर फिटनेस जांच नहीं होने की भी चर्चा है। विशेषज्ञों का मानना है कि गैस रिसाव अथवा तकनीकी खराबी की स्थिति में गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इन एम्बुलेंसों की जांच कराने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि मरीजों की जान को किसी प्रकार का खतरा न हो। हालांकि संबंधित विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### नशा परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन जागरूकता से ही मिलेगी मुक्ति : सुनील कुमार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** दाहौर गांव में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लोकप्रिय शिक्षक नेता एवं शिक्षाविद सुनील कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया। अध्यक्षीय संबोधन में सुनील कुमार ने कहा कि 26 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि नशा कोई सामान्य समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसी विनाशकारी लत है, जो व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार की खुशियों, रिश्तों और भविष्य को भी खोखला कर देती है।उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपना स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक संबंध खो देता है। नशा युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सपनों को निगल रहा है तथा समाज में अपराध, हिंसा और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।सुनील कुमार ने कहा कि आज का समय विज्ञान और विकास का युग है, लेकिन नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। शराब, तंबाकू, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, बल्कि परिवार और समाज की खुशहाली को भी छीन लेते हैं।उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाज के जागरूक नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं को सही मार्गदर्शन, नैतिक संस्कार और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय, परिवार और समाज के संयुक्त प्रयास से ही नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोच, विवेक और आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है तथा परिवारों में तनाव, आर्थिक संकट और सामाजिक विघटन को जन्म देता है। जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक सहयोग के माध्यम से ही इस गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि नशा क्षणिक सुख देता है, लेकिन जीवनभर का दुःख दे जाता है। संयम, संस्कार और सदाचार ही जीवन की वास्तविक शक्ति हैं।



लोकप्रिय शिक्षक नेता सुनील कुमार।

### दो बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया

**एकमा (सारण)।** जिले के एकमा पुलिस अंचल के दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में मोहर्रम के ताजिया निर्माण स्थल के समीप दो बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। गांव में ताजिया का निर्माण किया जा रहा था, जिसके लिए जनरेटर चलाकर प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान दो बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजन भी विवाद में शामिल हो गए और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों एवं अन्य हथियारों से हमला कर दूसरे पक्ष के सात लोगों को घायल कर दिया। घायलों में जैतपुर गांव निवासी खुर्शीद आलम (40), अफरोज अली (20), रिजवान अली (22), सकीना खातून (50), सायरा खातून (70), मुन्नी खातून (45) तथा मेंहदी हसन (40) शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को परिजनों द्वारा एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ड़ विवेक कुमार प्रसाद ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध दाउदपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### 28 जून को पंचायत विकास दिवस 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का अभियान'

**छपरा।** दीक्षित भारत - समृद्ध बिहार के संकल्प के साथ सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा 28 जून को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना, लोगों को उनके अधिकारों और योजनाओं की जानकारी देना तथा ग्राम पंचायतों को विकास का सशक्त केंद्र बनाना है। इस माह का विषय 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' रखा गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके लिए संचालित योजनाओं पर विशेष चर्चा होगी। पंचायत विकास दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और आम जनता के बीच सीधे संवाद का प्रभावी मंच बनेगा। शिविर के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण एक साथ बैठकर ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं, आगामी कार्यों, प्राप्त एवं व्यय राशि, शेष राशि तथा भविष्य की विकास रणनीति पर विस्तार से चर्चा करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि पात्र लाभुक बिना किसी बिचौलिये के योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम ष्मन की बातष का सामूहिक सीधा प्रसारण भी होगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के विचारों, प्रेरणादायी संदेशों और देश के विकास से जुड़े विषयों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। सरकार का मानना है कि जनसंवाद और जनभागीदारी से ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है तथा विकसित भारत और समृद्ध बिहार के लक्ष्य को गति मिलेगी।

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की बाढ़, रहें सावधान

## भरत तिवारी एनकाउंटर की न्यायिक जांच शुरू

दैनिक नवसंदेश

**शाहपुर।** बिलौटी गांव में हुए भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और सुनियोजित अफवाहों की बाढ़ आ गई है। असत्यापित डिजिटल हैंडल्स, यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया पेजों पर भ्रामक वीडियो व तथ्यहीन दावे प्रसारित किए जा रहे हैं। जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है और मुख्यधारा की पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एनकाउंटर के दिन घटनास्थल और अस्पताल के बाहर दिखाई गई कई भीड़ के वीडियो तथा हाल में आयोजित महापंचायत से जुड़े कई दृश्य वास्तविक घटना से मेल नहीं खाते। आरोप है कि टीआरपी और सोशल मीडिया व्यूज बढ़ाने के लिए पुरानी रैलियों और अन्य स्थानों के वीडियो को बिलौटी गांव का बताकर वायरल किया गया। दावा किया गया कि पूर्व एसपी विनय तिवारी पीड़ित परिवार से मिलने बिलौटी पहुंचे। जबकि श्री तिवारी का यहां से तबादला वर्ष 2022 में हो चुका था। उपमुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के बिलौटी पहुंचने के दावे भी सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। कई लोग स्वयं को पीड़ित परिवार का रिश्तेदार या करीबी बताकर भी भ्रामक सूचनाएं दे रहे हैं। वास्तविक स्थिति यह है कि भोजपुर एसपी रात को बिलौटी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी तथा निष्पक्ष कार्रवाई और सुरक्षा का भरोसा दिया था। मामले की न्यायिक जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जांच भी शुरू कर दी गयी है। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सनसनीखेज वीडियो, भ्रामक और अपुष्ट दावों पर विश्वास न करें।



भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

## गरीबों की आवाज थे तिवारी, दोषियों पर चलेगा स्पीड ट्रायल : हुलास पांडेय



**आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लोजपा के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय शुक्रवार को बिलौटी गांव पहुंचकर पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिले। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुलाकात के बाद हुलास पांडेय ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने दीजिए। रिपोर्ट के आधार पर इस प्रकरण में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ स्पीड ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द कार्रवाई कराई जाएगी। भरत भूषण तिवारी गरीबों की आवाज थे और समाज के लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते थे। वह हमेशा से जरूरतमंदों की आवाज बने। उनके बलिदान का व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। एक देशभक्त को जिस तरह से गोली मारकर हत्या की गई है, उसके लिए कोई शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि जवइनिया गांव के कटाव पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उनकी पार्टी आज भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कटाव प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और उनके अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ी जाएगी। इस दौरान विपुल सिंह, बिडुल पांडेय, मयूर पांडेय, लोजपा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, नीलेश्वर उपाध्याय, सरोज तिवारी, राघवेंद्र कुमार एवं अमृत प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## भरत तिवारी को न्याय मिलने तक हर लड़ाई में साथ : रितेश पांडेय



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने भोजपुरी फिल्म अभिनेता एवं गायक रितेश पांडे शुक्रवार को उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और उनका हालचाल जाना। परिजनों से बातचीत के बाद रितेश पांडे ने कहा कि भरत तिवारी के परिवार को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़े हैं और जब तक भरत तिवारी एवं उनके परिजनों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनका समर्थन जारी रहेगा। रितेश पांडे ने भरत तिवारी को एक सामाजिक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि न्याय की लड़ाई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उनके आगमन पर गांव में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसी को भी गोली मारने की पुलिस को खुली छूट नहीं : राहुल तिवारी



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने शुक्रवार को शाहपुर के पूर्व विधायक राहुल तिवारी बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई में साथ रहने का भरोसा दिया। राहुल तिवारी ने कहा कि सरकार ने परिवार की कई मांगों को स्वीकार किया है, जिसके लिए वह सरकार का धन्यवाद देते हैं। उन्होंने पूर्व मंत्री नागमणि पर निशाना साधते हुए कहा कि जगदेव बाबू जैसे सेनानी के पुत्र होने के बावजूद उनके द्वारा दिए जा रहे बयान दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि वह जातिवादी राजनीति करते हैं। उन्होंने दलित समाज के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। भरत तिवारी प्रकरण पर राहुल तिवारी ने कहा कि पुलिस को किसी भी व्यक्ति को गोली मारने की खुली छूट नहीं हो सकती। यदि अपराध किया है तो उसका फैसला न्यायालय करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिदंडी स्वामी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आज

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो प्रखंड के परमानंद नगर में नव निर्मित मंदिर में संत त्रिदंडी स्वामी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को धार्मिक विधि-विधान के अनुसार की जाएगी। इसको लेकर यहां आयोजित सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न होगी। इस मौके पर विशेष भंडारे का आयोजन होगा। शनिवार को ही परमानंद नगर में श्री त्रिदंडी स्वामी राजकीय डिग्री कालेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी होना है।

### नशा मुक्ति में समाज व परिवार की भूमिका अहम : डॉ. सनी



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग, की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सनी सिंह ने नशे के दुष्प्रभाव और अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर जागरूक किया। डॉ. सिंह ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसका असर केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर ही नहीं पड़ता, बल्कि परिवार, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि नशे की आदत से बचाव के लिए समय रहते पहचान, उचित इलाज और पुनर्वास की व्यवस्था जरूरी है। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के अलावा स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज बनाने और अवैध तस्करी रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में लोगों के बीच जागरूकता सामग्री का वितरण किया गया और सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।

### दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में राहगीर की मौत



**एकमा (सारण) (दैनिक नवसंदेश)।** छपरा-सिवान एनएच-531 पर आमडाढ़ी गांव स्थित राम जानकी सह हनुमान मंदिर के समीप गुरुवार की देर रात दो चारपहिया वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में अधेड़ राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक एवं सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। मृतक मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी मुंद्रिका बीन का 59 वर्षीय पुत्र सर्वजीत बीन था। बताया जाता है कि वह आमडाढ़ी स्थित पोखरे में मछली मारने आए थे। देर शाम समय सड़क पार करने के दौरान सीवान की ओर से आ रही बोलेरो और छपरा की ओर जा रही कार की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही एकमा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज कर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर एकमा थाने ले गयी। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक एनएच-531 पर यातायात बाधित रहा, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से सामान्य कराया गया। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर जांच की जा रही है तथा फरार चालकों की पहचान का प्रयास जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार प्रेषण तक मृतक के परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। पुलिस पीड़ित परिजनों द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई करेगी।

### बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, सात घायल

**एकमा (सारण) (दैनिक नवसंदेश)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में मोहर्रम के ताजिया निर्माण स्थल के समीप दो बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। गांव में ताजिया का निर्माण किया जा रहा था, जिसके लिए जनरेटर चलाकर प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान दो बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजन भी विवाद में शामिल हो गए और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों एवं अन्य हथियारों से हमला कर दूसरे पक्ष के सात लोगों को घायल कर दिया। घायलों में जैतपुर गांव निवासी खुर्शीद आलम (40), अफरोज अली (20), रिजवान अली (22), सकीना खातून (50), सायरा खातून (70), मुन्नी खातून (45) तथा मेंहदी हसन (40) शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को परिजनों द्वारा एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध दाउदपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया यौम-ए-आशूरा

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** इस्लामी कैलेंडर के प्रथम माह मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशूरा पर शुक्रवार को छपरा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम का पर्व अकीदत, एहतराम और गमगीन माहौल में मनाया गया। शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने अपनी-अपनी धार्मिक परंपराओं के अनुसार हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया। पूरे दिन इबादत, मातम, फातेहा और लंगर के साथ इंसानियत, सब्र और कुर्बानी का पैगाम दिया गया। शहर के दहियावां स्थित छोटा इमामबाड़ा से अंजुमन जाफरिया के तत्वावधान में शिया समुदाय का भव्य मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस महमूद चौक, थाना चौक, हथुआ मार्केट, साहबगंज, पोस्ट ऑफिस चौक और सोनारपट्टी होते हुए बुटनबाड़ी कर्बला पहुंचा। जुलूस में हजरत अब्बास का अलम तथा इमाम हुसैन का प्रतीकात्मक ताबूत श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा। या हुसैन और या अब्बास की सदाओं के बीच बच्चे, युवा और बुजुर्ग सीना-जनी कर मातम करते चले, जिससे पूरा वातावरण गमगीन हो उठा। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर मजलिसों का आयोजन किया गया।

## दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को न्याय मिलना चाहिए : विशाल सिंह



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस द्वारा कथित रूप से हुए एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों से मिलने शुक्रवार को एनसीसीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल सिंह बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के स्वजन से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। परिजनों ने विशाल सिंह को बताया कि उन पर प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने इस मामले में जगदीशपुर के एसडीएम समेत कुछ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। विशाल सिंह ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनका समर्थन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि परिवार ने जिन अधिकारियों की भूमिका को लेकर अपनी बातें रखी हैं। उन्हें संबंधित उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार के दुख-दर्द में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान भाजपा नेता अशोक चौधरी, उमेश चंद्र पांडे, रूपेश कुमार, सुरेश राय, बबली पांडे, रबिन्द्र ओझा, राजकिशोर सिंह, शशिकांत त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कर्बला के शहीदों के नाम निकाला गया मातमी जुलूस



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुहर्रम की 10 तारीख (शुक्रवार) को "यौमे आशूरा" का दिन है। आज कर्बला के शहीदों के नाम "ताजिया का मातमी जुलूस" शहर में महादेवा महाजन टोली न-1 स्थित डिप्टी शेर अली के इमामबाड़ा से स्व़ अहमद हुसैन की तरफ से शहर में निकाला गया। यह जुलूस महादेवा रोड, धर्मन चौक, टाउन थाना, नाला मोड़, पुरानी पुलिस लाइन होते हुए छोटी कर्बला मौला बाग में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस निकलने की परम्परा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। इसमें कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करके नौहा पढ़ा जाता है और मातम किया जाता है। शिया समाज के लोग विशेषकर काला वस्त्र पहनकर इस शोकपूर्ण घटना की याद में मातम, नौहा करते हुए शोक मनाते है।सभी समुदाय के लोग भी इस शोकपूर्ण घटना की याद में जुलूस के साथ शामिल रहते हुए अपना भरपूर सहयोग करते हैं। इस जुलूस मे सैयद रेयाज हुसैन, सैयद अली हुसैन, सैयद हसनैन, नासिर हसन, इंतसाब हसन, ने नौहा पढ़ा। सैयद रेयाज हुसैन ने नौहा पढ़ा। जुलूस में मौलाना रजा अब्बास, सैयद आबिद बिलग्रामी, सैयद काजिम हुसैन, प्रो सैयद एजाज हुसैन, मौलाना हसन अब्बास, सैयद अकील हैदर, शब्बीर हसन, सरफराज हैदर, शादाब हुसैन, डॉ. कौनैन रजा, नासिर हसन, सैयद यावर हुसैन, कमर हैदर, सैयद इख़्तियार हुसैन, गुड्डु अंसारी, लड्डन अंसारी, आदि अन्य लोग शामिल थे। जुलूस में सर्व-धर्म हुसैनी एकता समाज की तरफ से ओम प्रकाश मुन्ना, अजीत रंजन (अधिवक्ता), महफूज आलम, एकराम आलम, अखिलेश कुमार, अंजनी सिन्हा, बिरेन्द्र श्रीवास्तव, विजय कुमार, वीर बहादुर आदि का इसके संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की गयी जान

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर थाना के बरीसवन गांव में शुक्रवार की सुबह करंट लगने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी रामजी तिवारी के 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे आयुष कुमार गांव के बरिसवन-चमरपुर पथ पर मठिया से आगे कदम के पेड़ के पास खड़ी एक पिकअप के संपर्क में आ गए। बताया जाता है कि पिकअप वाहन में 11 हजार वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार का करंट उतर आया था। वाहन को छूते ही आयुष करंट की चपेट में आ गए और तड़पने लगे। स्थानीय लोग जब तक मौके पर पहुंचकर कुछ कर पाते तब तक उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।



## युवक की गोली मारकर की हत्या से सनसनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुल पर गुरुवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से दाहिने साइड पेट में गोली मारी गई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला वार्ड नंबर-36 निवासी विजय यादव का 28 वर्षीय पुत्र चंदन यादव है। वह मजदूर था। मृतक की पत्नी गीता देवी के अनुसार वह सौ रुपये लेकर धरहरा मुसहर टोली गया था। जहां हथियारबंद बदमाशों द्वारा उसे गोली मार दी गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक ने लव मैरिज की थी। हालांकि उसकी हत्या किसने और क्यों की यह पता नहीं चल पाया है।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत, घर में कोहराम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना के बड़की सनदिया गांव में गुरुवार की सुबह पेड़ से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक बड़की सनदिया गांव निवासी दामोदर पासवान का 35 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र पासवान है। वह नोएडा में रहकर काम करता था। कुछ दिन पहले उसके बड़े भाई की बहू का देहांत हो गया था। उसी के पुछार में वह आया था।

### चंदन हत्याकांड में एक नामजद और तीन अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चंदन हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक के पिता विजय यादव के फर्द बयान पर करनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव, वर्तमान नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला निवासी विनय मिश्रा के पुत्र धीरज कुमार उर्फ राकेश मिश्रा नामजद एवं तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## 30 जून से 5 जुलाई तक होगा प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** पेरहाप गांव स्थित मंदिर प्रांगण में 30 जून से 5 जुलाई तक श्री लक्ष्मी वेंकटेश प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का आयोजन की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि वैकुण्ठवासी श्री 1008 स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री स्वामी विष्णुचिताचार्य जी महाराज के सान्निध्य में यह आयोजन श्री तिरुपति बालाजी मंदिर, तोताद्रिमठ, पेरहाप में हो रहा है। यज्ञ में वैष्णव सम्प्रदाय के संत मधुकरकवि वानमामलै रामानुज जीयर स्वामी जी महाराज, तोताद्रिमठ नानगुनेरी, तमिलनाडु अपने मंगलानुशासन के साथ उपस्थित रहेंगे।



## नशे से बचने वाला परिवार ही करेगा विकास

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार में नशा मुक्ति शपथ समारोह का किया गया आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज व्यवहार न्यायालय, आरा में नशा मुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम शैलेंद्र कुमार पांडा ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्त भारत के निर्माण एवं समाज को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिवाकर कुमार, प्रतीक रंजन चौरसिया, वालंटियर्स उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में नशे से दूर रहने एवं अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता शिविर, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विद्यालयों में विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज को नशे के खिलाफ एकजुट किया जा सके।



## सृष्टि के प्रारंभ में एकमात्र श्रीमन नारायण ही थे

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज ने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवचन देते हुए सृष्टि के प्रारंभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सृष्टि के आरंभ में इस संपूर्ण जगत में केवल श्रीमन नारायण ही थे। उस समय न कोई स्त्री थी और न ही कोई पुरुष। उन्होंने कहा कि सृष्टि के प्रारंभ में भगवान श्रीमन नारायण ने अपने संकल्प (मानसिक शक्ति) से सृष्टि की रचना की। कुछ लोगों के मन में इस विषय को लेकर संशय उत्पन्न होता है। उन्हें यह समझना चाहिए कि प्रत्येक जीव का जन्म केवल स्त्री-पुरुष के संयोग से ही नहीं होता, बल्कि बिना स्त्री के भी जीवों की उत्पत्ति संभव है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कई फलों के भीतर स्वतः कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं। इसी प्रकार शरीर में घाव होने पर उसमें भी अनेक प्रकार के कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं। क्या इन जीवों की उत्पत्ति भी किसी स्त्री-पुरुष के संयोग से होती है उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जीवों की उत्पत्ति के लिए वैवाहिक जीवन या वैवाहिक मर्यादा का होना प्रत्येक स्थिति में आवश्यक नहीं है। स्वामी जी ने कहा कि सृष्टि के प्रारंभ में भगवान श्रीमन नारायण की नाभि से कमल प्रकट हुआ और उस कमल से ब्रह्मा जी का प्राकट्य हुआ। तत्पश्चात ब्रह्मा जी के चार मानस पुत्र' सनक, सनंदन, सनातन और सनत्कुमार' प्रकट हुए। इस प्रकार भगवान ने बिना स्त्री-पुरुष के ही सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसलिए यदि किसी के मन में यह संदेह उत्पन्न होता है कि सृष्टि की रचना केवल वैवाहिक मर्यादा के माध्यम से ही संभव है, तो उसे इतिहास और पुराणों का भी अध्ययन करना चाहिए। जब ईश्वर की इच्छा होती है, तब वे सृष्टि का विस्तार करते हैं और जब उनकी इच्छा होती है, तब संपूर्ण सृष्टि को अपने भीतर समाहित भी कर लेते हैं।



## बीजेपी नहीं जीतती तो बंगाल का हो जाता इस्लामीकरण : अर्जुन

### अभिनंदन समारोह में बोले प. बंगाल के परिवहन एवं श्रम मंत्री

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय होटल ग्रांड में पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन एवं श्रम मंत्री का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन यशवंत कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर व्यावसायी के जितेंद्र सिंह ने श्री सिंह को पगड़ी और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। पश्चिम बंगाल के परिवहन सह श्रम मंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि आज से 140 वर्ष पहले भोजपुर से हम लोगों का परिवार रोजी-रोटी के लिए पश्चिम बंगाल गया था। पिता के समय से परिवार राजनीति में प्रवेश किया। मेरे पिता तीन बार विधायक रहे। मैं भी चार बार विधायक रहा। पांचवीं बार सरकार में मंत्री बना। मेरा पुत्र भी तीन बार विधायक और एक बार एमपी रहा है। अपनी मिट्टी पर आने से आनंद की अनुभूति मिलती है, उन्होंने कहा कि बंगाल का डेमोग्राफी बदल रहा है। बंगाल के सनातनी बंगाली यह जान चुके थे कि इस बार चुनाव में अगर बीजेपी जीत हासिल नहीं करती है, तो बंगाल का इस्लामीकरण हो जाएगा। बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा। इसके लिए लोगों ने व्यापक समर्थन दिया। तब जाकर भाजपा 208 सीट लेकर बंगाल में सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि अभी भी बंगाल 49 साल पीछे हैं। हमारे मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी उसे पटरी पर लाने के लिए कठिन परिश्रम कर रहे है। बंगाल के मुख्यमंत्री स्पीड से काम कर रहे हैं। जिन गुंडो ने निरीह लोगों को सताया है। पुलिस उनकी ही क्लास लगा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा के राणा प्रताप सिंह, हरेंद्र पांडेय, राजेंद्र तिवारी, कौशल विधार्थी, सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, शंभू चौरसिया, उमेश बेरिया, रविन्द्र सिंह आदि ने अपना वक्तव्य दिया। मौके पर क्षत्रिय कल्याण संघ शाहाबाद के अध्यक्ष राम कुमार सिंह, डॉ विकास सिंह, मंटू सिंह, संजय सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, अरविंद पांडेय, रिंकु सिंह, संजय सिंह, अमित केसरी, सुशील टाईगर, निलेश उपाध्याय, अभय विश्वास भट्ट, उमेश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, राजेश सिंह, मंटू सिंह, दीपक सिंह, राकेश सिंह, डब्लू सिंह, रोहित बजरंगी, रानू चौरसिया, सरोज सिंह, इन्द्रभान सिंह, अशोक सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, निशांत सिंह सेंगर, भीम लाल आदि थे।



## मारपीट और फायरिंग में पांच लोग गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव में गुरुवार की देर शाम पूर्व के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान फायरिंग भी की गई। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा भी बरामद किया। एक पक्ष से महेंद्र सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर गांव के ही अजय सिंह एवं नीतीश कुमार सहित नौ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने एक पक्ष के धनंजय कुमार, संजय कुमार, नीतीश कुमार एवं दूसरे पक्ष के अजय सिंह व नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरतारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम पर कर्बला पहुंचे प्रभारी मंत्री, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम के अवसर पर जदयू के नगर अध्यक्ष मोहम्मद असलम के नेतृत्व में जहानाबाद कर्बला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जहानाबाद प्रभारी मंत्री ने कर्बला पहुंचकर चादरपोशी की तथा जिले में



अमन, शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुहर्रम का पर्व हमें त्याग, सत्य, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की कि पर्व को प्रेम, सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा सामाजिक एकता को मजबूत करें। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष प्रो. सुशील बाबू, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, रंगनाथ शर्मा, कुंदन कुमार, मधेश्वरी यादव, मुरारी यादव, मेराज अहमद, सुधु जी, नसीम अख्तर सहित जदयू के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रदेश और जिले में शांति, सौहार्द एवं खुशहाली की कामना करते हुए समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

### ₹नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें₹ : अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जिलेभर में जागरूकता अभियान



**जहानाबाद ।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न शैक्षणिक, खेल, स्वास्थ्य एवं सामाजिक संस्थानों में जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडड्डृ वाई भूटिया ने जिलेवासियों से अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रमों का सफल समन्वय सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती पूनम कुमारी के नेतृत्व में किया गया। खेल भवन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मल्लहचक, डॉ. भीमराव अंबेडकर बालिका आवासीय छात्रावास तथा सदर अस्पताल सहित विभिन्न संस्थानों में बड़ी संख्या में लोगों ने नशामुक्ति की शपथ ली। इस दौरान युवाओं, खिलाड़ियों, छात्राओं और स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वयं तथा समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से नशा मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

**युवाओं ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प, जिला पदाधिकारी ने जनभागीदारी की अपील की**

### मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम-एसपी ने किया नगर क्षेत्र का निरीक्षण

**जहानाबाद (एनएसबी)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने गुरुवार को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर ताजिया जुलूस की तैयारियों और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने आमजन से भाईचारे और आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान



अधिकारियों ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जुलूस समितियों के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है तथा पूर्व में शांति समिति की बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मुहर्रम के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी, ड्रोन, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। हथियारों के प्रदर्शन एवं उपयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक जिला नियंत्रण कक्ष (06114-223013), पुलिस नियंत्रण कक्ष अथवा डायल 112 पर संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) मनीष कुमार चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मोहर्रम की नौवीं पर काको पाली में परंपराओं में शामिल हुए गणमान्य लोग

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मोहर्रम की नौवीं के अवसर पर काको पाली में आयोजित पारंपरिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रविकांत कुमार, मुन्ना पत्रकार, खालिद हुसैन, डीपीएम साहब सहित कई सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोग काको पाली पहुंचे और मोहर्रम की परंपराओं में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मोहर्रम के इतिहास, धार्मिक महत्व तथा विभिन्न रस्मों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम त्याग, सत्य, इंसाफ और मानवता का संदेश देता है तथा समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

# अज्ञात पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घंटे तक एनएच-139 जाम

## सीसीटीवी फुटेज से जांच की मांग, मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की उठी आवाज

**कलेर (एनएसबी)।** मेहंदिया बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर शुक्रवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पटना-औरंगाबाद मुख्य मार्ग (एनएच-139) को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने तथा सरकारी सहायता का आश्वासन मिलने के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।

जानकारी के अनुसार, शिवपुर गांव निवासी पप्पू चौधरी (33), स्वर्गीय मुनी लाल चौधरी के पुत्र, अपने ससुराल से बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे मेहंदिया स्थित 139 राज रेस्टोरेंट के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार



सड़क जाम करते लोग।

हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा तथा फरार चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों, स्कूली बच्चों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, अंचलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार तथा कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों से वार्ता कर सरकारी प्रावधानों के तहत हरसंभव सहायता एवं निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। इसके बाद जाम हटाया गया। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया है। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर फरार पिकअप वैन और उसके चालक की पहचान करने की मांग की है। साथ ही मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता और उचित मुआवजा देने की भी अपील की गई है।

ग्रामीणों ने कहा कि एनएच-139 पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से नियमित वाहन जांच, गति सीमा का सख्ती से पालन और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार वाहन की पहचान कर दोषी चालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## "प्रतिभा को मिला सम्मान, सपनों को मिली नई उड़ान



**जहानाबाद (एनएसबी)।** शहर के कृष्णा गार्डन में शुक्रवार को प्रभात खबर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जहानाबाद एवं अरवल जिले के मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 350 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव, जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडड्डृ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार एवं डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान श्रीमती शुष्मिता भारद्वाज लोजपा नेत्री डा इन्दु कश्यप भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) में सफलता प्राप्त करने वाले आधा दर्जन युवाओं को भी मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आईजी विकास वैभव ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित बिहार का निर्माण जरूरी है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वहीं जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडड्डृ वाई भूटिया ने कहा कि प्रारंभिक शैक्षणिक सफलता जीवन का पहला मजबूत मंच है, इसलिए छात्र स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करें। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविदों, समाजसेवियों, अभिभावकों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायी बताया।

**प्रभात खबर के प्रतिभा सम्मान समारोह में जहानाबाद और अरवल के 350 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित**

## मंडल कारा, जहानाबाद में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जहानाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मंडल कारा, जहानाबाद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक अजीत कुमार ने की। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ राजीव कुमार ने बंदियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति और निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नालसा द्वारा वर्ष 2025 में शुरू की गई ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया योजना का उद्देश्य नशे से प्रभावित लोगों को कानूनी सहायता, परामर्श, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित कर अपराध की ओर धकेल सकता है, इसलिए समय रहते इससे दूर रहना आवश्यक है। जेल अधीक्षक अजीत कुमार ने सभी बंदियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा नशीले पदार्थों के सेवन और प्रसार का विरोध करने का संकल्प कराया। कार्यक्रम में जेल सहायक उपाधीक्षक सुधीर कुमार सिंह, राजीव कुमार, सुश्री कुमारी निधि, सहायक सत्येंद्र कुमार सहित जेल कर्मी तथा बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला बंदी उपस्थित रहे।

**बंदियों को नशामुक्त जीवन का संदेश, कानूनी सहायता एवं पुनर्वास योजनाओं की दी गई जानकारी**

## मुहर्रम पर कुर्था प्रखंड में दिखा सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**कुर्था (एसएनबी)** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कुर्था प्रखंड क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण रखा जा सके। प्रशासन की सतर्कता के कारण पूरे क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर अखाड़ा में थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय अपने दल-बल के साथ लगातार मौजूद रहीं। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की अपील की। साथ ही पुलिस बल को भी लगातार सतर्क रहने का निर्देश दिया गया, जिससे किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। वहीं कुर्था थानाध्यक्ष चंदन झा भी अपने दल-बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न



ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारी।

अखाड़ों का लगातार भ्रमण करते रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की। जुलूस मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, ताकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह बनी रहे। मुहर्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे कुर्था प्रखंड में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन की मुस्तैदी से लोगों में सुरक्षा का विश्वास बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ पर्व मनाया।

## मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले भर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक, अरवल के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षकगण, थानाध्यक्ष एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं तथा प्रतिनियुक्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं।पर्व के दौरान सभी जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार गश्ती, आसूचना संकलन एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। वर्तमान में पूरे जिले में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न हो रहा है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। अरवल पुलिस आमजन से अपील करती है कि आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। अरवल पुलिस मुहर्रम पर्व को पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध एवं सतर्क है।

**वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जा रहा जायजा**

## जहानाबाद की बेटी अपराजिता मिश्रा का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, सिक्किम केंद्र में चयन, पूरे मगध में खुशी की लहर

**जहानाबाद (एनएबसी)।** जिले की प्रतिभाशाली बेटी अपराजिता मिश्रा का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), सिक्किम केंद्र में चयन होने से पूरे मगध क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल जहानाबाद, बल्कि पूरे बिहार का मान बढ़ाया है।

अपराजिता, उमाकांत मिश्रा एवं अंजु देवी की पुत्री हैं। उनके चाचा बृजेश मिश्रा जहानाबाद में सरगम संगीत महाविद्यालय का संचालन कर वर्षों से संगीत और रंगकला के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को निखार रहे हैं।



संयोग की बात यह रही कि गांधी मैदान, मखदुमपुर (जहानाबाद) में प्रयास द्वारा आयोजित 13वें राष्ट्रीय नाट्य मेले में चाचा और भतीजी दोनों ने अपने अभिनय और कला का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया था। उस आयोजन का नारा "फिर जमेगा रंग जिला जहानाबाद में" आज उनकी इस उपलब्धि से पूरी तरह सार्थक होता दिखाई दे रहा है। अपराजिता के साथ संटी कुमार, सौरभ सागर, वैभव एवं प्रियांसी का भी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में चयन हुआ है। सभी चयनित प्रतिभाओं को रंगकर्मियों, कलाकारों एवं जिलेवासियों ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो : कांग्रेस

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमेटी, जहानाबाद ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी नेताओं ने दावा किया कि विपक्ष द्वारा राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं का मामला उठाए जाने के बाद जांच शुरू हुई। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि जांच के दौरान ट्रस्ट के कुछ सदस्यों की कथित संलिप्तता सामने आई है तथा नकदी बरामद की गई है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि चढ़ावे से जुड़े सोना-चांदी एवं जेवरात की कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कांग्रेस नेताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही केंद्र सरकार से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। प्रेस वक्तव्य में कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए, ताकि यदि किसी भी स्तर पर कोई दोषी हो तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई हो सके। इस मांग का समर्थन करने वालों में जिला अध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार, जिला प्रवक्ता प्रो. भूषण कुमार सिंह, प्रांतीय नेता अशोक प्रियदर्शी, पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी, कन्हाई शर्मा, प्रेम कुमार, प्रो. योगेंद्र यादव, नवीन शर्मा, चितरंजन सिंह, मनोज कुमार, जयशंकर शर्मा, गौरी शंकर यादव एवं हेमंत शर्मा शामिल हैं।

**जहानाबाद जिला कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग**

## मोहर्रम की नौवीं पर काको पाली में परंपराओं में शामिल हुए गणमान्य लोग

**जहानाबाद।** मोहर्रम की नौवीं के अवसर पर काको पाली में आयोजित पारंपरिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रविकांत कुमार, मुन्ना पत्रकार, खालिद हुसैन, डीपीएम साहब सहित कई सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोग काको पाली पहुंचे और मोहर्रम की परंपराओं में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मोहर्रम के इतिहास, धार्मिक महत्व तथा विभिन्न रस्मों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम त्याग, सत्य, इंसाफ और मानवता का संदेश देता है तथा समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उपस्थित लोगों ने क्षेत्रवासियों से शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान के साथ पर्व मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया और सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।